
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 08 अंकः 72 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

# बरपा हंगामाः संसद में गतिरोध जारी

### बजट सत्र के दूसरे भाग के दूसरे दिन नहीं चली संसद, हंगामे की वजह से स्थगित, यूथ कांग्रेस ने जमकर किया विरोध प्रदर्शन

**पीएम निशाने पर**

= लोकसभा में सुबह सदन की शुरूआत होते ही ही विपक्ष की ओर से अडानी और हिंडनबर्ग से जुड़े मुद्दे को उठाया गया

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**बजट** सत्र के दूसरे भाग के दूसरे दिन मंगलवार को हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही नहीं चल सकी। हालांकि, राज्यसभा में थोड़े समय के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने पर आरआरआर और एलिफेंट विस्पर पर संक्षिप्त चर्चा हुई, लेकिन कार्यवाही पहले दो बजे तक और फिर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में सुबह सदन की शुरूआत होते ही ही विपक्ष की ओर से अडानी और हिंडनबर्ग से जुड़े मुद्दे को उठाया गया। वहीं सत्ता पक्ष राहुल गांधी के विदेश में दिए बयान का मुद्दा उठाता रहा। इस दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी नेताओं को प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया।



लेकिन, हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। फिर दोपहर दो बजे के बाद सदन को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही हंगामे के चलते मंगलवार को दोपहर दो बजे तक और फिर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामा विपक्ष की ओर से अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर चर्चा की मांग और दूसरी तरफ सत्ता पक्ष की ओर से राहुल गांधी की विदेश में की गई टिप्पणी पर कड़े रुख के चलते हुआ।



## राहुल नहीं, सरकार माफी मांगेः अधीर रंजन चौधरी

**कांग्रेस** सांसद और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार संसद नहीं चलाना चाहती। क्या कभी ऐसा देखा गया है कि सत्ताधारी दल के सभी सदस्य संसद को रोकने के लिए हंगामा करते हों? राहुल गांधी को माफी क्यों मांगनी चाहिए? , उन्हें (केंद्र को) माफी मांगनी चाहिए।

## 'विदेश में इस तरह के बयान की शुरूआत भाजपा ने की'

**कांग्रेस** सांसद शशि थरूर ने भी राहुल का बचाव किया। थरूर ने कहा- राहुल ने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में ऐसा कुछ नहीं कहा जिसके लिए माफी की जरूरत हो। उन्होंने केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है।

राज्यसभा में कार्यवाही की शुरूआत ऑस्कर में फिल्म आरआरआर और एलिफेंट विस्पर पर संक्षिप्त चर्चा के साथ हुई। इस दौरान फिल्म और कला जगत से जुड़े सदन के सदस्यों तथा विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने दोनों से जुड़ी टीम को बधाई दी। इसके बाद राज्यसभा में सदन के नेता व केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी की विदेश में की गई टिप्पणी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता ने देश के बाहर जाकर यह बयान दिया है। इसके पीछे कोई मंशा छिपी हुई लगती है। उन्हें

## संसद में राहुल की अटेंडेंस एवरेज से भी कमः अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विपक्ष** ने सत्र के दूसरे दिन भी अडाणी मामले पर जेपीसी की मांग को लेकर हंगामा किया। इसके बाद दोनों सदनों को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। अडाणी-हिंडनबर्ग मामले पर जेपीसी की मांग को लेकर संसद के दोनों सदनों में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा-राज्यसभा को पहले दोपहर दो बजे तक फिर उसके बाद बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले सोमवार को भी इसी मामले पर सदन हंगामे की भेंट चढ़ गया था। इधर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को राहुल गांधी पर निशाना साधा। ठाकुर ने कहा- लोकसभा में कांग्रेस सांसद की उपस्थिति सांसदों की औसत उपस्थिति से भी कम है और वे विदेशों में जाकर कहते हैं कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता।

## शादी सिर्फ अपोजिट सेक्स वालों में संभवः संघ



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**पानीपत** में चल रही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में मंगलवार को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने सेम सेक्स मैरिज पर केंद्र सरकार के नजरिए का समर्थन किया। होसबोले ने कहा कि शादी सिर्फ अपोजिट सेक्स वालों के बीच ही हो सकती है। 12 मार्च को शुरू हुई सभा की 3 दिन की बैठक के आखिरी दिन मंगलवार को दत्तात्रेय होसबोले ने पत्रकारों से बातचीत की। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा संघ की सबसे बड़ी और अहम इकाई है जिसे संघ का थिंक टैंक भी कहा जाता है। संघ से जुड़े सारे अहम फैसले और रणनीति इसी में बनती है। पानीपत में हुई सभा की इस बैठक में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा तीनों दिन मौजूद रहे।

## जम्मू-कश्मीर में एनआईए की रेड जारी



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**टेरर** फंडिंग केस को लेकर नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) जम्मू-कश्मीर में कई लोकेशंस पर छापेमारी कर रही है। कुलगाम, पुलवामा, अनंतनाग और शोपियां में संदिग्ध लोगों के घरों की तलाशी की। एनआईए के साथ पुलिस और सीआरपीएफ के जवान भी इस ऑपरेशन में शामिल रहे। एनआईए ने पुलवामा से एक पत्रकार सरताज अल्ताफ भट को हिरासत में लिया है। वे लोकल न्यूज आउटलेट ग्रोइंग कश्मीर में काम करते हैं। एनआईए पिछले कुछ दिनों से जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के मुखिया और सदस्यों की आतंकी गतिविधियों को लेकर छापेमारी कर रहा है। ये संगठन साइबर स्पेस का इस्तेमाल करके माइनॉरिटीज और सिक्योरिटी पर्सनल को टारगेट कर रहे थे और समुदायों के बीच अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे थे। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि पाकिस्तानी कमांडर्स और हैंडलर्स के कहने पर कई प्रतिबंधित आतंकी संगठनों और उनसे जुड़े छोटे ऑर्गेनाइजेशन फर्जी नाम रखकर घाटी में आतंक फैलाने का काम करते हैं।

## भोपाल गैस पीड़ितों को अतिरिक्त मुआवजा नहीं मिलेगा




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**खारिज**

= केंद्र ने क्यूरेटिव पिटीशन के जरिए डाउ कैमिकल्स से 7800 करोड़ का अतिरिक्त मुआवजा दिलाने की अपील की थी

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को भोपाल गैस पीड़ितों के लिए यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन और उसकी सहायक फर्मों से अतिरिक्त मुआवजा दिलाने की केंद्र सरकार की याचिका को खारिज कर दिया। केंद्र ने 2010 में क्यूरेटिव पिटीशन के जरिए डाउ कैमिकल्स से 7800 करोड़ का अतिरिक्त मुआवजा दिलाने की अपील की थी। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, 1984 में 2-3 दिसंबर की रात को हुए इस हादसे में 3700 लोग मारे गए थे। केंद्र सरकार ने इस राशि की मांग यूनियन कार्बाइड कॉरपोरेशन को खरीदने वाली फर्म डाउ कैमिकल्स से की थी। गैस कांड के बाद यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन ने पीड़ितों को 470 मिलियन डॉलर (715 करोड़ रुपए) का मुआवजा दिया था। केंद्र सरकार की क्यूरेटिव पिटीशन पर 12 जनवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सरकार ने पक्ष रखते हुए कहा था- पीड़ितों को अधर में नहीं छोड़ सकते। बेंच ने कहा कि केस दोबारा खोलने पर पीड़ितों की मुश्किलें बढ़ेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने यूनियन कार्बाइड कार्पोरेशन के पक्ष में फैसला सुनाया।

## 'पीएफआई की भारत को इस्लामिक देश बनाने की साजिश'

**जयपुर/टीम एक्शन इंडिया**

**राजस्थान** में चल रही पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गतिविधियों और हिंसक चरमपंथ के एजेंडे से संबंधित मामले की जांच के प्रमुख हिस्से को पूरा करने के बाद एनआईए ने सोमवार को दो आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की।

**हिंसक घटनाओं के लिए मुस्लिम युवाओं की करते थे भर्तीः** कोटा के मोहम्मद आसिफ उर्फ आसिफ और राजस्थान के बारां के सादिक सर्राफ पर आईपीसी की धारा 120बी, 153ए और



यूएपीए की धारा 13, 17, 18, 18ए और 18बी के तहत आरोप लगाए गए हैं। आरोपित पीएफआई के प्रशिक्षित सदस्य हैं। ये हिंसक घटनाओं को अंजाम देने के लिए

**युवाओं को बनाते थे कट्टरपंथी**

= आरोपित पीएफआई के प्रशिक्षित सदस्य हैं। ये हिंसक घटनाओं को अंजाम देने के लिए पीएफआई के लिए प्रभावशाली मुस्लिम युवाओं की भर्ती करते थे

पीएफआई के लिए प्रभावशाली मुस्लिम युवाओं की भर्ती करते थे।

**मुस्लिम युवाओं को बनाते थे कट्टरपंथीः** एनआइए ने कहा कि आरोपियों ने भोले-भाले मुस्लिम युवाओं को यह विश्वास दिलाकर कट्टरपंथी बना दिया कि भारत में इस्लाम खतरे में है और इसलिए 2047 तक इस्लाम की रक्षा करने और भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करने के लिए पीएफआई कैडरों और समुदाय के लिए खुद को हथियारों के इस्तेमाल में प्रशिक्षित करना आवश्यक था।

**2002 में एनआइए ने पीएफआई के खिलाफ दर्ज किया केसः** पीएफआई के खिलाफ सितंबर 2002 में एनआइए ने केस दर्ज किया था। पीएफआई पर हथियारों की ट्रेनिंग देने का आरोप है।

## नए राज्य के निर्मा कि लिए सरकार के पास कोई प्रस्ताव नही



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा को बताया कि देश में नए राज्य के निर्माण को लेकर केंद्र के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह बात एक लिखित सवाल के जवाब में कही कि क्या सरकार को बुंदेलखंड राज्य के गठन का कोई प्रस्ताव मिला है? राय ने कहा, "विभिन्न मंचों/संगठनों से प्रस्ताव/अनुरोध सरकार को नए राज्यों के निर्माण के लिए अनुरोध प्राप्त होते हैं। हालांकि, वर्तमान में किसी नए राज्य के निर्माण के लिए सरकार के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।"

## थोक महंगाई दर घटकर 3.85 फीसदी पर आई

**टीम एक्शन इंडिया/कवर्धा**

**खुदरा** महंगाई के बाद थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में भी बड़ी गिरावट आई है। फरवरी में थोक महंगाई दर में घटकर 25 महीने के निचले स्तर 3.85 फीसदी पर आ गई है। जनवरी में यह 4.73 फीसदी रही थी, जबकि दिसंबर, 2022 में थोक महंगाई दर 4.95 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि फरवरी में थोक महंगाई दर घटकर 3.85 फीसदी रही है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य पदार्थ का थोक मूल्य सूचकांक फरवरी में घटकर 2.76 फीसदी रही है, जबकि जनवरी में 2.95 फीसदी रही थी। खाद्य पदार्थ की महंगाई दर 3.81 फीसदी रही है, जो जनवरी महीने में 2.38 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक धान की महंगाई दर बढ़कर 8.60 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई है, जबकि जनवरी में 7.18 फीसदी रही थी। गेहूं की महंगाई घटकर फरवरी में 18.54 फीसदी रही है, जो जनवरी में 23.63 फीसदी रही थी। दालों की महंगाई दर 2.59 फीसदी रही है, जो जनवरी में 2.41 फीसदी थी। इसके साथ ही अनाजों की महंगाई दर फरवरी में 13.95 फीसदी रही है, जो जनवरी में 15.46 फीसदी रही थी।

## हिमाचल आर्थिक बदहाली के दौर मेंः सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** सुखविंदर सिंह सुक्खू **ने** कहा है कि हिमाचल प्रदेश आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहा है और इसके लिए पूरी तरह से भाजपा जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश की खस्ता हालत पर बजट सत्र में श्वेत पत्र ला रही है। वे मंगलवार को विधानसभा में विपक्ष द्वारा विधायक क्षेत्र विकास निधि का मुद्दा उठाए जाने के जवाब में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश के हर व्यक्ति पर लगभग एक-एक लाख रुपए का कर्ज है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने सत्ता संभालने के बाद प्रदेश की आर्थिक स्थिति का आकलन किया और पाया कि पूर्व सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में 920 संस्थान बिना बजट के खोल दिए। उन्होंने कहा कि हमने उस व्यवस्था को देखा और व्यवस्था परिवर्तन की ओर चल पड़े।

**विरोध** विधायक क्षेत्र विकास निधि जारी नहीं करने के मुद्दे पर विपक्ष का वॉकआउट

## हिमाचलः बजट सत्र के पहले ही दिन विपक्ष ने दिखाए अपने तेवर


**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हंगामापूर्ण रही। विपक्षी दल भाजपा ने प्रदेश सरकार द्वारा विधायक क्षेत्र विकास निधि जारी नहीं किए जाने के मुद्दे पर सत्र के पहले ही दिन मंगलवार को सदन से वाकआउट कर दिया। भाजपा ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए नियम 67 के तहत काम रोको प्रस्ताव का नोटिस विधानसभा सचिवालय को दिया था। विपक्ष ने सदन में शोकोद्गार खत्म होते ही काम रोको प्रस्ताव का मामला उठाया और विधानसभा अध्यक्ष से विधायक



क्षेत्र विकास निधि के मुद्दे पर तुरंत चर्चा की मांग की। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार पर नियम 67 के तहत उठाए गए विधायक क्षेत्र विकास निधि को मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया। जयराम ने कहा कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति न तो हमारे समय में अच्छी थी और न ही आज अच्छी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी स्थिति अच्छी होने की उम्मीद नहीं है।

इसके बावजूद जनहित के काम नहीं रुकने चाहिए और विपक्ष जनहित में विधायक क्षेत्र विकास निधि जारी करने की मांग कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि विधायक क्षेत्र विकास निधि हर विधायक का अधिकार है और सरकार इसे तुरंत बहाल करें। जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार में सब जगह बंद-बंद का काम चल रहा है। ऐसे में अब सरकार को कहीं कुछ तो खोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने कोविड काल में भी विधायक निधि बंद नहीं की और इसे बढ़ाकर दो करोड़ तक पहुंचा दिया।



# हरियाणा के नक्शे कदम पर चला यूपी

## हरियाणा की परिवार पहचान पत्र योजना को उत्तर प्रदेश ने अपनाया, अब यूपी में भी हरियाणा के पीपीपी की तरह परिवार आईडी होगी जारी

**8 उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने हरियाणा की इस योजना का अध्ययन किया और अब यूपी सरकार इस योजना को लागू करने जा रही है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**भ्रष्टाचार** मुक्त शासन, पारदर्शी व्यवस्था और लोगों की जीवन शैली को सुगम बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नई पहल की हैं जिनकी देशभर में काफी सराहना हुई है और इनमें से कई योजनाओं को दूसरे प्रदेशों ने भी लागू किया है। ऐसी ही योजनाओं में से एक परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) योजना है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य हरियाणा में सभी परिवारों का प्रामाणिक, सत्यापित और विश्वसनीय डेटा तैयार करना है। इसके जरिए परिवारों को प्रत्येक व्यक्तिगत योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होती है। विभिन्न योजनाओं, सब्सिडी और पेंशन के लाभार्थियों का स्वतः चयन किया जाता है। परिवार आईडी डेटाबेस में उपलब्ध डेटा पात्रता निर्धारित करने के लिए उपयोग किया जाता है जिसके माध्यम से लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों का आटोमेटिक स्व-चयन किया जाएगा। हरियाणा की इस योजना को अब उत्तर प्रदेश ने भी अपनाया है। उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने हरियाणा की इस योजना का अध्ययन किया और अब यूपी सरकार इस योजना को लागू करने जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार पीपीपी की तरह 'परिवार आईडी' जारी करेगी। इसके अंतर्गत सरकारी नौकरी, रोजगार या स्वरोजगार से वंचित परिवारों को चिह्नित किया जाएगा। इसके तहत हर परिवार के कम से कम एक सदस्य को नौकरी, रोजगार तथा स्वरोजगार के साथ जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। यूपी सरकार द्वारा शीघ्र ही ऐसे परिवारों की मैपिंग कराई जाएगी, जिनके किसी सदस्य ने कभी सरकारी नौकरी प्राप्त नहीं की। उल्लेखनीय है कि हरियाणा ने नई-नई योजनाएं शुरू कर केंद्र और अन्य राज्यों के सामने मिसाल कायम की है। इन योजनाओं को बाद में कई राज्यों ने अपने यहां अपनाया है। हरियाणा की लाल डोरा मुक्त करने की योजना को केंद्र ने पूरे देश में स्वामित्व योजना के नाम से लागू किया है। कई राज्य अभी भी प्रदेश की विभिन्न योजनाओं का अध्ययन कर रहे हैं। पिछले दिनों गुजरात का एक प्रतिनिधिमंडल हरियाणा की खेल नीति और उत्तराखंड का एक प्रतिनिधिमंडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का अध्ययन करने यहां पहुंचा था।
इसी तरह कई अन्य राज्य भी हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का अध्ययन कर रहे हैं और अपने राज्यों में इन जनहितैषी नीतियों को लागू करने की योजना बना रहे हैं। यह मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन का ही नतीजा है कि हरियाणा विभिन्न योजनाओं को सफलता से शुरू करने में बढ़त बनाए हुए है।

## पहली बार एक साथ हुआ कृषि-पशु मेलों का आयोजन

**वर्ष** 1966 हरियाणा गठन के बाद शायद यह पहला अवसर था जब एक साथ कृषि एवं पशु मेलों का आयोजन प्रदेश में हुआ है। कृषि विश्वविद्यालय व पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से लोगों ने ग्रामीण समृद्धता के बारे जानकारियां ली हैं। दोनों जगह मुख्यमंत्री लोगों से रूबरू हुए और अपने संबोधन में उन्होंने केंद्रीय बजट के साथ-साथ अपने बजट में भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था दोहन की भावी योजनाओं की जानकारियां लोगों को दी। दोनों जगह मुख्यमंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की शिकायतों को स्वयं सुना और मुख्यमंत्री की इस पहल का लोग तहे दिल से प्रशंसा करते नजर आये। कम से कम लोगों को इस बात का संतोष था कि प्रदेश का मुखिया सीधा उनसे संवाद कर रहा है। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकांश शिकायतों का समाधान करवाया। यहां तक कि दादरी में एक शिकायत पर एक युवक को नौकरी भी ज्वाइन करवाई। इस प्रकार मुख्यमंत्री का जनसंवाद कार्यक्रम लोगों को खूब रास आ रहा है।

## मुख्यमंत्री का जनसंवाद कार्यक्रम लोगों को आ रहा है रास

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पहल पर कृषि व किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने पहली बार कृषि विकास मेला तथा राज्य स्तरीय पशु मेले का साथ-साथ आयोजन करवा कर रंगों के त्योहार होली को किसानों व पशुपालकों के लिए शुभ बना दिया। मेलों का आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का दोहन कर किसानों व गांवों को समृद्धि की ओर ले जाने पर केंद्रित रहा। वित्त मंत्री के रूप में, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने 2023-2024 के बजट अभिभाषण में गांवों को समृद्ध बनाने पर फोकस किया है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में 10-12 मार्च, 2023 तक हरियाणा कृषि विकास मेला का आयोजन किया गया जहां हरियाणा के ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्यों के किसानों ने भी अपनी हाजरी दर्ज कराई और मेले के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने जलवायु परिवर्तन के चलते फसल चक्र में आ रहे बदलाव पर विकसित की जा रही फसलों की नई-नई किस्मों व तकनीक की जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर 11-13 मार्च, 2023 को चरखी दादरी में आयोजित राज्य स्तरीय पशुधन मेले में उत्तम किस्म के पशु देखने को मिले और लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के वैज्ञानिकों ने लोगों को पशुधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

# कृषि मंत्री ने कष्ट निवारण समिति की ली बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/सिरसा**
हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। लोगों को यह नौबत ही न आए कि उन्हें अपनी शिकायतों को समिति में रखना पड़े। इसलिए अधिकारी अपने स्तर पर ही आमजन की शिकायतों के समाधान का प्रयास करें।जे.पी. दलाल के समक्ष सिरसा में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में 15 शिकायतें रखी गई, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।
**फर्जी हस्ताक्षर लोन मामले में बैंक से रिकॉर्ड तलब, जिम्मेवार अधिकारी पर होगी कार्रवाई:**
गांव बकरियांवाली की कविता रानी ने शिकायत रखी कि किसी ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से लोन ले लिया । इस पर संज्ञान लेते हुए जेपी दलाल ने पुलिस को निर्देश दिए कि फर्जी हस्ताक्षर कर लोन लेने के मामले में बैंक से रिकॉर्ड तलब किया जाए। यदि कोई भी बैंक अधिकारी या कर्मचारी जो भी दोषी पाया जाता है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।
**राइट टू सर्विस के तहत हो इंतकाल दर्ज, लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई:** कृषि मंत्री ने देरी से इंतकाल दर्ज किए जाने बारे एक शिकायत की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी इंतकाल राइट टू सर्विस एक्ट के तहत दर्ज किए जाएं। उन्होंने रानियां इंतकाल मामले में संबंधित के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। दलाल ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि पानी की टेस्टिंग कर रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाए। इसी प्रकार, मंडी डबवाली निवासी महिलाओं की मांग पर रिहायशी एरिया से शराब ठेका हटवाने बारे कृषि मंत्री ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए थे। बैठक में विभाग की ओर से बताया गया कि समस्या का समाधान कर दिया गया है।

# हमारे विद्यार्थी ही कल के भारत का भविष्य हैं: राज्यपाल बंडारू



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि हमारे विद्यार्थी ही कल के भारत का भविष्य हैं। बच्चे विद्यार्थी काल से ही अपने जीवन का एक लक्ष्य निर्धारित कर उस पर लग्न से जुट जाएं, उन्हें सफलता अवश्य प्राप्त होगी। बच्चे अपनी इच्छा अनुसार मेहनत से सब कुछ हासिल सकते हैं। बंडारू दत्तात्रेय उनसे राजभवन में शिष्टाचार भेंट करने आए विभिन्न आरोही माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूलों की छात्राओं और अध्यापकों से बातचीत कर रहे थे। मुलाकात के दौरान आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सौंगरी, गुल्याणा की 11वीं कक्षा की छात्रा काजल ने राज्यपाल को उनका पोर्ट्रेट भेंट किया।
इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के इन स्कूलों में आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, घसो खुर्द, उचाना, जींद, आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खेड़ी, लोहचब, नारनौंद, आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सौंगरी, गुल्याणा के अध्यापक गण एवं छात्राएं शामिल थे।
उन्होंने अध्यापकों का आह्वान करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में लग्न की कोई कमी नहीं है। आपको उन्हें अच्छी तरह से तैयार करना है। उन्होंने अध्यापकों को कहा कि वे अपने को वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलती हुई दुनिया के अनुसार अपडेट रखें। हमारे शिक्षा कार्यक्रमों में अध्यापकों का समय-समय पर आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण अत्यंत जरूरी है। तब ही वे बच्चों को भी समकालीन जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षित कर सकेगें।

## एसीबी ने मीटर रीडर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/फरीदाबाद**
- हरियाणा के फरीदाबाद जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने खराब बिजली मीटर को बदलने की एवज में 4000 रुपये की रिश्वत लेते दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के मीटर रीडर को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि एसीबी ने पकड़े गए मीटर रीडर के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि गांव फतेहपुर, फरीदाबाद निवासी बलबीर सिंह ने एसीबी को शिकायत दी थी कि उसके घर का खराब बिजली मीटर को बदलने की एवज में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम छायसा, फरीदाबाद में तैनात मीटर रीडर रवि कुमार रिश्वत की मांग कर रहा है।

# 'ध्यान भटकाने के लिए राहुल गांधी पर बयानबाजी'

**8 राहुल ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया, जिसको लेकर उन्हें माफी मांगनी पड़े: पूर्व सीएम हुड्डा**



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**हरियाणा** के रोहतक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान वे राहुल गांधी के बचाव में उतरे और उल्टा बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा लोगों को भटकाने के लिए बयानबाजी कर रही है। साथ ही कृषि मंत्री जेपी दलाल व अभय सिंह चौटाला पर भी निशाना साधा। राहुल गांधी के विदेशों में दिए बयानों पर हुड्डा ने जवाब देते हुए कहा कि राहुल ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया, जिसको लेकर उन्हें माफी मांगनी पड़े। उनके बयान में देश के खिलाफ कोई बात नहीं है। बीजेपी के लोग मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए ऐसी बयानबाजी करते रहते हैं।
**ईडी व सीबीआई की छापामारी से फर्क नहीं पड़ता:** हुड्डा ने विपक्षी नेताओं पर ईडी और सीबीआई की छापामारी पर कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। जिसने जो किया होगा वह भुगतेगा। सरकारी एजेंसियों का राजनीतिक फायदे के लिए दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। हम न्यायिक व्यवस्था पर विश्वास रखते है।
**अभय चौटाला हैं भाजपा के दबाव में:** अभय सिंह चौटाला ने पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा पर आरोप लगाया था कि वे भाजपा के दबाव में हैं। उन्हें केसों का डर है, इसलिए वे नहीं बोल रहे।

## भाजपा व जजपा सरकार पर उठाए सवाल

**भूपेंद्र** हुड्डा ने बढ़ती महंगाई को लेकर प्रदेश की भाजपा व जजपा सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं के साथ नौकरियों में धोखा कर रही है। हरियाणा में बाहरी राज्यों के युवाओं को सोशल इकोनॉमी के नंबरों की छूट देकर नौकरियां दे रही है। अभी जो भर्ती हुई है। उसमें हरियाणा प्रदेश के 15 प्रतिशत भी युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही।
**खेती की लागत बढ़ी, लेकिन दाम नहीं:** उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आमदनी दोगुनी करने की बात करते है, जबकि किसानों की लागत बढ़ रही है और लागत के मुकाबले दाम कम मिल रहे है। उन्होंने कहा कि सरसों की खरीद तक शुरू नहीं हुई है, जबकि किसान की सरसों उनके खेत व घर जा चुकी है।

# 'राहुल ने भारत के लोकतंत्र के खिलाफ बोलकर किया विश्वासघात'

**8 यदि वे माफी नहीं मांगते हैं तो भारत के सभी देशभक्तों को राहुल और इनकी पार्टी का बहिष्कार करना चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा कि इंग्लैंड में जाकर भारत के लोकतंत्र के खिलाफ बोलना देश के साथ विश्वासघात है, राहुल को अपनी गलती पर माफी मांग लेनी चाहिए। विज ने कहा कि यदि वे माफी नहीं मांगते हैं तो भारत के सभी देशभक्तों को राहुल गांधी और इनकी पार्टी का हर प्रकार से बहिष्कार करना चाहिए। हरियाणा के मंत्री अनिल विज मंगलवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मंत्री विज ने ट्वीट करके भी कहा कि लंदन में राहुल गांधी ने भारत के लोकतंत्र का अपमान किया है। वे देश से माफी न मांगने पर सभी देशभक्त भारतवासियों को राहुल गांधी और उसकी कांग्रेस पार्टी का बहिष्कार करना चाहिए। इनके साथ व्यापारिक वा निजी संबंध भी तोड़ देने चाहिए। उन्होंने कहा कि हर देशभक्त भारतवासी को इनका हर प्रकार से बहिष्कार करना चाहिए। इनके कार्यक्रमों का और निजी कार्यक्रमों का भी बहिष्कार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा जो व्यापारिक संस्थान चलाए जा रहे हैं, उनका भी बहिष्कार करना चाहिए।

# अनुसूचित जाति के 2556 लोगों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई

**8 निगम द्वारा अनुसूचित जातियों से संबंधित लोगों को विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत ऋण मुहैया करवाया जाता है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान फरवरी, 2023 तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जातियों के 2556 लाभार्थियों को 2026.19 लाख रुपये की वित्तीय सहायता मुहैया करवाई है, जिसमें 165.71 लाख रुपये की सब्सिडी भी शामिल है। निगम के प्रवक्ता ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि निगम द्वारा अनुसूचित जातियों से संबंधित लोगों को विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत ऋण मुहैया करवाया जाता है ताकि वे अपना कारोबार और स्व-रोजगार स्थापित कर सकें। इन श्रेणियों में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र, व्यापार और कारोबार क्षेत्र तथा स्व-रोजगार क्षेत्र शामिल हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की सहायता से लागू योजनाओं के तहत भी उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।
प्रवक्ता ने बताया कि कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र के अंतर्गत 927 लाभार्थियों को डेरी फार्मिंग, भेड़ पालन, सूअर पालन और झोटा-बुग्गी के लिए 660.98 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध करवाया गया है। इनमें से 601.37 लाख रुपये बैंक ऋण और 59.51 लाख रुपये सब्सिडी के रूप में जारी किए गए हैं। इसी प्रकार, व्यापार और कारोबार क्षेत्र के अंतर्गत 41 लाभार्थियों को 21.90 लाख रुपये की राशि मुहैया करवाई गई जिसमें से 17.27 लाख रुपये बैंक ऋण, 2.44 लाख रुपये सब्सिडी और 2.19 लाख रुपये मार्जिन मनी के रूप में जारी किए गए।
उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसएफडीसी) सहायता प्राप्त योजनाओं के तहत स्वरोजगार की विभिन्न योजनाओं के तहत 162 लाभार्थियों को 148.90 लाख रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई गई। इसमें राष्ट्रीय अनुसूचित वित्त एवं विकास निगम का प्रत्यक्ष ऋण हिस्सा 115.55 लाख रुपये और हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम का प्रत्यक्ष हिस्सा 25.69 लाख रुपये है।

# 10 में से सात शिकायतों का मौके पर ही किया निवारण

**8 महिला की ऋण भरने का लेकर आ रही समस्या के हल के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 10 में से सात शिकायतों का मौके पर ही निवारण करते हुए एक महिला की ऋण भरने का लेकर आ रही समस्या के हल के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विधायक मोहनलाल बड़ौली की मांग पर सालासर धाम व खाटू श्याम यात्रा के लिए रोडवेज बस की सुविधा उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की। मूलचंद शर्मा सोनीपत में जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन कर अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। इस दौरान ऋषि कालोनी की कुसुम बंसल की ऋण की किश्त भरने की समस्या को गंभीरता से समझते हुए परिवहन मंत्री ने संबंधित कंपनी के प्रतिनिधि को सकारात्मक रूख अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।
इस मामले में उन्होंने उचित समाधान के लिए एक कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए।

# शहर में बढ़ते आपराधिक वारदातों के खिलाफ बंद रहा फतेहाबाद

**8 बढ़ती अपराधों को लेकर दुकानदारों में रोष था कि बिना किसी दबाव में अपनी दुकानें बंद रखकर शहर बंद को समर्थन दिया**



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
शहर में बढ़ती आपराधिक वारदातों और नशे के खिलाफ विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों द्वारा मंगलवार को सांकेतिक फतेहाबाद बंद का व्यापक असर देखने को मिला। दोपहर 12 बजे तक शहर के सभी बाजारों में दुकानें पूरी तरह बंद रही। बढ़ती अपराधों को लेकर दुकानदारों में इतना रोष था कि उन्होंने बिना किसी दबाव में अपनी दुकानें बंद रखकर शहर बंद को समर्थन दिया। अनेक सामाजिक संगठनों के सदस्यों के अलावा व्यापारिक व किसान संगठनों से जुड़े लोग व आम शहरवासी अनाज मण्डी शेड के नीचे एकत्रित हुए। यहां से शहरभर में रोष प्रदर्शन किया। रोष प्रदर्शन करते हुए शहरवासी लाल बत्ती चौक पहुंचे और सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में मौके पर पहुंचे अतिरिक्त उपायुक्त को सामाजिक व व्यापारिक संगठनों द्वारा मांग पत्र सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता व जिंदगी संस्था के अध्यक्ष हरदीप सिंह ने पुलिस प्रशासन को 7 दिन का समय देते हुए कहा कि अगर इस दौरान पुलिस अपराधियों पर सख्त कार्यवाही नहीं करता तो संगठनों द्वारा बैठक कर आगे के आंदोलन की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज शहर की आम जनता बढ़ते अपराधों व गुण्डागर्दी से भय के साये में जीने को मजबूर है। शाम ढलते ही आम आदमी बाजार में निकलने से डरता है। पुलिस प्रशासन की नाकामी के चलते अपराधियों के हौंसले बुलंद हो चुके हैं। पिछले दो दिनों से भले ही पुलिस ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है लेकिन इसके बावजूद लूटपाट व गुण्डागर्दी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही। उन्होंने कहा कि शहर बंद को असफल करने को लेकर कुछ लोगों द्वारा जमकर दुष्प्रचार किया गया लेकिन शहरवासी एकजुट रहे और इस ऐतिहासिक बंद को सफल बनाया। नगरपरिषद कार्यालय के बाहर बंद को फेल करने की कोशिशों में लगे पार्षदों को आड़े हाथ लेते हुए हरदीप सिंह ने कहा कि इन पार्षदों को जनता द्वारा चुना गया है। ऐसे में इनका कर्तव्य है कि वे आम जनता के नुमाईंदें बनकर उनके साथ चले लेकिन कुछ लोग पुलिस के चापलूस बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर इन जनप्रतिनिधियों का ऐसा ही व्यवहार रहा तो जनता इन्हें दोबारा मौका नहीं देगी।
**शहर बंद को सफल बनाने पर व्यापार मंडल ने दुकानदारों का किया धन्यवाद:** फतेहाबाद। व्यापार मंडल के आह्वान पर मंगलवार को शहर बंद के समर्थन में दुकानदारों ने दोपहर 12 बजे तक अपनी दुकानें बंद रखी। बंद को सफल बनाने में सहयोग करने पर व्यापार मंडल ने सभी दुकानदारों का धन्यवाद किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक नारंग, उपाध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने कहा कि फतेहाबाद एक छोटा शहर है। शहर के अंदर स्थित बस अड्डा, नागरिक अस्पताल व पुलिस स्टेशन को शहर से काफी बाहर निकाल देना ही फतेहाबाद के विकास को खत्म करना है।

# कैबिनेट मंत्री ने गांव डांगरा में विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**मंगलवार** को प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने गांव डांगरा में चल रहे विकास कार्यो का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गांव में करवाए जा रहे विकास कार्यो की गुणवत्ता को भी चेक किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता पूर्वक करवाने के लिए गांव के लोगों का सहयोग भी जरूरी है। इस दौरान गांव डांगरा सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप मूंड, मिट्ठू नम्बरदार, सरपंच बिडाईखेडा रमेश, सतपाल मूंड, रोहतास, उम्मेद मूंड, पम्मी डांगरा, सतबीर, अनिल मूंड, सुरेश, बूटा सिंह, हनुमान, छबिलदास, दर्शन, राजबीर बुडानिया, राजेन्द्र बुडानिया सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री ने गांव डांगरा की गलियों, पीने के पानी की व्यवस्था, नालियां, साफ सफाई, स्टेडियम एवं जोहड़ सहित पूरे गांवों का दौरा कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गांवों में जो भी विकास कार्य करवाने वाले है, सरपंच सभी कार्यो का जल्द प्रस्ताव भेजे। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के लिए सरकार के पास पैसे कोई कमी नहीं है। गांवों के विकास कार्यों में धन राशि की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

# डिप्टी स्पीकर ने विभिन्न गांवों के सड़क मार्गों किया शिलान्यास

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री खेत खलिहान सडक योजना के तहत गांव स्याहड़वा, पायल, रावतखेड़ा, चिड़ौद, देवां, मंगाली, हरिकोट, कैमरी तथा शाहपुर में बनने वाले विभिन्न मार्गों का शिलान्यास किया। उन्होंने प्रत्येक गांव में नागरिकों की जन-समस्याएं भी सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनका निराकरण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को गांव और खेत के बीच आवागमन की बेहतर सुविधा मुहैया करवाने के लिए ग्राम खेत खलिहान योजना की शुरूआत की है। योजना के तहत गांव से लेकर खेतों के रास्तों को पक्का किया जा रहा है। इसी प्रकार से ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत कार्य प्रगति पर



है। इस योजना के तहत जलघरों का जीर्णोद्धार, विस्तारीकरण, नई पाइप लाइन बिछाने के अतिरिक्त अनेक कार्य करवाए जा रहे हैं। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि गांवों में उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली उपलब्ध करवाने के लिए म्हारा गांव-जगमग गांव योजना को शुरू किया गया है।

**8 प्रत्येक गांव में नागरिकों की जन-समस्याएं भी सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनका निराकरण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए**

नागरिकों को 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए चिरायु योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सिंचाई सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए नालियों के निर्माण एवं मरम्मत संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, जिलाध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र (वीर चक्र), खंड हिसार द्वितीय के चेयरमैन अजय गावड़, बलजीत फौगाट सहित अधिकारी/कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।


# खेत में पकड़ी अफीम की खेती, गन्ने की फसल के बीच उगाए थे

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
नशे की खेती करने वालों पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने गांव हुकमावाली के एक खेत में छापेमारी की। छापेमारी में पुलिस ने पाया कि एक किसान ने खेत में गन्ने की फसल के बीच अफीम की खेती की हुई थी। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अफीम के 11 पौधे बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी की पहचान शेर सिंह निवासी हुकमावाली के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर रतिया में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार नागपुर पुलिस चौकी की टीम चौकी इंचार्ज एएसआई चिमन लाल के नेतृत्व में गश्त के दौरान जब गांव हुकमावाली के पास पहुंची तो गांव हुकमावाली निवासी शेर सिंह ढाणी के समीप खेत में गन्ने की फसल में अफीम के पौधों की भी खेती कर रखी है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए मौके पर जाकर दबिश दी और उक्त आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से 11 पौधे हरे अफीम बरामद किए।
पुलिस ने पौधों को कब्जे मे लेकर उसके खिलाफ आगामी कार्यवाही शुरू कर दी। बता दें कि इससे पहले 13 फरवरी को बीघड़ क्षेत्र में एक किसान के खेत से अफीम की खेती मिली थी।

# 'हरियाणा सरकार की कमजोरी के चलते रेल कोच फैक्ट्री, इंटरनेशनल एअरपोर्ट हरियाणा से चला गया'

## सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के सवाल पर रक्षा विवि के निर्माण पर संसद में ने तीसरी बार वही जवाब दोहराया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने गुरुग्राम में मंजूरशुदा रक्षा विश्वविद्यालय के निर्माण की प्रगति पर सवाल पूछा तो सरकार ने तीसरी बार वही पुराना जवाब दोहराया। सरकार ने 25 नवंबर, 2016 को जवाब दिया कि चारदीवारी, गार्ड रूम, वाच टॉवर, पेरीमीटर रोड का काम पूरा; फिर 4 अप्रैल,2022 को भी सरकार ने इस सवाल का वही जवाब दोहराया और अब 13 मार्च, 2023 को भी रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने वही जवाब देते हुए कहा कि चारदीवारी, गार्ड रूम, वाच टॉवर, पेरीमीटर रोड का काम पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि दुःख इस बात का है कि हरियाणा की गठबंधन सरकार इतनी कमजोर है कि वो केंद्र सरकार से इस बात की चर्चा भी नहीं कर पा रही कि ये विश्वविद्यालय बनाया जाए। केंद्र, हरियाणा सरकार की इसी कमजोरी का फायदा उठा रही है




और इससे प्रदेश को बड़ा नुकसान हो रहा है। हरियाणा सरकार की इसी कमजोरी के चलते पहले रेल कोच फैक्ट्री और इंटरनेशनल एअरपोर्ट हरियाणा से चला गया। अगर हरियाणा सरकार का ऐसा ही कमजोर रवैया रहा तो संसद से ये जवाब भी आ सकता है कि हरियाणा का रक्षा विश्वविद्यालय किसी दूसरे प्रदेश में चला गया। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा दौर की रक्षा चुनौतियों को देखते हुए देश को इस रक्षा विश्वविद्यालय की सख्त जरूरत है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि 1999 में कारगिल रिव्यू कमेटी द्वारा भारत की सुरक्षा प्रबंधन व्यवस्था की कमियों को सामने लाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आईएनडीयू) का प्रस्ताव रखा गया था। मई 2010 में काफी प्रयासों के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल से इसे गुड़गांव में स्थापित करने को मंजूरी दिलायी गयी। सितंबर 2012 में इसकी जमीन अधिग्रहण का काम पूरा किया गया। रक्षा विश्वविद्यालय की आधारशिला 23 मई, 2013 को तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने रखी थी। हम जितना काम कराकर गए बस वही काम हुआ है। पिछले 9 साल से केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार है लेकिन रक्षा विश्वविद्यालय में एक नयी ईंट तक नहीं जोड़ी गई।
उन्होंने कहा कि 205 एकड़ जमीन पर बनने वाले इस रक्षा विश्वविद्यालय के तहत डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ डिस्टेंस एंड ओपन लर्निंग, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस टेक्नॉलाजी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट, आईआईटी, नेशनल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज की स्थापना की जानी थी। इस रक्षा विश्वविद्यालय के शुरू होने से सेना की सामरिक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती साथ ही चौतरफा विकास होता और हरियाणा के लाखों युवाओं

# दीपक हत्याकांड मामले में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
करीब नौ माह पूर्व दो पक्षों में हुए लड़ाई-झगड़े में जख्मी हुए दीपक की उपचार के बाद मौत मामले में फरार चल रहे आरोपी को मंगलवार अपराध शाखा डीएलएफ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में क्राइम ब्रांच द्वारा 19 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राहुल उर्फ बिल्लोरी है, जो फरीदाबाद की न्यू जनता कॉलोनी एरिया का रहने वाला है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 26 जून की रात पुलिस चौकी एनआईटी-3 एरिया में लड़ाई झगडा हुआ था। इस झगड़े में आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 35 वर्षीय दीपक पर किसी रंजिश के चलते लाठी-डंडों से हमला किया था। पीड़ित युवक सफदरजंग हॉस्पिटल में एडमिट था, जिसकी 28 जून को मृत्यु हो गई। पीड़ित पक्ष की तरफ से पुलिस में शिकायत दी गई जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की गई।

# मोदी के खिलाफ बोलते-बोलते अब देश के खिलाफ बोलने लगे कांग्रेस नेताः कृषि मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**हरियाणा** के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने राहुल गांधी की बयानबाजी पर पलटवार करते हुए कहा है कि अब नहीं, तानाशाही इंदिरा के राज में थी। साथ ही कहा कि विपक्षों घपले कर जो धन कमाया, वो देश को वापस होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सत्ता पाने के लिए देश का अपमान करने या गिरवी रखने को तैयार है। वे मंगलवार को यहां अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। मीडिया से मुखातिब होते राहुल के बयान व कांग्रेस के प्रदर्शन सहित विपक्षों खिलाफ हो रही ईडी व सीबीआई की कार्यवाही पर बेबाकी से अपनी राय रखी और जमकर पलटवार किया। सबसे पहले हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी ने राहुल गांधी द्वारा केंब्रिज यूनिवर्सिटी में दिए बयान पर बताया कि जनता द्वारा बार-बार



रिजेक्ट करने वाले नेता मोदी से नफरत करने लगे हैं। अब वो मोदी के साथ देश के खिलाफ बोलने लगे हैं। अब ऐसे नेताओं को इतनी बड़ी पार्टी का नेतृत्व करने का अधिकार नहीं। जेपी दलाल ने कहा कि सच तो ये है कि तानाशाही अब नहीं, इनके परिवार की प्रधानमंत्री के समय थी, जब उन्होंने कानून व संविधान को रौंद कर आपातकाल लगाया था। वहीं हिंडनबर्ग की रिपोर्ट मामले में जेपीसी की मांग को लेकर चंडीगढ़ में कांग्रेस के प्रदर्शन पर जेपी दलाल ने कहा कि ये विदेशी ताकतों से मिलकर षडयंत्र से सत्ता पाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब सत्ता पाने के लिए देश का अपमान करने या देश गिरवी रखने तक तैयार हो गई है। ईडी व सीबीआई की कार्यवाही केवल विपक्ष के नेता पर होने पर कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि कानून उसी पर कार्यवाही करेगा, जो गलत काम करता है।

# हरियाणा की जेलों में कैदियों को मिलेंगे फ्लैट, बाहर जाकर भी कर सकेंगे काम

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा में विभिन्न अपराधों में सजा काट रहे कैदियों को अब उनके अच्छे व्यवहार पर दो बेडरूम वाले फ्लैट में रहने की सुविधा मिलेगी। इतना ही नहीं, वह जेलों से बाहर जाकर भी अपनी पसंद का काम कर सकेंगे। ओपन जेल योजना के तहत उन्हें यह सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मंजूरी के बाद जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने योजना को सिरे चढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। पहले चरण में




करनाल और फरीदाबाद की जेलों में बंद कैदियों को यह सुविधा मिलेगी। खास बात यह कि कैदियों को फ्लैट के लिए कोई शुल्क नहीं चुकाना होगा।
दरअसल जेल परिसर के भीतर उपलब्ध फ्लैटों के नवीनीकरण के लिए वर्ष 2018 में सरकार ने बजट जारी किया था। यह फ्लैट उन कैदियों को दिए जाएंगे जिन्होंने अधिकतर सजा पूरी कर ली है और जिनका व्यवहार संतोषजनक है।
ओपन जेल योजना के तहत ऐसे कैदियों को फ्लैट देने के लिए चयनित करने का काम शुरू हो गया है। उच्च अधिकारियों की मंजूरी मिलते ही चयनित कैदियों को परिवार सहित फ्लैट में शिफ्ट कर दिया जाएगा। इन फ्लैटों को जेल कर्मचारियों के लिए बनाया गया था, लेकिन कई पिछले कई सालों से यह खाली पड़े हैं। कैदियों को इन फ्लैट में शिफ्ट करने के बाद आवंटी जेल के बाहर काम करने के लिए स्वतंत्र होंगे। हालांकि उन्हें जेल के 10 किलोमीटर के दायरे में ही काम करने की मंजूरी होगी और उन्हें शाम को वापस अपने आवास पर रिपोर्ट करना होगा।

# तकाल की फीस 300 रुपये, वसूल रहे 400 रुपये

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
नेशनल आरटीआई अवार्डी 12 क्वार्टर निवासी रमेश वर्मा ने एक स्टिंग ऑपरेशन करके हिसार के तहसील कार्यालय में इंतकाल के नाम पर निर्धारित 300 रुपये के शुल्क के स्थान पर जबरदस्ती 400 रुपये वसूलने के मामले का खुलासा किया है। मंगलवार को उन्होंने इस बारे में विजिलेंस के पुलिस महानिदेशक, हिसार उपायुक्त व हिसार के पुलिस अधीक्षक को शिकायत भी कर दी है। जांच के दौरान मांगने पर पूरे घटनाक्रम की वीडियो भी उपलब्ध करवाने के लिए कहा है। अपनी शिकायत में उन्होंने मंगलवार को कहा कि पिताजी के देहांत के बाद सोमवार 13 मार्च को अपने मकान के इंतकाल के लिए शपथ-पत्र तैयार करवाया, उसको अपने साथी एडवोकेट कुमार मुकेश के माध्यम से तहसील में शपथ पत्र सत्यापित करवाया। इसके बाद शपथ-पत्र को तहसीलदार से सत्यापित करवाया और फिर दोपहर करीब तीन बजे कमरा नंबर 110 के बाहर बनी खिड़की पर इंतकाल दर्ज करने की कार्रवाई के लिए गया तो वहां पर करीब डेढ़ घंटे तक इंतजार करवाया। यह भी कहा कि आज

**8 बैठे कर्मचारी ने कंप्यूटर से फोटो ली और 400 रुपये मांगे और फिर 300 रुपये की रसीद दे दी**

आपका काम नहीं हो पाएगा। इसके बाद बारी का इंतजार किया और करीब डेढ़ घंटे बाद बारी आई। वहां पर बैठे कर्मचारी ने कंप्यूटर से फोटो ली और 400 रुपये मांगे और फिर 300 रुपये की रसीद दे दी।
रसीद पर हस्ताक्षर के स्थान पर सुरेश 10 की आईडी लिखी हुई है। हालांकि तहसील से जानकारी ली तो अधिकर लोगों ने संबंधित क्लर्क का नाम भी सुरेश ही बताया। जब क्लर्क से कहा कि सरकारी फीस तो 300 रुपये है तो उसने कहा कि 100 रुपये रपट की फीस है और 400 रुपये ही लगते हैं। उन्होंने बताया कि इस पूरी बातचीत की उन्होंने अपने मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग कर ली और बाद में तुरंत उपायुक्त कार्यालय में जाकर शिकायत कर दी और विजिलेंस पुलिस महानिदेशक तथा हिसार पुलिस अधीक्षक को स्पीड पोस्ट से शिकायत भेज दी।

# बारात में आए युवकों की कार पेड़ से टकराई, एक की मौत

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले** के गांव डूल्ट में एक शादी समारोह में भाग लेकर लौट रहे युवकों की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए तुरंत भूना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार गांव डूल्ट के पास एक ढाणी में गत रात्रि विवाह समारोह था। बारात में भिवानी के गांव मीरान से दो भाई 32 वर्षीय राजेश और 28 वर्षीय विकास व उनका रिश्तेदार ढाणी दयाचंद खेड़ा निवासी 38 वर्षीय सुनील भी आये हुए थे। बताया जा रहा है कि आधी रात को कार में सवार होकर वापसी के लिए निकले थे। अभी वो ढाणी से कुछ ही दूर चले थे कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। बताया गया है कि हादसे में राजेश की मौके पर ही मौत हो गई।

# बोर्ड का गणित का पेपर लीक, पांच पर केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत** में एक बार फिर मंगलवार को पेपर लीक हो गया।
खंड गन्नौर में गांव आहुलाना स्थित स्कूल से पेपर लीक हुआ। फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया था। पेपर के तीन अलग-अलग कोड लीक किए गए थे। चेयरमैन फ्लाइंग टीम ने की कार्रवाई करते हुए तीन छात्रों, एक प्राइवेट स्कूल टीचर और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।
गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल




आहुलाना गन्नौर से यह पेपर लीक हुआ था। पेपर लीक होने के बाद बारकोड के आधार पर हुई पुष्टि हुई सेंटर पर दो टीचर

**8 दसवीं कक्षा का मैथ का था पेपर था इस परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने वाले सभी के पेपर रद्द कर दिए गए हैं**

रिलीव किये गए हैं। परीक्षा केंद्र को रद्द कर दिया गया। आरोप है कि प्राइवेट स्कूल का टीचर नकल करवा रहा था। मंगलवार को दसवीं कक्षा का मैथ का था पेपर था इस परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने वाले सभी के पेपर रद्द कर दिए गए हैं। मौके पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हिसारः नशीली दवाइयां रखने के दोषी को 15 साल कैद, एक लाख जुर्माना

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत की अदालत ने 19 हजार से ज्यादा नशीली गोलियां रखने के दोषी को 15 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर एक लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया है। सरकारी वकील अमित मेहता ने मंगलवार को बताया कि इस संबंध में जिले की आदमपुर थाना पुलिस ने 25 अप्रैल 2019 को मादक द्रव्य अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। अदालत में चले अभियोग के अनुसार पुलिस के स्पेशल स्टाफ की एक टीम घटना वाले दिन सीसवाल गांव में मौजूद थी, तभी महलसरा की तरफ

**8 सरकारी वकील अमित मेहता ने मंगलवार को बताया कि इस संबंध में जिले की आदमपुर थाना पुलिस ने 25 अप्रैल 2019 को मादक द्रव्य अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था**
**8 अदालत में चले अभियोग के अनुसार पुलिस के स्पेशल स्टाफ की एक टीम घटना वाले दिन सीसवाल गांव में मौजूद थी, तभी महलसरा की तरफ से बाइक पर एक व्यक्ति आया था**

से बाइक पर एक व्यक्ति आया था। पुलिस कर्मियों ने बाइक रोकने का इशारा किया तो चालक ने बाइक मोड़ने का प्रयास किया था। पुलिस कर्मियों ने उसे धर दबोचा था। ड्राइवर ने पूछने पर खुद को सीसवाल का दिनेश बताया था। उसकी बाइक पर प्लास्टिक का एक कट्टा रखा था। पुलिस कर्मियों ने कट्टा खोलकर चैक किया तो उसमें से 19 हजार 366 नशीली प्रतिबंधित गोलियां और 37 शीशी मिली थी। आदमपुर थाना पुलिस ने दिनेश के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था।

# सरकारी अस्पताल में जन्में बच्चे का उसी दिन जारी होगा जन्म प्रमाण पत्र

## भविष्य में कभी जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में समय ना लगे, जिस दिन बच्चे का जन्म हो उसी दिन बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र तैयार करके दे दिया जाएगा।

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**अब नागरिक** अस्पताल, एचडीएच, सीएचसी, पीएचसी तथा प्रत्येक प्राईवेट अस्पताल में जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र उसी दिन जारी होगा। सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल में सोमवार व मंगलवार को जन्मे सभी बच्चों की माताओं व अभिभावकों को जन्म का प्रमाण पत्र देकर इसकी शुरूआत की। सिविल सर्जन ने कहा कि इस कार्य को सिरे चढ़ाने की योजना कई दिन से तैयार की जा रही थी कि बच्चे के जन्म वाले दिन ही या जच्चा बच्चा को अस्पताल से छुट्टी देने

**8 लेबर कोड रद्द करने की मांग पर देश भर का दस लाख किसान पांच अप्रैल को दिल्ली में रैली करेगा**

से पहले ही उसका जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाए। मंगलवार को विधिवत रूप से सभी जच्चा को बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र देकर इसकी शुरूआत की गई। उन्होंने कहा कि यह सब के प्रयासों से अच्छी शुरूआत है। भविष्य में कभी जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में समय ना लगे। जिस दिन बच्चे का जन्म हो उसी दिन बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र तैयार करके दे



दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब से यह सुविधा नागरिक अस्पताल नारनौल तथा सभी सरकारी अस्पतालों जहां डिलीवरी की सुविधा है वहां पर जन्म के दिन ही जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू की गई है। आज पूरे जिले में शुक्रवार से जन्मे बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए जिसमें जिला अस्पताल में 12 बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र दिए गए। डॉ दिनेश कुमार अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार (जन्म.मृत्यु) नारनौल ने प्रसुति के लिए आने वाले मरीजों व उनके साथ आने वाले अभिभावकों से अपील की है कि वो प्रसुति के समय अस्पताल में अपने साथ जन्म लेने वाले बच्चे के माता व पिता की दो.दो आईडी की फोटो प्रति साथ लाएं ताकि बनने वाले जन्म प्रमाण पत्र में माताध्पिता का नाम व पता सही दर्ज किया जा सके व कोशिश करें की मरीज के भर्ती होने के समय बोलता नाम न लिखवाकर दस्तावेजों वाला नाम ही लिखवाएं।

# बजट सत्र के पहले ही दिन विपक्ष ने दिखाए अपने तेवर

## विधायक क्षेत्र विकास निधि जारी नहीं करने के मुद्दे पर विपक्ष का वॉकआउट

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हंगामापूर्ण रही। विपक्षी दल भाजपा ने प्रदेश सरकार द्वारा विधायक क्षेत्र विकास निधि जारी नहीं किए जाने के मुद्दे पर सत्र के पहले ही दिन मंगलवार को सदन से वाकआउट कर दिया। भाजपा ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए नियम 67 के तहत काम रोको प्रस्ताव का नोटिस विधानसभा सचिवालय को दिया था। विपक्ष ने सदन में शोकोद्गार खत्म होते ही काम रोको प्रस्ताव का मामला उठाया और विधानसभा अध्यक्ष से विधायक क्षेत्र विकास निधि के मुद्दे पर तुरंत चर्चा की मांग की। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार पर नियम 67 के तहत उठाए गए विधायक क्षेत्र विकास निधि को मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया। जयराम ने कहा कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति न तो हमारे समय में



अच्छी थी और न ही आज अच्छी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी स्थिति अच्छी होने की उम्मीद नहीं है। इसके बावजूद जनहित के काम नहीं रुकने चाहिए और विपक्ष जनहित में विधायक क्षेत्र विकास निधि जारी करने की मांग कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि विधायक क्षेत्र विकास निधि हर विधायक का अधिकार है और सरकार इसे तुरंत बहाल करें। जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार में सब जगह बंद-बंद का काम चल रहा है। ऐसे में अब सरकार को कहीं कुछ तो खोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने कोविड काल में भी विधायक निधि बंद नहीं की और इसे बढ़ाकर दो करोड़ तक पहुंचा दिया। उन्होंने सरकार पर कर्ज को लेकर झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 से 2017 के बीच कांग्रेस सरकार ने 27 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया और प्रदेश पर कर्ज को बढ़ाकर 48 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचा दिया। इससे पूर्व, विधायक विपिन सिंह परमार ने काम रोको प्रस्ताव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार ने न केवल विधायक क्षेत्र विकास निधि को बंद कर दिया है, बल्कि पिछड़ा क्षेत्र उपयोजना सहित कई अन्य योजनाओं के लिए आवंटित धन को भी सरकार ने वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि विधायक क्षेत्र विकास निधि का बजट में प्रावधान है। ऐसे में इस निधि का पैसा रोकना सरासर गलत है।

भाजपा के ही रणधीर शर्मा ने कहा कि विधायक क्षेत्र विकास निधि का मामला प्रदेश के विकास से जुड़ा है, क्योंकि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में अनेकों छोटे-छोटे विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष के लिए विधायक क्षेत्र विकास निधि का बजट में प्रावधान है और इसकी तीन किस्तें जारी भी हो चुकी हैं। ऐसे में सरकार स्पष्ट करे कि उसने चौथी किस्त क्यों रोकी है। इस दौरान सदन में कई बार हंगामापूर्ण स्थिति बनी और सत्तापक्ष तथा विपक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी भी की। मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा इस मुद्दे पर दिए गए जवाब से असंतुष्ट होकर पूरा विपक्ष नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर बाहर चला गया।

बाक्सः

संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि विधायक क्षेत्र विकास निधि की किस्त जारी करने का कांग्रेस विधायकों ने भी मुख्यमंत्री से आग्रह किया है, लेकिन प्रदेश की वित्तीय स्थिति किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश पर कर्ज का बोझ 75 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। यही कारण है कि

# उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग में अभाविप की नई कार्यकारिणी गठित

**गोहर/सुभाग सचदेवा**

उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में इकाई अध्यक्ष अर्शिया डोगरा और इकाई मंत्री पियूष ठाकुर को बनाया गया। कार्यकारिणी का गठन मंडी विभाग संगठन मंत्री योगराज डोगरा एवं चुनाव अधिकारी आशीष शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए योगराज ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई सन 1949 को हुई। तब से लेकर आजतक विद्यार्थी परिषद निरंतर छात्र हित में कार्य कर रहा है। विद्यार्थी परिषद में हर साल लाखों कार्यकर्ता जुड़ते है और देश हित में कार्य करते है। इस नव कार्यकारिणी गठन समारोह में उपाध्यक्ष दिव्यांश ठाकुर, दीक्षा खन्ना, आकाश ठाकुर, सोनाक्षी जसवाल, इकाई सचिव सक्षम ठाकुर, पारस ठाकुर, अर्पण, अनामिका नेगी, मीडिया कोऑर्डिनेटर, रितिका रानी, सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर प्रत्यूष, गर्ल्स हॉस्टल कोऑर्डिनेटर वंशिका, शीतल, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर सौरभ ठाकुर, को कोऑर्डिनेटर रोनिड पुंडीर, लाइब्रेरी कोऑर्डिनेटर रुतुल भारद्वाज को को-ऑर्डिनेटर रुचि मुकामियन, कल्चरल कोऑर्डिनेटर शिवानी, एसएफ डी कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार, एसएफ एस कोऑर्डिनेटर अभय व अनामिका सेन, गौतम ठाकुर, सहित आदि उपस्थित रहे।

# ऑल्टो कार से विधानसभा पहुंचे मुख्यमंत्री

**शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू आज एक बार फि र सादगी का परिचय देते हुए अपने पहले बजट सत्र के लिए ओक ओवर से हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लिए ऑल्टो कार में पहुंचे।



प्रातः करीब 10 बजकर 15 मिनट पर मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास ओक ओवर से विधानसभा के लिए रवाना हुए और साढ़े दस बजे विधानसभा पहुंचे।

मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि विधायक रहते वह पूर्व में भी विधानसभा में अपनी ऑल्टो कार से आते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जब वह पहले बजट सत्र के लिए इस कार में आए तो पुरानी यादें एक बार फिर ताजा हो रही हैं।

इस दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और विधायक रवि ठाकुर भी उनके साथ रहे। विधानसभा पहुंचने पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू कई बार वीआईपी प्रोटोकॉल छोडकर एक साधारण व्यक्ति की तरह माल रोड पर सुबह की सैर तथा लोगों से बातचीत करते नजर आए हैं।

# शातिरों ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को चोरी कर लगाई आग

**नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र शिलाई के तहत रोनहाट पनोग बाजार में अज्ञात शातिरों ने सडक किनारे खड़ी बाइक को चोरी करने के बाद उसे जलाकर पूरी तरह से राख कर दिया है। पीड़ित सिधोटी गांव के धर्म सिंह शर्मा पुत्र प्रीतम सिंह ने इस बाबत पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। वहीं शिकायतकर्ता के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसने अपनी बाइक एचपी-52ए-3648 को पनोग बाजार में एसबीआई



बैंक के सामने खड़ा किया हुआ था। उसने बताया कि किसी स्थानीय व्यक्ति ने उसे इस घटना के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद पीड़ित ने तुरंत वहां जाकर देखा तो उसकी बाइक पनोग बाजार से थोड़ी दूरी पर रोनहाट सडक आग से पूरी तरह जली हुई थी। मामले की पुष्टि एसएचओ प्रीतम सिंह लालटा ने की है।

# आबकारी ठेकों की नीलामी-सह-निविदा से करवाने हेतु टेंडर पेटियों को किया सील

**किन्नौर/अनिल**

उपायुक्त किन्नौर तोरुल एस रवीश की उपस्थिति में गत दिवस को उपायुक्त कार्यालय में आबकारी ठेकों की नीलामी-सह-निविदा के माध्यम से करवाने हेतु टेंडर पेटियों को सील बंद किया गया। सहायक आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी सुरेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि टेंडर पेटियों को सील बंद करने के की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई जिसके पश्चात टेंडर पेटियों को उपायुक्त कार्यालय के कांफ्रेंस हाल में रखा गया है। उन्होंने कहा कि इच्छुक प्रार्थी 14 व 15 मार्च



2023 को उपायुक्त कार्यालय में निविदाएं जमा करवा सकते हैं।उन्होंने बताया कि निविदाएं 16 मार्च, 2023 को रिकांगपियो स्थित बचत भवन में खोली जायेंगी। प्रार्थी इस विषय से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी सहायक आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी सुरेंद्र ठाकुर से प्राप्त कर सकते हैं।

# कोरोना काल में माँ-बाप का साया खो चुके बच्चों के साथ मनाया कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने अपना 51वां जन्मदिवस



**जोगिंद्रनगर/संगराय**

प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने सोमवार को अपना जन्मदिन अनाथ बच्चों के साथ मनाया। जीवन ठाकुर ने अनाथ बच्चों के साथ केक काटा, डिनर किया और उन्हें कंबल भी बांटे। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी गीता ठाकुर भी मौजूद रहीं।

जीवन ठाकुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जोगिंद्रनगर के भजराला, बसाहल, मल्लन व सैंथल-मलेहड़ सहित विभिन्न स्थानों के 14 बच्चों ने भाग लिया। इन दौरान जीवन ठाकुर ने न सिर्फ अपना जन्मदिन मनाया बल्कि बच्चों की समस्याओं को भी साझा किया। उन्होंने बच्चों को आश्वस्त किया कि जिस प्रकार वह कोरोना काल में उनके साथ खड़े थे, निकट भविष्य में भी उसी प्रकार उनके साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़े रहेंगे। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया से परहेज करें और किताबों को अपना दोस्त बनाएं। उन्होंने कहा कि किताबें हमारी सबसे अच्छी दोस्त होती हैं। इस दौरान जीवन ठाकुर ने बच्चों के साथ अपने जीवन के उतार चढ़ाव भी साझा किए। बच्चों ने भी कहा कि वे जीवन ठाकुर के जीवन व कार्यों से बहुत प्रभावित हैं और भविष्य में उनके जैसे ही समाजसेवा के कार्य करना चाहते हैं।

# फसलों को सूखे से हुए नुकसान की रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करें विभाग : आरके गौतम

**नाहन/एसपी जैरथ**

उपायुक्त सिरमौर आरके गौतम ने कृषि और उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक सप्ताह के भीतर कृषि और बागवानी की फ सलों को सूखे से हुए नुकसान की खंड स्तर की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट में प्रभावित गांव और पंचायत का उल्लेख भी अनिवार्य रूप से किया जाए।उपायुक्त आज नाहन में सूखे की स्थिति से निपटने के लिए आयोजित विभिन्न विभागों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। आरके गौतम ने जल शक्ति विभाग से कहा कि सभी पेयजल स्त्रोतों के जल स्तर पर लगातार निगरानी बनायें रखें ताकि पेयजल की किल्लत होने पर वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि जिला में 1405 पेजयल आपूर्ति योजनाएं



कार्यशील हैं और केवल 15 योजनाओं में पेयजल स्तर घटा है। इन 15 योजनाओं में 0 से 25 प्रतिशत जल की कमी आंकी गई है। उन्होंने पेयजल की कमी वाली इन योजनाओं वाले क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित बनाएं रखने के लिए आवश्यकता के अनुरूप वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने सभी पंचायतों में ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध परम्परागत जल स्त्रोतों की सफाई और क्लोरीनेशन कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के अधीन आने वाले सभी पेयजल स्त्रोतों की क्लोरीनेशन और साफ.-सफ ाई भी की जाए ताकि स्थानीय लोगों को स्वच्छ पानी मिलता रहे। गौतम ने वन विभाग और फ ायर विभाग को आदेश दिए कि प्रचंड गर्मी के दौरान होने वाली आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि वन संपदा का संरक्षण जरूरी है और पंचायत स्तर पर ठीकरी पहरा को सुनिश्चित बनाया जाए। उन्होंने नाहन और पांवटा शहरी क्षेत्रों में फ ायर हाईड्रेंट को कार्यशील बनाये रखने के लिए कहा ताकि आगजनी की घटना के समय पानी की किसी प्रकार की दिक्कत न हो। उपायुक्त ने कहा कि जिला में पेयजल की 237 नई योजनाओं पर कार्य चल रहा है जिसमें से 147 पेयजल योजनाओं का कार्य लगभग पूरा हो रहा है। उपायुक्त ने पशुपालन विभाग को जिला में पशु चारे का उचित प्रबन्ध करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सूखे की स्थिति में पशु चारे की दिक्कत आ सकती है इसलिए विभाग समय रहते जरूरी अग्रिम कार्रवाई अमल में लाए।उन्होंने कहा कि जिला में जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग समुचित मात्रा में सभी अस्पतालों में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाना सुनिश्चित बनाये। उन्होंने पीलिया और डायरिया की संभावना को देखते हुए पेयजल स्त्रोतों के पानी की सैंपलिंग कार्य करने के लिए जल शक्ति विभाग और पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिए।

# 25 पंचायतों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित: डीसी

**चंबा/हामिद**

उपायुक्त चंबा एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत डीसी राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शानुसार जिला की पंचायती राज संस्थाओं की रिक्तियों संबंधित 6 विकासखंडों की 25 पंचायतों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 13 मार्च को कर दिया गया है । मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए 1 जनवरी, 2023 को अहर्ता तिथि निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि 14 से 18 मार्च तक कोई भी पात्र नागरिक संबंधित पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी खण्ड विकास अधिकारी के



पास दावे व आक्षेप प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने बताया कि 23 मार्च तक पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी खण्ड विकास अधिकारी द्वारा दावे व आक्षेप का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि 27 मार्च तक उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत के समक्ष अपील प्रस्तुत की जा सकती है । उन्होंने यह भी बताया कि प्रस्तुत अपील का 29 मार्च तक निपटारा किया जाएगा। डीसी राणा ने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 31 मार्च को किया जाएगा। उन्होंने जिला की उक्त वर्णित पंचायतों के नागरिकों से आह्वान किया है कि किसी भी नागरिक को उसकी पंचायत में मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करना हो या कोई दावा या आक्षेप हो तो वे संबंधित विकासखंड के पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दावे या आक्षेप प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित प्रपत्र उपरोक्त कार्यालयों में निर्धारित तिथियों को नि:शुल्क उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि 25 पंचायतों में विकासखंड पांगी की ग्राम पंचायत लुज व सेचू, विकासखंड चंबा की ग्राम पंचायत चकलू व भडोह, विकासखंड भटियात की ग्राम पंचायत बनेट, चूहन, हटली, जन्द्रोग, जियून्ता, ककरोटी, कुड्डी, मनोला, नैनीखड्ड व साडल, तीसा विकासखंड की ग्राम पंचायत मंगली, नेरा, सतेवा चिल्ली, विकासखंड भरमौर की ग्राम पंचायत होली जबकि विकासखंड सलूणी की ग्राम पंचायत हिमगिरी, व्याणा, सनूह, भुनाड, ब्रंगाल, वांगल और हडला शामिल है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी आयोजित



### 8 अखिल भारतीय विधार्थी परिषद की पूर्व राष्ट्रीय मंत्री माँचली ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**

अखिल भारतीय विधार्थी परिषद सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी यूजी इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी का आयोजन करवाया गया। जिसमें अखिल भारतीय विधार्थी परिषद की पूर्व राष्ट्रीय मंत्री माँचली ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने छात्राओं को बताते हुए कहा की अखिल भारतीय विधार्थी परिषद देश के पुनर्निर्माण के संदर्भ में देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। यह संगठन राष्ट्रहित, समाजहित और छात्रहित के लिए कार्य करता आया विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। उन्होंने महिलाओं की उपलब्धियों को छात्रों के सामने रखा। भारत देश की ही नहीं बल्कि विश्व के विभिन्न देशों की वीरांगनाओं का उदाहरण देते हुए मांचली ठाकुर ने कहा की यदि नारी अपनी स्वतंत्रता का गलत उपयोग ना करे तो नारी को कभी अबला नहीं माना जायेगा। आज विश्व में सबसे ज्यादा नारियाँ जो बड़े बड़े सरकारी पदों पर कार्य कर रहीं हैं तो वो नारियाँ भारत देश से हैं।

अखिल भारतीय विधार्थी परिषद वही संगठन है जिसने उस लाल चौक पर झंडा फहराया जिस चौक पर लोग जाने से भी डरते थे। उन्होंने अरुणिमा सिन्हा, बलजिंदर कौर पर्वतारोही का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी जीवनी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए की ऐसी विरंगनायें हमारे देश पैदा हुई। उन्होंने मंडी के बारे में बताते हुए कहा की इस कॉलेज ने देश को होनहार कार्यकर्ता दिये हैं।

# सिरमौर की उभरती कलाकार मोनिका को हिम गौरव सरोकार से मिला सम्मान

**नाहन/एसपी जैरथ**

शास्त्रीय संगीत एवं पहाड़ी संस्कृति को गीतों के माध्यम से सहेजने के लिए हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस बददी द्वारा सिरमौर जिला की उभरती कलाकार मोनिका को हिम गौरव सरोकार अवार्ड से नवाजा गया है। हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित एक समारोह में खेल विभाग की पूर्व संयुक्त निदेशक सुमन रावत द्वारा यह पुरस्कार मोनिका शर्मा को प्रदान किया गया है।हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस के प्रदेशाध्यक्ष रणेश राणा ने बताया कि मोनिका ने शास्त्रीय संगीत और पहाड़ी लोकगीतों में एक



अलग पहचान बनाई है। जिसके चलते हिप्र पत्रकार संघ द्वारा मोनिका शर्मा को सम्मानित करने का फैसला लिया गया ताकि यह उभरती कलाकार का मनोबल बढ़े और बेहतरीन ढंग से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शन कर सके। बता दें कि मोनिका द्वारा शास्त्रीय संगीत में मास्टर डिग्री हासिल की गई है और इनका उददेश्य संगीत में पीएचडी करना है। मोनिका ने छोटी सी उम्र में प्रदेश प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीयए राज्य स्तरीय, जिला एवं ग्रामीण स्तरीय मेलों में अपनी सुरीली आवाज से विशेषकर सिरमौर की संस्कृति को प्रदर्शित करके एक अलक पहचान बनाई है। जिसकी चहूंओर प्रशंसा हो रही है। मोनिका शर्मा अपनी सफलता का श्रेय संगीतज्ञ स्व. धर्म दत सहगल को दिया है जिनके सान्निध्य में उन्होने संगीत की शिक्षा प्राप्त की है। मोनिका ने एक साक्षातकार में बताया कि कुछ कलाकारों द्वारा पहाड़ी लोकगीतों को रिमिक्स किया गया है जोकि उचित नहीं है। ऐसा करने से पहाड़ी गीतों की मौलिकता पर आघात पहूंचता है। उनका उददेश्य सिरमौर की पारंपरिक संस्कृति को गीत व संगीत के माध्यम जीवित रखना है ताकि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति व सभ्यता की जानकारी मिल सके।

# हादसे में राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई

**नाहन/एसपी जैरथ**

पांवटा पुलिस डीएसपी के अनुसार, सचिन कुमार 28 पुत्र चमन सिंह निवासी गांव भारापुर व साजिद 40 पुत्र हाफिज निवासी गांव भारापुर अपनी बाइक पर कोलर की तरफ जा रहे थे कि पीछे से आई एचपी-71ए-0246 कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सडक पर गिर गई।हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं सडक के किनारे पैदल चल रहे सुरेश शर्मा 45 पुत्र दौलत राम निवासी गांव डूँगी को भी कार ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे में कार सवार दोनों युवकों को भी चोटें आई हैं।

# इतिहास का एक और पन्ना खुलने की उम्मीद

## करनाल के जोहड माजरा गांव मे मिले पुरातत्व महत्व के अवशेष, धरती के गर्भ से निकल रही प्राचीन ईंटें, खिलौने, मृदभांड और मानव कंकाल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा में** कल्चर के नाम पर सिर्फ एग्रीकल्चर की कहावत अब पुरानी हो चुकी है। हरियाणा के समृद्ध और गौरवशाली इतिहास की परतें दिन-ब-दिन उघड़ रही हैं। हरियाणा प्रदेश का इतिहास कितना प्राचीन है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां पर न केवल 6 हजार वर्ष पुरानी हड़प्पा सभ्यता के अवशेष मिले हैं, अपितु भिरडाना में दुनिया की सबसे प्राचीन मानव सभ्यता होने के प्रमाण भी मिल चुके हैं। इसके बावजूद इतिहास की कई परतें अभी भी यहां की धरती के नीचे दबी हुई हैं, जिन्हें खोज कर उनका विश्लेषण करना अभी बाकी है। इनके विश्लेषण से मानव विकास और उसके उद्भव के कई रहस्यों से पर्दा उठ सकता है। अगर देर हुई तो इतिहास की यह निशानियां भू और खनन माफिया के लालच की भेंट चढ़ सकती हैं।

ऐसा ही एक प्राचीन इतिहास करनाल के जोहड माजरा गांव में दबा मिला है, जहां करीब 50 एकड़ से अधिक भूमि में फैले टीले के नीचे से प्राचीन ईंटें, मानव कंकाल, मृदभांड, खिलोने और अन्य सामान निकल रहे हैं। यह वस्तुएं किस काल की है यह तो पुरातत्व विभाग की जांच के बाद ही सामने आएगा, लेकिन बुजुर्गों और इतिहास में रुचि रखने वाले लोगों के अनुसार यह वस्तुएं सल्तनत काल की हो सकती हैं, जो 12 सौ से दो हजार साल तक जाता है। अगर पुरातत्व विभाग के दिशा निर्देशन में गहराई से इस साइट की खुदाई की जाए तो इतिहास का एक और पन्ना खुलकर सामने आ सकता है। जोहड़ माजरा गांव के टीले से प्राचीन वस्तुएं मिलने की सूचना पर श्री कृष्ण संग्रहालय की एक टीम गांव में पहुंची, जहां टीम ने



टीले और आसपास खेतों में बिखरे सामान के अवशेष और साक्ष्य इकट्ठा किए।
इस टीम में इतिहासकार व पुरातत्ववेता डॉ. राजेंद्र राणा और श्री कृष्ण संग्रहालय कुरुक्षेत्र के इंचार्ज बलवान सिंह शामिल थे। उन्होंने यहां पर ग्रामीणों के साथ कुछ जगह खुदाई कर मृदभांड के टुकड़े, खिलौने, ईंटें आदि इकठ्ठा की। टीम को मौके से एक बैल के आकार का मिट्टी का खिलौना भी मिला, जिसे उन्होंने अपने साथ रख लिया।
पुरातत्व वेता डॉ. राजेंद्र राणा ने कहा कि यह काफी बड़े क्षेत्र में फैली पुरातात्विक साइट है। पहली नजर से देखने पर यहां जो सामान मिला है, यह राजपूत काल का हो सकता है। बर्तनों की बनावट और ईटों के साइज से यह एक से 15 सौ साल पूर्व होने की संभावना है। कुछ मिट्टी के बर्तनों पर लाल रंग की चित्रकारी हुई है।
उन्होंने कहा कि खुदाई वाले स्थान पर जमीन के नीचे रेत भी निकली है, जिससे यह लगता है कि कभी यहां से यमुना का प्रवाह रहा होगा। ईसा की पहली और दूसरी शताब्दी में यमुना के पास के जो स्थान थे ये व्यापार मार्ग थे। उस समय चीन से जो व्यापार होता था, उसे सिल्क रूट कहा जाता है। उन्होंने कहा कि यह टीला बहुत बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है ऐसे में कई बार इसके अन्वेषण की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यहां जो ईंटें मिली है, वह 5 सेंटीमीटर मोटी 31 सेंटीमीटर लंबी और 21 सेंटीमीटर चौड़ाई की है। इसके अलावा जो कसोरे मिले हैं उनका किनारा चाकू की नोंक की तरह है जो इसे 1 हजार से पंद्रह सौ वर्ष पुराना घोषित करती है।
डॉ. राजेंद्र राणा ने राखीगढ़ी गांव में हुई इतिहास की खोज के आधार पर कहा कि वहां मिले कंकालों के डीएनए टेस्ट के आधार पर यह साबित होता है कि आर्य बाहर से नहीं आये बल्कि यहीं के मूल निवासी थे। उनका यूरोप अथवा किसी अन्य देश के लोगों से डीएनए मैच नहीं करता। इंडियन डीएनए एक ही है।
श्री कृष्ण संग्रहालय कुरुक्षेत्र के इंचार्ज बलवान सिंह ने कहा कि पुरातात्विक साइट से मिले सामान के आधार पर इसे राजपूत काल की कहा जा सकता है। जो ईशा की पहली शताब्दी से सतरहवीं शताब्दी तक चला जाता है। उन्होंने कहा कि हम इन सभी साक्ष्यों को अपने साथ लेकर जा रहे हैं जहां इनका वैज्ञानिक विधि से अनुसंधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पुरातत्व विभाग के अधीन आता है हम पुरातत्व विभाग को इसके बारे में सूचना दे देंगे जो इस पर आगे की कार्यवाही करेगा।

# 'योग शरीर और मन को स्वस्थ रखने का बेहतरीन विकल्प'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**योग** गुरु दिनेश गुलाटी के निर्देशन में मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा चलाए जा रहे आठ दिवसीय वेट लॉस शिविर में योग साधकों को शरीर के वजन को कम करने के लिए योगासन, भोजन संबंधी आदतेंएदिनचर्या में परिवर्तन जैसे विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतों को अपनाकर हम स्वयं में एक अभूतपूर्व परिवर्तन ला सकते हैं।
कपालभाति प्राणायाम के दौरान उन्होंने कहा कि योग शरीर और मन को स्वस्थ रखने का बेहतरीन विकल्प है और कपालभाति प्राणायाम वेट कम करने में अभूतपूर्व कार्य कर सकता है। कपालभाती बहुत ऊजार्वान श्वास प्रक्रिया है। यदि इसका प्रतिदिन अभ्यास किया जाए तो पुराने से पुराना रोग भी चुटकियों में दूर हो सकता है और मोटापा भी बहुत जल्द खत्म हो सकता है। यह स्वयं में परिपूर्ण क्रिया है।
उन्होंने बताया कि इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने के लिए नियमित रूप से कपालभाती करना फायदेमंद है। इसके अभ्यास से विषाक्त पदार्थ शरीर से बाहर होते हैं।


## न्यूज फ्लैश

### करनाल में मिले इन्फ्लुएंजा के 2 संदिग्ध मरीज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रदेश में** एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वेरिएंट ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। करनाल के डेरा सिकलीगर के रहने वाले दंपती को इन्फ्लुएंजा जैसे लक्षण के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब उनका एक्सरे किया गया तो उनकी छाती संक्रमण मिला। दोनों को ऑक्सीजन पर रखा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही एच3एन2 संक्रमण की पुष्टि हो पाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 42 वर्षीय गुरुदेव और 38 वर्षीय मीना को करीब एक हफ्ते से तेज बुखार आ रहा था। कई दिनों से वह झोला छाप डॉक्टर और मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर खा रहे थे। रोजाना दवाई लेने के बाद जब तक दवाई का असर रहता, तब तक बुखार उतर जाता था और असर खत्म होने के बाद फिर से बुखार चढ़ जाता था। अचानक उनकी तबीयत ज्यादा बिगडी तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों को सांस लेने में भी तकलीफ थी। कल्पना चावला मेडिकल अस्पताल में रोजाना ऐसे मरीज आ रहे हैं, जिन्हें बुखार, खांसी, जुकाम, गले में खराश, उल्टी, दस्त हैं और इस वायरस से जुड़े लक्षण में भी यही बीमारियां आती हैं। वहीं करनाल में दो संदिग्ध मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग की चिंताए और बढ़ गई है। आज शाम तक दोनों की रिपोर्ट आने की संभावना है।
स्वास्थ्य विभाग की तरफ से किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक इस वायरस के लक्षण 5 से 7 दिन रहते हैं, लेकिन बुखार 3 से 5 दिनों में ठीक हो जाता है, परन्तु खांसी कई बार 3 हफ्ते तक भी ठीक नहीं होती है। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में तैनात डॉक्टर निखिल ने बताया कि लोगों को अपना ध्यान रखना है। मास्क लगाकर रखना है। हाथ साबुन से लगातार धोने हैं। सेनेटाइजर का इस्तेमाल करना है। फल, फ्रूट खाते रहना है और ज्यादा पानी पीना है। साथ ही बीमार व्यक्ति के संपर्क में आने से बचना है। अगर कुछ भी लक्षण मिलते हैं तो डॉक्टर के पास जाकर दवाई लेनी है। सिविल सर्जन योगेश कुमार ने कहा कि एच3एन2 का फिलहाल करनाल में कोई मामला नहीं है। खांसी और फीवर के मामलों में वृद्धि जरूर हुई है, लेकिन घबराने वाली अब तक कोई बात नहीं । उन्होंने लोगों की भीड़ भाड़ वाली जगह पर जाने के लिए मास्क का प्रयोग करने की अपील की। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. दीपेंद्र सिंह ने बताया कि हमारे पास करनाल, कुरुक्षेत्र और कैथल जिलों के सैंपल आते हैं और हम उनकी जांच करते हैं। मगर फिलहाल फील्ड में टेस्टिंग बहुत कम है। मामले जरूर बढ़ रहे हैं। अब तक हमारे पास 17 सैंपल आए हैं, जिनकी हम जांच कर रहे हैं। कुछ एच1 पॉजिटिव मिले हैं। अगर किसी को किसी तरह की दिक्कत होती है तो उनको अपना टेस्ट जरूर करवाना चाहिए।

### पंडित चिरंजीलाल शर्मा गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में पांच दिवसीय फिल्म फेस्टिवल आज से

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीएम** सिटी में पहली बार फिल्मी कलाकारों का जमघट भी होगा और देश विदेश की बेस्ट फिल्में, फीचर फिल्में, शार्ट फिल्में, डॉक्यूमेंट्रीज, म्यूजिक वीडियोज भी दिखाई जाएंगी वह भी एक ही स्थान पर। जी हां, संस्कृति सोसायटी फॉर आर्ट एंड कल्चरल डेवलपमेंट व पंडित चिरंजीलाल शर्मा गवर्नमेंट पीजी कॉलेज की ओर से गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में पांच दिवसीय छठा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल बुधवार यानी 15 मार्च से 19 मार्च तक होने जा रहा है। तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और हर कोई फिल्मी हस्तियों की झलक पाने को बेताब है। कॉलेज स्टूडेंटस के साथ साथ सिनेमा को पसंद करने वालों में इस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल को लेकर खासा उत्साह है। अहम बात यह है कि फिल्मों व फीचर फिल्मों, शार्ट फिल्मों, डॉक्यूमेंट्रीज, वेब सीरिज के साथ साथ फिल्मी दुनिया में अपना कॅरियर बनाने की चाह रखने वालों के लिए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल नई राहें प्रशस्त करेगा। हर कोई अपने पसंदीदा कलाकारों की फिल्में देखना चाहता है। कॉलेज प्रिंसिपल डा. सरिता व कार्यक्रम संयोजिका डा. रश्मि सिंह ने सीएम सिटी में पहली बार हो रहे इंटरनेशनल फिल्म महोत्सव को स्टूडेंटस व आमजन के लिए सीखने व समझने का अवसर बताया है।



इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के डॉयरेक्टर धर्मेंद्र डांगी ने बताया कि 15 मार्च से 19 मार्च तक चलने वाले छठे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में कुल 55 फिल्में दिखाई जाएंगी। इनमें से 14 फीचर फिल्में, 28 शार्ट फिल्में, 4 डॉक्यमेंट्रीज, 6 एनीमेशन कॉर्टून फिल्म, 6 म्यूजिक वीडियो और एक वेब सीरिज दिखाई जाएगी। पहले दिन यानी आज 15 मार्च को दादा लख्मी फेम सिने अभिनेता यशपाल शर्मा व जानी मानी बंगला अभिनेत्री ऋतु परणासेन गुप्ता मुख्य रूप से शिरकत करेंगी। दूसरे दिन यानी 16 मार्च को चंद्रावल यकू फेम अखिलेंद्र मिश्रा, हिमानी शिवपुरी, डॉयरेक्टर कौशिक सर, तनिष्ठा, विश्वास फेस्टिवल की शोभा बढ़ाएंगे।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं.: 9991270143


# गवाह को जान से मारने की दी धमकी, शिकायत दर्ज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। करनाल में** एक केस के गवाह को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। बलड़ी बाइपास के रहने वाले गुरमीत सिंह ने बताया कि बीती 29 अगस्त 2022 को उसने अपने साले के खिलाफ इमिग्रेशन एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करवाया था। उसका साला जेल में बंद है और केस कोर्ट में चल रहा है। केस को वापस लेने के लिए आरोपी पक्ष के लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस को दी शिकायत में पीडित पक्ष ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी कई बार आरोपी जान से मारने की धमकी दे चुका है। वह हर बार कहते है कि तुम अपना केस वापस ले लो, नहीं तो तुम्हें जान से मारवा दूंगा। उनके यूपी व दिल्ली में बडे-बडे बदमाशों के साथ संबंध है और पुलिस व राजनीतिक लोगों से उनकी सीधी बात है। पीडित ने शिकायत में बताया कि अब आरोपियों ने उनके भाई के वॉट्सऐप नंबर पर एक वीडियो भेजी, जिसमें दोषी ने प्रार्थी व उसके भाई को फिल्मी वीडियो के द्वारा यह कहा है कि अगर तुम जिस दिन हमारे सामने आ गए तो हम तुम्हें तड़पा देंगे यानी कि जान से मार देंगे।

# करनाल में तेजी से बढ़ रहा स्पोर्टस इन्फ्रास्ट्रक्चर

## उपायुक्त ने सैक्टर-32 में इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स का दौरा कर प्रगति का लिया जायजा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल** में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्पोर्टस इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है। इन सुविधाओं से यहां के खिलाडियों को अपने शहर में ही अपनी प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलेंगे। इन्हीं में से एक सैक्टर-32 में इंडोर स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट के तहत स्वीमिंग पूल का कार्य प्रगति पर चल रहा है। मंगलवार को उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने साईट का दौरा कर अब तक हुए काम की प्रगति का जायजा लिया और संतुष्टि जाहिर की।
इस दौरान उपायुक्त ने बताया कि सैक्टर-32 स्थित इंडोर



स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स के इस प्रोजेक्ट में 50 गुणा 25 वर्ग मीटर आयताकार का एक स्वीमिंग पूल बनाया जा रहा है और इसके बगल में ही 25 गुणा 21 का वार्म-अप पूल होगा। ओलम्पिक आकार का स्वीमिंग पूल 10 लाईनो का और आल वैदर होगा यानि तैराकी खिलाड़ी को इसमें मौसम के अनुरूप गर्म व ठंडा पानी उपलब्ध होगा। स्वीमिंग पूल के निर्माण में अब तक हुई प्रगति को लेकर उन्होंने बताया कि इसमे वाटर प्रूफिंग का काम मुकम्मल हो गया है, जबकि बिल्डिंग एरिया का पी.सी.सी. यानि प्लेन सीमेंट कंक्रीट का काम जोरों से चल रहा है। इसी प्रकार बैलेंसिंग टैंक के लिए स्टील बाईडिंग यानि सरिया बांधने का काम भी प्रगति पर है।
उपायुक्त ने स्वीमिंग पूल के डिजाईन की ड्राईंग चैक की और उसमें तदानुसार ही निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कॉंट्रेक्टर और इंजीनियरों को कार्य स्पीडअप करने के निर्देश दिए और कहा कि आगामी 15 अप्रैल तक सभी फाउंडेशन यानि नींवे भरने का काम मुकम्मल हो जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के साथ केएससीएल के जीएम रामफल और पीएमसी टीम मौजूद थी।

# रोजगार मेले में 52 प्रार्थियों का हुआ चयन, 44 प्रार्थियों को रोजगार के लिए किया शॉर्ट लिस्ट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**बाबू** मूलचंद जैन राजकीय ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को जॉब फैयर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मण्डल रोजगार अधिकारी राजेश कुमार के कर कमलों से हुआ। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए रोजगार सम्बंधी जानकारी दी तथा अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा दी। इस रोजगार मेले में 23 नियोक्ताओं तथा 252 प्रार्थियों द्वारा भाग लिया गया। मौके पर 52 प्रार्थियों का चयन व 44 प्रार्थियों को रोजगार के लिए शॉर्ट लिस्ट किया गया हैं। सहायक रोजगार



अधिकारी मनोज कुमार ने रोजगार विभाग की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।
इस अवसर पर करनाल रोजगार कार्यालय के आंकडा सहायक कपिल देव, लिपिक कर्मबीर, लिपिक आशीष, लिपिक जगप्रीत, आईटीआई से वर्ग अनुदेशक सुरेश ढांडा, वर्ग अनुदेशक सुधीर कम्बोज, वर्ग अनुदेशक राम बिलास शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

# प्राथमिक चिकित्सा पर अवेयरनेस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। राजकीय** महिला महाविद्यालय घरौंडा के प्राचार्य डॉ पीयूष कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को सडक सुरक्षा अभियान के तहत ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन सेल व यूथ रेड क्रॉस के तत्वावधान में प्राथमिक चिकित्सा पर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। विर्क हॉस्पिटल करनाल से डॉक्टर आरके सूद ने प्राथमिक शिक्षा पर विस्तृत बहुमूल्य व्याख्यान दिया सर्वप्रथम उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को किसी भी कारणवश यदि चोट लग जाए तो तुरंत उसे प्राथमिक उपचार दिया जाना चाहिए।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के आ रहे सकारात्मक परिणाम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत लगे मेलों की सफलता के परिणाम आने लगे हैं। इन मेलों में प्राप्त हो रहे आवेदनों पर निरंतर कार्य जारी है। योजनाओं का लाभ उठा रहे लोग, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और हरियाणा सरकार का धन्यवाद कर रहे हैं।
काछवा में फर्नीचर का काम करने वाले एक आवेदनकर्ता प्रवीण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना सरकार की अच्छी पहल है और इससे गरीब व पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो रहा है। प्रवीण ने बताया कि वह फर्नीचर बनाने में कुशल है और अपने व्यवसाय को आगे बढाना चाहता है। पैसे की कमी के कारण यह संभव हो पाना मुश्किल था। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के बारे पता चलने पर मुद्रा योजना के तहत एक लाख के ऋण के लिए आवेदन किया। प्रशासनिक अधिकारियों की मदद से बैंक अधिकारियों ने मेरे आवेदन पर कार्यवाही करते हुए मुझे एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की। उन्होंने इस योजना का लाभ मिलने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा है कि



वह इस पैसे से अपनी आजीविका बढाने में सक्षम होंगे।
मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की जिला नोडल अधिकारी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि करनाल जिला में अंत्योदय मेलों के चार चरण पूरे हो चुके हैं। इन मेलों के तहत विभिन्न 18 विभागों की योजनाओं का लाभ लेने के लिए कुल 11 हजार 165 आवेदन प्राप्त हुए थे। इन सभी का सर्वे करने उपरांत 7 हजार 283 आवेदनों पर कार्यवाही जारी है। इन आवेदनकताओं का कौशल विकास करते हुए वितीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे ये परिवार 1 लाख 80 हजार रुपये से अधिक आजीविका कमाने में सक्षम हो सकेंगे।

# ऑटो पलटने से युवक की मौत, चाचा और भाई घायल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नेशनल** हाईवे पर नीलकंठ ढाबे के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके चाचा और भाई घायल हो गए। बताया गया है कि ऑटो के सामने अचानक गाय आ गई, जिस वजह से चालक उसे कंट्रोल नहीं कर पाया और हादसा हो गया। मृतक की पहचान पानीपत के बदवाराम कॉलोनी के रहने वाले अनिल 30 वर्ष के रूप में हुई है। वह अपने चाचा अशोक और भाई बिट्टू के साथ यमुनानगर जा रहा था। बिट्टू



ऑटो चला रहा था। अनिल व अशोक आगे दोनों साइड में बैठे थे। जैसे ही वह करनाल नीलकंठ ढाबे के पास पहुंचे तो अचानक ऑटो के सामने गाय आ गई। इस दौरान ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो पलटते ही हाईवे पास आसपास के लोगों ने उन्हें बाहर निकाला। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। अनिल की मौत हो चुकी थी, जबकि बिट्टू और अशोक घायल थे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही मृतक अनिल के शव को कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भिजवा दिया।
अनिल की मौत के बाद घर में मातम पसर गया। अनिल के तीन छोटे.छोटे बच्चे थे, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया। पुलिस जांच अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतक अनिल के परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद शव को पोस्टमार्टम कराकर उन्हें सौंप दिया है।

# बुलेट बाइक से पटाखे बजाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान

**पानीपत: यातायात** उप-पुलिस अधीक्षक संदीप ने बताया कि पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निदेर्शानुसार यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने और पटाखे बजाने वाली बुलेट बाइक चालकों पर अंकुश लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया हुआ हैं। सार्वजनिक व भीड़ भाड़ वाले मार्गों में बुलेट बाइक के पटाखे के कारण आमजन को होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए उल्लंघना करते पाए जाने पर बाइक को इंपाउंड किया जा रहा है। अभियान के तहत चैकिंग के दौरान नियामों की उल्लंघना करते पाए जाने पर गत एक माह के दौरान 403 बुलेट बाइकों को इंपाउंड किया गया हैं।

# घर-घर जाकर टी.बी. रोगियों को करें जागरूक: कुलबीर मलिक

## घर-घर जाकर टी.बी. रोगियों को करें जागरूक : कुलबीर मलिक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** रेडक्रॉस शाखा के राज्य महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल के निदेर्शानुसार प्रदेश भर में रेडक्रॉस के टी.बी. वालंटियर टी.बी. मरीजों से संपर्क साध रहे हैं, ताकि कोई भी मरीज दवा बीच में ना छोड़े।
कुलबीर मलिक सचिव जिला रेडक्रॉस की अध्यक्षता में रेडक्रॉस के टी.बी. वालंटियर के कार्यों की समीक्षा की गई। कुलबीर मलिक ने टी.बी. वॉलिंटियर के साथ चर्चा करते हुए कहा कि आप घर घर जाकर टी.बी. रोगियों को जागरूक करें ताकि कोई भी रोगी दवा बीच में ना छोड़े और यह भी संदेश दिया कि टी.बी. रोगियों में जिस की वित्तीय



स्थिति ठीक नहीं है, उनकी सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से हर महीने 6 माह तक पौष्टिक राशन किट भी उपलब्ध करवाई जाएगी।
स्वास्थ्य विभाग टी.बी. डिपार्टमेंट से आए चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि टी.बी. का इलाज संभव है। यदि रोगी लगातार छह मास तक दवाई लेता रहे और पौष्टिक खानपान का ध्यान रखें। हरियाणा सरकार प्रत्येक टी.बी. रोगी को 500 रुपए प्रतिमाह न्यूट्रिशन डाइट के लिए 6 माह तक प्रदान करती है।
चिकित्सा अधिकारी ने कहा रेडक्रॉस मानवता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहती है। लेकिन टी.बी. ड्रॉपआउट मरीजों को घर-घर जाकर सेहत के प्रति जागरूक करना और उनकी दवाइयां दोबारा से शुरू करवाना अपने आप में एक नेक कार्य है ताकि उनका और उनके परिवार का स्वास्थ्य ठीक रहे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की ओर से रेडक्रॉस टी.बी. वालंटियर को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि भारतीय रेडक्रॉस के सहयोग से भविष्य में गांव गांव जाकर टी.बी. परियोजना के स्क्रीनिंग/स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएंगे। इस अवसर पर रेडक्रॉस कार्यालय से राजपाल चौधरी, मानव अभिनंदन जन कल्याण समिति से डॉ. करमचंद चड्ढा, अरविंद कुमार, सहायक प्रोफेसर डॉ नीना, प्रदीप कुमार नंदा उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# मेहनत और साहस की परिणती भाग्य हैं

**जहां** सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है' वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती है' पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं' इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैं' वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था," जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता" मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है।

# स्मृति शेषः डॉ. वेदप्रताप वैदिक की नजर में हिंदुत्व

विशेष

“यदि इस देश में भारत के 20-22 करोड़ लोगों को हम अपने से अलग मानेंगे तो हम खुद को राष्ट्रवादी कैसे कहेंगे? इस देश को हम मजहब के आधार पर बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक में बांट देंगे। हम राष्ट्रवादी नहीं होंगे बल्कि जिन्नावादी होंगे। दुनिया में पाकिस्तान ही एक मात्र देश है, जो मजहब के आधार पर बना है। पाकिस्तान की ज्यादातर परेशानियों का कारण भी यही है। भारत का निर्माण या अस्तित्व किसी धर्म, संप्रदाय, मजहब, वंशवाद या जाति के आधार पर नहीं हुआ है। इसीलिए इसे सिर्फ हिंदुओं का देश नहीं कहा जा सकता है। हां, इस अर्थ में यह हिंदुओं का देश जरूर है कि जो भी यहां का बाशिंदा है, वह हिंदू है। मोहन भागवत का मंतव्य यही है। यह मंतव्य अत्यंत पवित्र है, क्योंकि यह हम और तुम के भेद को खत्म करता है”



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने मातृभाषा हिंदी के सम्मान के आजीवन पक्षधर रहे वरिष्ठ पत्रकार और विचारक डॉ. वेद प्रताप वैदिक के निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वो राष्ट्रवादी और प्रखर चिंतक थे। वो विचारधारा के स्तर पर हमें सलाह देते रहते थे। ऐसी बड़ी हस्ती का हमसे बिछुड़ना दुखद है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है। इस मौके पर श्रद्धांजलि स्वरूप डॉ. वेद प्रताप वैदिक का आलेख प्रस्तुत है। यह सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के करीब छह साल पहले के मध्य प्रदेश प्रवास पर केंद्रित है। डॉ. वैदिक के इस नश्वर संसार को छोड़कर अनंत यात्रा पर चले जाने से उपजे सन्नाटे को यह लेख उम्मीद की लौ दिखाता नजर आ रहा है। डॉ. वेदप्रताप वैदिक ने आलेख में जो लिखा, वह इस प्रकार है-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मध्य प्रदेश यात्रा के दौरान ऐसा बयान दे दिया है, जो हिंदुत्व शब्द की परिभाषा ही बदल सकता है। अभी तक भारत में हिंदू किसे कहा जाता है और अहिंदू किसे? पहले अहिंदू को जानें। जो धर्म भारत के बाहर पैदा हुए, वे अहिंदू यानी ईसाई, इस्लाम, पारसी, यहूदी आदि! जो धर्म भारत में पैदा हुए, वे हिंदू यानी वैदिक, पौराणिक, वैष्णव, शैव, शाक्त, जैन, बौद्ध, सिख, आर्यसमाजी, ब्रह्म समाजी आदि। इन तथाकथित हिंदू धर्म की शाखाओं में चाहे जितना भी परस्पर सैद्धांतिक विरोध हो, उन सब को एक ही छत्र के नीचे स्वीकार किया जाता है। हिंदू-अहिंदू तय करने के लिए किसी सिद्धांत की जरूरत नहीं है। इस निर्णय का आधार सैद्धांतिक नहीं, भौगोलिक है। इसे ही आधार मानकर विनायक दामोदर सावरकर ने प्रसिद्ध ग्रंथ हिंदुत्व लिखा था। हिंदुत्व की विचारधारा ने ही हिंदू महासभा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को जन्म दिया था। सावरकरजी की मान्यता थी कि जिस व्यक्ति का पुण्यभू और पितृभू भारत में हो, वही हिंदू है। यानी जिसका पूजा-स्थल, तीर्थ, देवी-देवता, पैगंबर, मसीहा, पवित्र ग्रंथ आदि भारत के बाहर के हों, उसका पुण्यभू भी बाहर ही होगा। उसे आप हिंदू नहीं कह सकते चाहे भारत उसकी पितृभूमि हो यानी उसके पुरखों का जन्म स्थान हो। कोई भारत में पैदा हुआ है लेकिन, उसकी पुण्यभूमि मक्का-मदीना, यरुशलम, रोम या मशद है तो वह खुद को हिंदू कैसे कह सकता है? सावरकरजी की हिंदू की यह परिभाषा उस समय काफी लोकप्रिय हुई, क्योंकि उस समय मुस्लिम लीग का जन्म हो चुका था और इस्लाम के नाम पर अलग राष्ट्र की मांग जोर पकड़ने लगी थी। सावरकर का हिंदुत्व उस समय राष्ट्रवाद का पर्याय-सा बन गया था और लोग समझ रहे थे कि लीगी सांप्रदायिकता का यही करारा जवाब है। स्वयं सावरकर ने भारत के आजाद होने के 15-20 साल बाद अपने अभिमत पर पुनर्विचार किया था। लेकिन संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पुण्यभू की छूट देकर हिंदू शब्द की परिभाषा को अधिक उदार बना दिया है। उन्होंने बैतूल के भाषण में कहा कि हिंदुस्तान में रहने वाला हर नागरिक उसी तरह हिंदू कहलाएगा, जैसे अमेरिका में रहने वाला हर नागरिक अमेरिकी कहलाता है, उसका धर्म चाहे जो हो। उनके इस तर्क को थोड़ा आगे बढ़ाएं तो यहां तक जा सकता है कि किसी नागरिक के पुरखे या वह स्वयं भी चाहे किसी अन्य देश में पैदा हुआ हो, यदि उसे नागरिकता मिल जाए तो वह खुद को अमेरिकी घोषित कर सकता है। यानी किसी के हिंदू होने में न धर्म आगे आएगा और न ही उसके और उसके पुरखों का जन्म-स्थल। यानी पुण्यभू के साथ पितृभू की शर्त भी उड़ गई। सैद्धांतिक और भौगोलिक दोनों ही आधार इस नई परिभाषा के कारण पतले पड़ गए। यूं भी हिंदू शब्द तो शुद्ध भौगोलिक ही था। यह सिंधु का अपभ्रंश है। सिंध से ही हिंद बना है। प्राचीन फारसी में स को ह बोला जाता था, जैसे सप्ताह को हफ्ता! सिंध का हिंद हो गया। स्थान का स्तान हो गया। हिंद और स्तान मिलकर हिंदुस्तान बन गया। हिंद से ही हिंदू, हिंदी, हिंदवी, हुन्दू, हन्दू, इंदू, इंडीज, इंडिया और इंडियन आदि शब्द निकले हैं। विदेशियों के लिए हिंदू शब्द भारतीय का पर्याय है। जब मैं पहली बार चीन गया तो चीन के विद्वान और नेता मुझे इंदुरैन इंदुरैन बोलते थे। यों तो भारत का प्राचीन नाम आर्यावर्त या भारत या भरतखंड ही है। मैंने वेदों, दर्शनशास्त्रों, उपनिषदों, आरण्यकों, रामायण, महाभारत या गीता में कहीं भी हिंदू शब्द कभी नहीं देखा। इस शब्द का प्रयोग तुर्की, पठानों और मुगलों ने पहले-पहल किया। वे सिंधु नदी पार करके भारत आए थे, इसलिए उन्होंने इस सिंधु-पर क्षेत्र को हिंदू कह दिया। भारतीयों ने विदेशियों या मुसलमानों द्वारा दिए गए इस शब्द को स्वीकार कर लिया, क्या यह हमारी उदारता नहीं है? ऐसे में विदेशी मजहबों के मानने वालों को अपना कहने में हमें एतराज क्यों होना चाहिए? यदि इस देश में भारत के 20-22 करोड़ लोगों को हम अपने से अलग मानेंगे तो हम खुद को राष्ट्रवादी कैसे कहेंगे? इस देश को हम मजहब के आधार पर बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक में बांट देंगे। हम राष्ट्रवादी नहीं होंगे बल्कि जिन्नावादी होंगे। दुनिया में पाकिस्तान ही एक मात्र देश है, जो मजहब के आधार पर बना है। पाकिस्तान की ज्यादातर परेशानियों का कारण भी यही है। भारत का निर्माण या अस्तित्व किसी धर्म, संप्रदाय, मजहब, वंशवाद या जाति के आधार पर नहीं हुआ है। इसीलिए इसे सिर्फ हिंदुओं का देश नहीं कहा जा सकता है। हां, इस अर्थ में यह हिंदुओं का देश जरूर है कि जो भी यहां का बाशिंदा है, वह हिंदू है। मोहन भागवत का मंतव्य यही है। यह मंतव्य अत्यंत पवित्र है, क्योंकि यह हम और तुम के भेद को खत्म करता है। हिंदू की इस परिभाषा से सहमत होने का अर्थ है, सभी पूजा-पद्धतियों को स्वीकार करना। गांधीजी इसे ही सर्वधर्म समभाव कहते थे। इसे आधार बनाएं तो फिर राष्ट्रवादिता से कोई भी अछूता नहीं रह सकता। इसी दृष्टि से मैं अपने अभिन्न मित्र और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरसंघचालक स्वर्गीय कुप्प सी. सुदर्शन से कहा करता था कि भारत के मुसलमानों को राष्ट्रवादी धारा से जोड़ना बेहद जरूरी है। मुझे खुशी है कि राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के जरिए वही काम आज हो रहा है। यह कितनी अद्भुत बात है कि यह मंच तीन तलाक का विरोध कर रहा है और मुस्लिम समाज में अनेक सुधारों की पहल भी कर रहा है। ऐसी पहल सभी धर्मों में क्यों नहीं होती? यह इतिहास का एक बड़ा सत्य है और अकाट्य है कि किसी भी विचारधारा या सिद्धांत या धर्म का जन्म चाहे जिस देश में हुआ हो, उसके मानने वालों पर ज्यादा प्रभाव उनके अपने देश की परंपरा का ही होता है। इसी आधार पर दुबई के अपने एक भाषण में अरब श्रोताओं के बीच मैंने यह बात डंके की चोट पर कह दी थी कि भारत का मुसलमान दुनिया का श्रेष्ठतम मुसलमान है, क्योंकि भारत की हजारों साल की परम्परा उसकी रगों में बह रही है। बादशाह खान ने अब से लगभग 50 साल पहले मुझे काबुल में कहा था कि मैं पाकिस्तानी तो पिछले 19-20 साल से हूं, मुसलमान तो मैं हजार साल से हूं, बौद्ध तो मैं ढाई हजार साल से हूं और आर्य-पठान तो पता नहीं, कितने हजारों वर्षों से हूं। यदि इस तथ्य को सभी भारतीय स्वीकार करें तो सोचिए, हमारा राष्ट्रवाद कितना सुदृढ़ होगा।

प्रस्तुति-हिन्दुस्थान समाचार

## कविता

### जंगल और ऑस्कर

जंगल हमें अब अच्छे लगते हैं
शायद!
जंगल की परिभाषा बदल गयी है
जंगल में अब जंगलीपन नहीं दिखता
जंगल में अब
दिखती है हरियाली, सुंदरता और झरने
जंगल से अब हम डरते नहीं
जंगल को अब हम जीना चाहते हैं
उससे खूब बतियाना चाहते हैं
जंगल में मिल जाना चाहते हैं
कल तक
हम जंगल से नफरत करते रहे
वहां के लोगों को हमने जंगली कहा
शेर, बाघ, चितों, हाथी को आदमखोर
माना
लेकिन, आज जंगल बदल गया है
उसकी भाषा और लोग बदल गए हैं ?
ऐसा नहीं है ?
जंगल जो कल था वह आज भी है
बस हमने बदला है
सर्फ सोचने का तरीका
तभी तो
जंगल अब जंगल नहीं ऑस्कर है

प्रभुनाथ शुक्ल

# सब राजनीति है और कुछ नहीं!

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर घर से लेकर मोहल्ला चौराहा शहरजिला राज्य और देश स्तर पर हर स्थान पर किसी भी विषय पर बातेंबहुत होती है और उसका अंत इसी बात पर हो जाता है कि यह तो राजनीति हो रही है! हमें सच्चाई झूठाई सही गलत का पता या अंदेशा नहीं होता है,लेकिन अनायास ही हम कह देते हैं कि राजनीति हो रही है! बड़े-बड़े झगड़ों विवादों सामाजिक समस्याओं से लेकर देश की समस्यायों समाधानों में किसी एक या दोनों पक्षों द्वारा यह सुनने को मिलता है कि राजनीति हो रही है! परंतु क्या हम राजनीति का अर्थ जानते हैं? यदि बात हमारे पक्ष में हुई हो तो ठीक, नहीं तो हम कह देते हैं कि मेरे साथ राजनीति हो रही है! अभी हाल ही में दिनांक 13 मार्च 2023 को संसद में विपक्ष के नेता के अब्रॉड में बयानों, रिसर्च रिपोर्ट, ईडी सीबीआई के छापे इत्यादि को लेकर बजट के दूसरे सत्र के पहले दिन ही जोरदार हंगामा हुआ और सदन 14 मार्च 2023 तक स्थगित कर दिया गया। दूसरी ओर एक राज्य के सत्ताधारी उपमुख्यमंत्री और उनके परिवार पर ईडी के छापों से भी माहौल गरमाया हुआ है। इसपर ही उपमुख्यमंत्री महोदय ने पॉलिटिकल साइंस और पब्लिक साइंस का उल्लेख करके कहा कि उनके झूठ, अफवाह और फर्जी राजनीतिक मुकदमों से लड़ने के लिए हमारे पास राजनीतिक जमीन है, जिगर है और जमीर भी है, उनके पास छल बल और धन बल है तो हमारे पास जनबल है। वे पॉलिटिकल साइंस वाले हैं, हम पब्लिक साइंस वाले है। चूंकि आज पॉलिटिकल और पब्लिक साइंस की बात मीडिया में खूब उछली इसलिए आज हम मीडिया में आई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि, पॉलिटिकल साइंस बनाम पब्लिक साइंस, सब राजनीति है और कुछ नहीं ! साथियों बात अगर हम राजनीति की करें तो, राजनीति दो शब्दों का एक समूह है राज+नीति (राज मतलब शासन और नीति मतलब उचित समय और उचित स्थान पर उचित कार्य करने की कला) अर्थात नीति विशेष के द्वारा शासन करना या विशेष उद्देश्य को प्राप्त करना राजनीति कहलाती है। दूसरे शब्दों में कहें तो जनता के सामाजिक एवं आर्थिक स्तर (सार्वजनिक जीवन स्तर)को ऊँचा करना राजनीति है । नागरिक स्तर पर या व्यक्तिगत स्तर पर कोई विशेष प्रकार का सिद्धान्त एवं व्यवहार राजनीति (पॉलिटिक्स) कहलाती है।

अधिक संकीर्ण रूप से कहें तो शासन में पद प्राप्त करना तथा सरकारी पद का उपयोग करना राजनीति है।राजनीति में बहुत से रास्ते अपनाये जाते हैं जैसे- राजनीतिक विचारों को आगे बढ़ाना,विधि बनाना, विरोधियों के विरुद्ध युद्ध आदि शक्तियों का प्रयोग करना। राजनीति बहुत से स्तरों पर हो सकती है- गाँव की परम्परागत राजनीति से लेकर, स्थानीय सरकार, सम्प्रभुत्वपूर्ण राज्य या अन्तराष्ट्रीय स्तर पर।

## विचार

# वेद प्रताप वैदिक जी का जाना पत्रकारिता जगत की अपूर्णीय क्षति

**आर0 के0 सिन्हा**

**वेद** प्रताप वैदिक जी का अचानक हमलोगों के बीच से जाना पूरे पत्रकारिता जगत के लिए बहुत ही बड़ा नुकसान है। वेद प्रताप वैदिक जी इस आयु में भी लगभग प्रतिदिन लिखते थे और देश-विदेश के सैकड़ों समाचार पत्रों में उनके लेख प्रतिदिन छपते भी रहते थे। आज सुबह ही मैं वैदिक जी का ताजा लेख पढ़ रहा था। विदेश नीति में भारत से चीन आगे क्यों। यह लेख ईरान और सउदी अरब के बीच के समझौते को लेकर है। वेद जी की चिंता थी कि इसकी सारा श्रेय चीन लूटे चला जा रहा है और भारत ईरान-सउदी अरब दोनों देश का मित्र देश होने के बावजूद चुपचाप बैठा है। यह लेख वैदिक जी ने मुझे 11 मार्च को सुबह 7.56 मिनट पर भेजा। फिर दुबारा यही लेख 7.57 मिनट पर भी भेजा। वैसा वे कई बार ऐसा करते भी थे। जब वे ऐसा सोचते थे तो उस लेख को मुझे पढ़ना जरूरी है। वेद जी मेरे बड़े भाई के तरह थे। जब भी वे किसी आयोजन में पटना आते तो वे मेरे निवास अन्नपूर्णा भवन में ही ठहरते थे। मेरे घर का भोजन उन्हें पसंद था। सामान्यतः पूर्णत शाकाहारी व्यक्ति को किसी दूसरे के घर का भोजन तभी रूचिकर लगता है जब उन्हें मन पसन्द का भोजन मिले। वैसे तो वे अपना सूखा भोजन लेकर ही प्रवास करते थे। लेकिन, वेद जी जब मेरे घर आते थे, तो बहुत ही निश्चित होकर शांतभाव से अपने पसन्द का भोजन करते थे। उनके लिए भोजन से कहीं ज्यादा जरूरी था, प्रतिदिन सम सामयिक विषयों पर लिखना और उसे ज्यादा से ज्यादा देश दुनिया के तमाम अखबारों में और मित्रों के बीच प्रसारित करना। कोई कुछ पैसा दे दे तो ठीक है और नहीं भी दे तो भी ठीक। उनके द्वारा प्रसारित पूरा लेख छापे तो बहुत बढ़िया। काट-छांट कर भी छापे तो भी कोई शिकायत नहीं। कोई उनके लेख का पारिश्रमिक भेज दे तो भी धन्यवाद और न भी भेजे तो भी उससे कोई शिकायत नहीं। अपने पचास वर्ष के पत्रकारिता जीवन में मैंने ऐसे सिर्फ दो महान सम्पादक पाये जो स्वान्तः सुखायः प्रतिदिन करते थे। एक थे डा0 वेद प्रताप वैदिक और दूसरे थे बड़े भाई स्वर्गीय भानु प्रताप शुक्ल। उन्होंने कभी इस बात की चिंता ही नहीं की कि किसी ने कुछ दिया या नहीं या दिया तो कितना दिया। उनका पत्रकारिता का धर्म था लिखना कर्तव्यबोध था अपनी बात को साफगोई से निर्भिकता पूर्वक व्यक्त करना। वैदिक जी सबके मित्र थे। कभी किसी से कटु शब्द बोलते नहीं थे। लेकिन, यदि जरूरत पड़े और उनका पत्रकारिता का धर्म किसी की आलोचना करने को विवष करे तो वे किसी को आलोचना करने से हिचकते भी नहीं थे। जब मैं 2016 में हिन्दुस्थान समाचार का अध्यक्ष बनाया गया था तो सबसे पहले बधाई देने वाले वैदिक जी ही थे। जब हिन्दुस्थान समाचार को अपने शासनकाल में इंदिरा गांधी जी ने सरकारी एजेंसी समाचार में विलय कर दिया था तो, उस समय के निदेशक मंडल के सदस्यों में वेद प्रताप वैदिक जी भी थे। इंदिरा गांधी के इस निर्णय से वेद जी सख्त नाराज थे और वे इस मामले पर वे इन्दिरा जी के पास जाकर झगड़ा करने को तैयार थे। लेकिन स्व0 बालेश्वर अग्रवाल जी ने उन्हें समझाया कि तुम समझो कि इंदिरा गांधी जिस प्रकार की महिला हैं, जिद पर अड़ी हैं तो उनके जैसे झगड़ा करने का कोई मतलब नहीं है। वेद प्रताप वैदिक जी एक अति संवेदनशील मानवीय गुणों से भरपूर व्यक्ति थे। एक बार मैं पटना के रवीन्द्र भवन में एक कार्यकम में मंच पर बैठा था। बार बार उनका फोन आ रहा था और मैं उसे हर बार काटते जा रहा था। वे फोन करते ही जा रहे थे। जब 6-7 बात ऐसा हो गया तो मैं लधुशंका करने के बहाने से सीट से उठा और बाहर जाकर उन्हे फोन किया और कहा कि मैं एक मीटिंग में बैठा था और आप फोन करके परेशान होते जा रहे हैं, क्या बात है? उन्होंने कहा कि पता है, सिद्धेश्वर बाबू का देहांत हो गया है। मैंने कहा कि मुझे भी जानकारी मिली है कि वे अब नहीं रहे। उन्होंने कहा कि वे तीसरी मंजिल पर रहते हैं उन्हें नीचे उतारना होगा। मैंने कहा कि वे एक अति सम्मानित व्यक्ति थे और वे नालन्दा के सांसद और मंत्री भी रहे हैं।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल सुलभ जी इसी कार्यक्रम को छोड़कर अभी वहीं गये हैं। मैं भी कार्यक्रम की समाप्ति के बाद वहीं जाने वाला हूॅ। मैं वहां गया और दूसरे दिन सिद्धेश्वर बाबू के संस्कार में शामिल हुआ। लेकिन, जब तक उनका अंतिम दाह-संस्कार नहीं हो गया, वे बराबर फोन करते रहे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादकः राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बाजारवाद के इस दौर में क्या ग्राहक वाकई राजा है?

**आज** हम जिस दौर में जी रहे हैं वो है बाजारवाद और उपभोक्तावाद का दौर। अब पहला प्रश्न यह कि इसका क्या मतलब हुआ? परिभाषा के हिसाब से यदि इसका अर्थ किया जाए तो वो ये होगा कि आज उपभोक्ता (यानी किसी भी वस्तु का उपयोग करने वाला) ही राजा है। खास बात यह है कि बाजारवाद के इस दौर में उपभोगता की जरूरत से आगे बढ़कर उसके आराम को केंद्र में रखकर ही वस्तुओं का निर्माण किया जा रहा है। मोबाइल है तो यूजर फ्रेंडली। कोई ऐप है तो उसका इस्तेमाल करने वाले की उम्र यानी बच्चे, युवा, अथवा वयस्क के मानसिक विकास,उसकी जरूरतों और क्षमताओं को ध्यान में रखकर उसे कस्टमर फ्रेंड्ली बनाया जा रहा है। अगर रोबोट है तो ह्यूमन फ्रेंड्ली। और पूंजीवाद के इस युग में तो मनुष्य के उपभोग के लिए समान बनाने वाली विभिन्न कंपनियां उसे अपनी ओर आकर्षित करने के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। यहाँ यह कहने की आवश्यकता नहीं कि इसके लिए (ग्राहक को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए) ये कंपनियां मार्केटिंग और पब्लिसिटी का इस हद तक सहारा ले रही हैं कि आज एडवरटाइजिंग अपने आप में एक तेजी से बढ़ता हुआ उद्योग बन चुका है। अब दूसरा प्रश्न यह है कि इसके क्या मायने हैं? नहीं वो नहीं है जो आप सोच रहे हैं कि पूंजीवाद के इस दौर में आप यानी ग्राहक एक राजा है। ये तो हमें एक ग्राहक के रूप में एहसास कराया जा रहा है लेकिन सत्य इसका उलट है। सत्य तो यह है कि उपभोगतावाद के इस दौर में हम बाजरवाद के गुलाम बनकर रह गए हैं। क्यों चौंक क्यों गए न ? चलिए जरा खुल कर बात करते हैं, इसे एक साधारण से उदाहरण से समझते हैं। सच बताइए जब हमारा बच्चा घर की रोटी या दाल चावल या सब्जी के बजाए मैग्गी की जिद करता है और हम यह जानते हुए कि हमारे बच्चे की सेहत के लिए मैगी ठीक नहीं है फिर भी हम मैगी खरीदते ही नहीं हैं बल्कि उसे खाने भी देते हैं तो क्या हम अपने मर्जी के राजा बनकर खरीदते हैं? नहीं नहीं ऊपरी तौर पर नहीं बल्कि जरा गहराई और ईमानदारी से विषय पर सोचिए।

# तपती धरती, संकट में अस्तित्व

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

**दुनिया** भर में, गर्म दिन अधिक गर्म और लगातार हो रहे हैं। पिछले एक दशक में, दैनिक रिकॉर्ड उच्च तापमान महाद्वीपीय संयुक्त राज्य भर में रिकॉर्ड कम होने की तुलना में दोगुना हुआ है, जो 1950 के दशक में लगभग 1:1 के अनुपात से अधिक है। गर्मी की लहरें अधिक आम होती जा रही हैं, और अमेरिका के पश्चिम में तीव्र गर्मी की लहरें अधिक होती हैं, हालांकि देश के कुछ हिस्सों में 1930 के दशक में अभी भी गर्मी की लहरों की संख्या का रिकॉर्ड है। भारत में, 10 सबसे गर्म वर्षों में से नौ पिछले 10 वर्षों में दर्ज किए गए हैं, और सभी 2005 के बाद से दर्ज किए गए हैं। पिछला साल रिकॉर्ड पर पांचवां सबसे गर्म वर्ष था। गर्मी की लहरों के कारण प्रेरित तनाव श्वसन और मृत्यु दर को बढ़ाता है, प्रजनन क्षमता को कम करता है, पशु व्यवहार को संशोधित करता है, और प्रतिरक्षा और अंतःस्त्रावी तंत्र को दबा देता है, जिससे कुछ बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। 1992 के बाद से, भारत में लू से संबंधित 34,000 से अधिक मौतें हुई हैं। यह विशेष रिपोर्ट हाल की कुछ रिपोर्ट में सामने आए कुछ चौंकाने वाले तथ्यों की ओर इशारा करती है। यह भारत में जलवायु परिवर्तन/गर्मी की लहर के तनाव से उत्पन्न होने वाली जमीनी पीड़ा को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में भी बात करता है। यदि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में महत्वपूर्ण रूप से कटौती नहीं की जाती है, तो सदी के मध्य तक दैनिक उच्च और निम्न तापमान अधिकांश क्षेत्रों में कम से कम 5 डिग्री फारेनहाइट तक बढ़ जाएगा, जो सदी के अंत तक 10 डिग्री फारेनहाइट तक बढ़ जाएगा। राष्ट्रीय जलवायु आकलन का अनुमान है कि मध्य-शताब्दी तक अधिकांश क्षेत्रों में 90 डिग्री फारेनहाइट से अधिक। उच्च आर्द्रता के साथ संयुक्त होने पर गर्म तरंगें अधिक खतरनाक होती हैं। तापमान और आर्द्रता के संयोजन को ताप सूचकांक द्वारा मापा जाता है। हाल ही के एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि 20वीं शताब्दी के अंत की तुलना में 100 डिग्री फारेनहाइट से ऊपर ताप सूचकांक वाले दिनों की वार्षिक संख्या दोगुनी हो जाएगी, और 105 डिग्री फारेनहाइट से ऊपर ताप सूचकांक वाले दिन देश भर में तिगुने हो जाएंगे।

# 10 में से सात शिकायतों का किया निवारण



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हरियाणा** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 10 में से सात शिकायतों का मौके पर ही निवारण करते हुए एक महिला की लोन भरने का लेकर आ रही समस्या के हल के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विधायक मोहनलाल बड़ौली की मांग पर सालासर धाम व खाटूश्याम यात्रा के लिए रोडवेज बस की सुविधा उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की। मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला परिवाद एवं कष्टद्द निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा कर रहे थे। बैठक में उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। इस दौरान ऋषि कालोनी की कुसुम बंसल ने शिकायत दी कि ऋण की किश्त भरने को लेकर फाईनेंस कंपनी उन्हें परेशान कर रही है। कुसुम के ससुर ने बताया कि उनके पुत्र की मृत्यु हो चुकी है, जिसके चलते उन्हें किश्त भरने में समस्या आ रही है। उनकी समस्या को गंभीरता से समझते हुए परिवहन मंत्री ने संबंधित कंपनी के प्रतिनिधि को सकारात्मक रूख अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मामले में उन्होंने उचित समाधान के लिए एक कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए। बैठक में कमासपुर के सतपाल व जयभगवान ने शिकायत दी कि उन्हें उनके प्लाट पर ही दबंग लोग निर्माण नहीं करने दे रहे। इस पर परिवहन मंत्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए, जिस पर उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर शीघ्रातिशीघ्र समाधान करवायेंगे। जुआं गांव के संदीप ने अवैध रूप से मीट की दुकान चलाने की शिकायत दी थी, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने दुकानें बंद करवा दी। किंतु

**8 विधायक मोहनलाल बड़ौली की मांग पर सालासर धाम व खाटूश्याम यात्रा के लिए रोडवेज बस की सुविधा उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की**

शिकायतकर्ता ने कहा कि दुकानें खोली जा रही हैं। इस पर उपायुक्त ने विश्वास दिलाया कि यदि दोबारा दुकानें खोली जायें तो उनकी शिकायत पर दुकानें सील करवा दी जाएगी। निगम पार्षद पुनीत त्यागी ने राई में लाल डोरे के अंदर व बाहर की जायदाद नगर निगम के वैध क्षेत्र में होने के बावजूद रजिस्ट्री न होने की शिकायत दी, जिसके समाधान तलाशने के लिए परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि यह मामला प्रदेश स्तर का है, जिसके समाधान की दिशा में प्रयासों को गति दी जाएगी। खेवड़ा के ग्रामीणों ने बायोगैस प्लांट लगाने की आड़ में अवैध रेत खनन की शिकायत दी थी, जिस पर परिहवन मंत्री के निदेर्शानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग ने जुमार्ना लगाते हुए नोटिस जारी किया। इस संदर्भ में पत्रकारों ने भी विशेष बातचीत के दौरान सवाल किया तो परिवहन मंत्री ने कहा कि उनका प्रयास है कि यमुना के पांच किलोमीटर की परिधि, पहाड़ों तथा अरावली क्षेत्र में बायोगैस प्लांट न लगायें। बायोगैस प्लांट के नाम पर अवैध रूप से खनन नहीं होने दिया जाएगा। पत्रकारों के नया बस अड्डद्दा निर्माण में पूछे गए सवाल के जवाब में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सोनीपत समेत फरीदाबाद, गुरूग्राम और करनाल में नये बस अड्डद्दों की स्थापना करवाई जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि हरियाणा रोडवेज के बेड़े में बढ़ोतरी की शुरूआत की जा चुकी है।

# आशा वर्कर ने डीसी कार्यालय में किया धरना प्रदर्शन



**अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर में आज आशा वर्कर्स ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व डीसी कार्यालय में धरना प्रर्दशन किया। उनका कहना था कि आशा वर्कर्स के पास आशा की नियमित गतिविधियों के अलावा बहुत सारे काम हैं सभी कार्यों को करने के बाद आशा वर्कर्स के पास ऑनलाइन काम करने का कोई समय नहीं होता है। एनसीडी का ऑफलाइन काम आशा पिछले 2 वर्षों से लगातार कर रही हैं परंतु उनकी प्रोत्साहन राशियों का भुगतान ज्यादातर जगह पर अभी तक नहीं किया गया है। एनसीडी के कार्य को ऑफलाइन जारी रखा जाए और बकाया प्रोत्साहन राशियों का भुगतान तुरंत किया जाए। विभाग द्वारा आशा वर्कर्स को जो फोन दिए गए हैं बड़ी संख्या में हैंग होते हैं खराब हो चुके हैं।

# बिजली उपभोक्ताओं को सरकार ने दी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा सरकार** द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को सरकार ने राहत दी है । बकाया बिलों की समस्या के समाधान के लिए सरकार ने सरचार्ज माफी योजना की शुरूआत 01.09.2022 से 31.01.2023 तक की गई थी। इस योजना का लाभ शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे उपभोक्ताओं के लिए था, जिनका बिल 31.12.2021 तक बकाया था तथा अब तक भी बिल बकाया है। यह योजना कनैक्टिड तथा डिसकनैक्टिड दोनों तरह के उपभोक्ताओं के लिए है। यह जानकारी देते हुए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता वी.के. बरनवाल ने बताया कि इस योजना में 31.01.2023 तक 14534 उपभोक्ताओं ने लाभ लिया और उन उपभोक्ताओं का 533.42 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है। इस स्कीम की उपलब्धियों को देखते हुए सरकार ने इस योजना की अवधि को 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दिया है। बिजली विभाग द्वारा ऐसे उपभोक्ता, जो इस स्कीम में आते हैं, उनसे अनुरोध हैं कि वह इस योजना में शामिल हों और अपने बिल का सरचार्ज माफ कराएं। इस योजना के तहत अब तक का पूर्ण सरचार्ज फ्रीज कर दिया जाएगा तथा उन्हें केवल अब तक की मूल राशि का भुगतान करना होगा। उपभोक्ता मूल राशि एकमुश्त अथवा अगले तीन बिलों के साथ भी जमा करवा सकता है। एकमुश्त जमा करवाने पर उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी दी जाएगी। इस योजना से सम्बधिंत जानकारी उपमंडल कार्यालय से ली जा सकती है। इस योजना में फ्रीज किया गया सरचार्ज अगले 6 बिलों की लगातार अदायगी के अनुपात में माफ कर दिया जाएगा। अगर उपभोक्ता अपनी मूल राशि एकमुश्त या निर्धारित किस्तों में जमा नहीं करवाते और आगामी 6 बिल लगातार जमा नहीं करवाया तो उसका फ्रीज किया गया

# सरकारी स्कूल में टूल किट वितरण समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**अबालां** के निकटवर्ती गांव अधोया के सरकारी स्कूल में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्किल इंडिया के तहत एनएसक्यूएफ परियोजना में ब्यूटी एंड वैलनेस की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए टूल किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया । समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश पराशर ने की कार्यक्रम का संचालन पवन पराशर द्वारा किया गया। पराशर ने कहा कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को टूल किट देना एक सराहनीय पहल है जोकि आजीविका



कमाने का एक साधन बन सकता है इस अवसर पर ब्यूटी एंड वैलनेस की वोकेशनल टीचर मनजीत कौर ने बताया कि एनएसक्यूएफ परियोजना ज्ञान, कौशल और योग्यता के स्तरों की एक श्रृंखला के अनुसार योग्यता का आयोजन करता है यह एक राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत शिक्षा और योग्यता आधारित कौशल ढांचा है जो व्यावसायिक शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करता है यानि कि आजीविका कमाने और कौशल विकास को बढ़ावा देने के अवसर प्रदान करता है रोजगार के लिए विषय के रूप में ब्यूटी एंड वैलनेस का महत्व बढ़ता जा रहा है। जोकि पढाई के साथ-साथ आजीविका कमाने का एक साधन बन सकता है राजेश पराशर ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी और कहा कि सभी को एक लक्ष्य जरुर निर्धारित करना चाहिए व विद्यार्थियो को अपनी पढाई के प्रति सजग और अपडेट रहने के लिए भी प्रेरित किया । इस अवसर पर शिक्षा ग्रहण कर रही छात्रा जशंप्रीत ने बताया कि इस कोर्स के द्वारा विद्यार्थी अपना स्वय रोजगार आसानी से शुरू कर सकते है । इस अवसर पर 50 विद्यार्थियों को घर पर ही अपना रोजगार शुरू करने के लिए ब्यूटी एंड वैलनेस की

## न्यूज फ्लैश

### नीदरलैंड के पानी बचाने वाले एनजीओ ने की दा पानीपत डायर्स एसो. के प्रधान से भेंट

**पानीपत:** नीदरलैंड के एनजीओ सोलीदार दार के प्रतिनिधियों ने जल संरक्षण के लिए दा पानीपत डायर्स एसोसियासन के प्रधान भीम राणा से भेंट की ।भीम राणा ने प्रतिनिधि मण्डल को बताया की पानीपत के उद्योगपति पानी बचाने को अति गंभीर है। उद्योगपति पानी को री यूज कर रहे है। भीम राणा ने आश्वासन दिया की आगे भी एनजीओ कोई नई तकनीक उपलब्ध कराएगा उद्योगपति उसमे भी सहयोग करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में नीदरलैंड से आई हेनानकी ने कहा की एनजीओ का मुख्य उद्देश जल बचाना है उद्योगपति इसमें सहयोग करे। एनजीओ नई तकनीक भी मुहैया करवाने का प्रयास करेगा। बैठक में मौजूद भाजपा ज़िला मिडिया प्रमुख ईश कुमार राणा ने कहा की सरकार भी जल संरक्षण की बढ़ावा दे रही है। प्रधान मंत्री मोदी जल संरक्षण को बढ़ावा दे रहे है। नमामि गंगे इसी का प्रयास है मुख्य मंत्री मनोहर लाल मेरा पानी मेरी विरासत तथा फुवारा सिंचाई के माध्यम से पानी की बचत को बढ़ावा दे रहे हैं ।इस अवसर मुख्य रूप एनजीओ के कार्यक्रम प्रबंधक श्रवण कुमार तथा एनजीओ प्रतिनिधि पुनीत रमन आदि मौजूद रहे।

### राजनीति नहीं लोगों की सेवा करूंगा: करतार

**समालखा: हरियाणा** के पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने आज अपने निवास जीटी रोड स्थित पर एचपी के पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया इस मौके पर हजारों लोग मौजूद थे ' सभी के लिए भोजन का विशेष प्रबंध किया गया ' इस मौके पर करतार सिंह भड़ाना ने बताया कि जहां किसान को 5 लीटर डीजल की लागत होती है इस पंप से वही लागत 4 लीटर डीजल में पूरी हो जाएगी किसान को भरपूर फायदा होगा ' राजनीति के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि पहले भी लोगों की सेवा की है और जिंदगी भर सेवा करता रहूंगा ' समालखा के लोगों का प्यार और आशीर्वाद का कर्ज वह जिंदगी भर नहीं उतार सकते।

### आईआईटी प्रोग्राम में सुखबीर मलिक को ट्रेनिंग देने के लिए सम्मानित किया

**पानीपत: हरियाणा** सरकार द्वारा आईआईटी को बढ़ावा देने के लिए पिछले दिनों में कई ट्रेनिंग कैंप लगाए गए जिसमें बेरोजगार युवकों को स्किल सिखाने के लिए लोगों को नियुक्त किया गया था। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखबीर सिंह मलिक जिनकी अपनी एक फ्रेंड्स इंजीनियरिंग नाम की वर्कशॉप है ।बेरोजगार बच्चों को स्किल देने के लिए और प्रॉपर ट्रेनिंग देने का जिम्मा सौंपा गया। जिसे सुखबीर मलिक ने पूरे दिल से निभाया। सैकड़ों बेरोजगार नवयुवकों को स्किल योग्यता के लिए प्रेरित किया। आज स्काईलार्क में हरियाणा सरकार के नुमाइंदे डिप्टी कमिश्नर पानीपत ने आईआईटी ट्रेनिंग देने वालों को सम्मानित किया आज स्काईलार्क में हुए समारोह में सुखबीर मलिक को डिप्टी कमिश्नर सुशील सारवान ने फूल गुलदस्ता एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सुखबीर मलिक ने इस मौके पर कहां मेरे से जितना बन पड़ेगा मैं लोगों को योग्यता अनुसार ट्रेनिंग देता रहूंगा। अगर कोई बेरोजगार युवा कुछ योगिता पाना चाहता है तो उसका हम स्वागत करेंगे उसको रोजगार बनाने के लिए स्किन योग्यता आईआईटी जैसी देने की कोशिश करेंगे।इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के सहयोगी मुकेश शर्मा, प्यारेलाल गुप्ता व अन्य साथी मौजूद रहे ।

### भारतीय स्टार्टअप्स के लिए आईसीआईसीआई बैंक का स्टार्टअप इकोसिस्टम बैंकिंग का ऑफर

**नोएडा।** आईसीआईसीआई बैंक ने आज घोषणा की कि वह स्टार्टअप्स की बैंकिंग संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजिटल और फिजिकल सॉल्यूशंस की एक पूरी रेंज प्रदान करता है। बैंक अपने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से इनोवेटिव सॉल्यूशंस प्रदान करता है। ये सभी सुविधाएं गुजरात स्थित उभरते वैश्विक वित्तीय और आईटी सेवा केंद्र गिफ्ट सिटी में स्थित शाखा में भी प्रदान की जाती हैं। बैंक का स्टार्टअप इकोसिस्टम बैंकिंग ऑफर ट्रेजरी और लेनदेन बैंकिंग समाधान, ऋण समाधान, डिजिटल एकीकरण, एफडीआई और नियामक अनुपालन संबंधी सेवाएं प्रदान करता है। साथ ही यह कर्मचारियों और संस्थापकों के लिए व्यक्तिगत बैंकिंग सेवाएं भी उपलब्ध कराता है। आईसीआईसीआई बैंक अपने घरेलू नेटवर्क और न्यूयॉर्क, टोरंटो, लंदन, दुबई, सिंगापुर और हांगकांग में अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी के माध्यम से कॉम्प्रिहेंसिव सॉल्यूशंस प्रदान करता है। गिफ्ट सिटी में बैंक की उपस्थिति से इकोसिस्टम बैंकिंग को और विस्तार मिला है। श्री राजेश राय, बिजनेस हेड– वेस्ट एंड साउथ, ब्रांच बैंकिंग, आईसीआईसीआई बैंक ने कहा, ह्यह्यहमारा देश दुनिया में तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में उभरा है, जो देश की जीवंत और इनोवेटिव स्टार्टअप संस्कृति को रेखांकित करता है। आईसीआईसीआई बैंक में हम नए युग के इन कारोबारों को उनके विभिन्न चरणों में सुविधाजनक और टैक्नोलॉजी आधारित समाधानों के माध्यम से बेहतर सुविधा प्रदान करते हैं।

# 'अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहे हैं हुड्डा विभाग की जमीन पर कब्जा'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**अधिकारियों की** मिलीभगत से सरेआम हो रहे हैं हुडा विभाग की जमीन पर कब्जा शिकायतों के बाद भी नहीं हो रही कोई कार्रवाई यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा 31 अगस्त 2022 को मुख्य प्रशासक पंचकूला और संपदा अधिकारी पानीपत को सेक्टर 13 --17 बरसत रोड पर काफी हुड्डा विभाग की जमीन को अपने रिलीज भूमि मै मिलाकर उसमें एससीऔ बनाकर उसको लाखों रुपए गज के हिसाब से बेचा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस जमीन में काफी हुड्डा विभाग द्वारा अधिग्रहित भूमि को भी मिला लिया गया है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी हैरानी का विषय तो यह है कि भूमि अर्जुन अधिकारी रोहतक से मांगी गई सूचना के अनुसार खसरा नंबर 3799 कस्टोडियन भूमि है, जिसकी विभाग द्वारा कस्टोडियन को पेमेंट भी कर दी गई, लेकिन अर्जन अधिकारी और संपदा अधिकारी पानीपत द्वारा मिलीभगत करके इस खसरे को खत्म ही दिखा कर सीधे रूप से सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया गया। उनकी शिकायत पर मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी द्वारा विभाग को सख्त आदेश देकर इस जगह की निशानदेही के आदेश दिए गए थे। लेकिन विभाग द्वारा अब तक कोई निशानदेही नहीं की गई और बिल्डरों द्वारा खुले रूप से यहां पर एससीओ काटने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पानीपत के अधिकारियों की मिलीभगत से हाई कोर्ट के आदेशों के बावजूद भी विभाग की जमीनों से कब्जा नहीं हटाया जा रहा टोल प्लाजा के साथ विभाग की जमीन पर कार एजेंसीया बनाकर कब्जा किया हुआ है। हाई कोर्ट के आदेशों के बावजूद भी इन्हें खाली नहीं कराया जा रहा इसके साथ साथ बरसत रोड, आर्य नगर और जीटी रोड पर भी एचएसवीपी की कई एकड़ जमीन पर अधिकारियों की मिलीभगत से कब्जे किए हुए हैं ।

# 'टैक्स न भरने वाले व्यावसायिक वाहनों ऑटो रिक्शा व स्कूल बसों के किये जायेंगे चालान'

**ऑटो रिक्शा तथा स्कूल बस मालिकों को दिया एक टैक्स जमा करवाने के लिए सप्ताहभर का समय**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**क्षेत्रीय परिवहन** अधिकारी (आरटीओ) शंभू राठी ने कहा कि कुछ ऑटो रिक्शा चालक तथा स्कूल बस संचालक समय पर टैक्स जमा नहीं करवा रहे हैं। इसलिए अब ऐसे ऑटो रिक्शा और स्कूल बसों के चालान करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। इसके लिए टैक्स जमा न करवाने वाले ऑटो रिक्शा व स्कूल बस संचालकों को एक सप्ताह (सोमवार 20 मार्च तक) का समय दिया जा रहा है, ताकि वे चालान की कार्रवाई से बचने के लिए टैक्स जमा करवा दें। दी गई समयसीमा की छूट बीतने के बाद चालान करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
आरटीओ शंभू राठी ने कहा कि संज्ञान में आया है कि कुछ व्यावसायिक वाहन ऑटो रिक्शा तथा स्कूल बसों का टैक्स जमा नहीं करवाया जा रहा है, जो कि अनुचित है। ऑटो रिक्शा तथा स्कूल बस संचालकों को ईमानदारी से नियमों की अनुपालना करनी चाहिए। इन नियमों में निर्धारित समय पर टैक्स जमा करवाना भी शामिल है। इसलिए जो ऑटो रिक्शा तथा स्कूल बस संचालक समय पर टैक्स जमा नहीं करवा रहे हैं, उनके चालान की कार्रवाई की शुरूआत की जाएगी। इससे पहले उन्हें एक सप्ताह का समय दिया जा रहा है। इस समयावधि में उन्हें टैक्स जमा करवाना चाहिए। यदि इसके बाद भी टैक्स जमा नहीं करवाया गया तो ऐसे ऑटो रिक्शा व स्कूल बसों के चालान किये जायेंगे। आरटीओ के अनुसार टैक्स जमा न करवाना उचित नहीं है। यह कानून के विरूद्ध है, जिसके चलते कानूनी कार्रवाई के रास्ते खुले हैं। टैक्स जमा करवाना जनहित में है। प्राप्त टैक्स का जनहित में ही प्रयोग होता है।

# बोह में स्वास्थ्य मेला आयोजित,करीब 350 मरीजों ने करवाई जांच



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**प्रदेश** के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के विधानसभा क्षेत्र गांव में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच करने के साथी यदि किसी मरीज को किसी तरह की परेशानी पाई गई तो ऑपरेशन के लिए भी तैयार किया गया स्वास्थ्य मेले सिविल सर्जन डॉक्टर कुलदीप सिंह की देखरेख में आयोजित की जा रहे हैं गांव की हेल्थ मेले में करीब 350 मरीजों ने बढ़ चढ़कर अपनी जांच करवाई। मेले में मोबाइल हेल्थ वैन में ही ब्लड सैंपल, सुगर, बी पी, टी बी की जांच, चेस्ट एक्स रे, ई सी जी की जा रही है मोबाइल वैन में की जा रही जांच की रिपोर्ट्स भी 1 घन्टे में उपलब्ध करवाई जा रही है। सोमवार गाँव बोह में आयोजित मेले की व्यवस्थाओं का सिविल सर्जन डॉक्टर कुलदीप सिंह ने भी निरीक्षण किया। उनके साथ नोडल ऑफिसर डॉक्टर विशाल गुप्ता, डॉक्टर सुनील हरि की देख रेख में मेला चला। स्वास्थ्य मेले में सहज योग मेजिटेशन सेंटर भी आकर्षण का केंद्र रहा। लोगो को निरोग रहने के लिए योग - ध्यान के बारे में विस्तार से जानकारी दी

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**मो. नं.: 9896772006**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**मो. नं.: 9466035040**

# आर्य बाल भारती स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

**प्राचार्या रेखा शर्मा ने सभी का स्वागत किया और उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आर्य** बाल भारती पब्लिक स्कूल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधक समिति के मैनेजर राजेंद्र जागलान रहे। अध्यक्षता कोषाध्यक्ष आर्य मेहताब सिंह मलिक ने की । प्राचार्या रेखा शर्मा ने सभी का स्वागत किया और उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया ।इससे पूर्व वैदिक यज्ञ किया गया और शांति पाठ के साथ ही यह समारोह संपन्न हो गया । प्रबंधक समिति के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने बताया कि आगामी शिक्षा



सत्र से विद्यालय के जो छात्र आठवीं दसवीं और बारहवीं में गणित विषय में सबसे अधिक नंबर प्राप्त करेंगे उन्हें विद्यालय की ओर से प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस पर सम्मानित किया जाएगा । इसी के साथ साथ उन अध्यापकों को भी सम्मानित किया जाएगा जिनका गणित विषय का परीक्षा परिणाम बेहतर रहेगा । उन्होंने बताया कि इस समय आर्य बाल भारती स्कूल में आमूल चूल परिवर्तन किए गए हैं और नए शिक्षा सत्र से यह बदलाव लोगों को स्पष्ट नजर आएगा । प्रबंधक आर्य राजेंद्र जागलान ने कहा कि भारत ने ही अथर्ववेद के माध्यम से सारे विश्व को गणित का ज्ञान दिया । यही नहीं आचार्य चाणक्य ने गणित ज्ञान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । श्रीनिवास रामानुजाचार्य ने भी गणित में नए-नए आविष्कार कर-के विश्व को चकित किया इन्हीं के नाम पर प्रतिवर्ष दिसंबर मास में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है और अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस चार्ल्स फास्ट गणित आचार्य की याद में मनाया जाता है। प्राचार्या रेखा शर्मा ने कहा कि आगामी शिक्षा सत्र से इस विद्यालय में गणित फिजिक्स कैमिस्ट्री और संस्कृत विषय की अतिरिक्त कक्षा लगाकर छात्रों को इन विषयों में माहिर बनाने का कार्य किया जाएगा।

# जंडली के सरकारी स्कूल में स्वास्थ्य मेला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**स्वास्थ्य** विभाग द्वारा आयुष्मान योजना के तहत जंडली सरकारी स्कूल में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में स्थानीय विधायक असीम गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विधायक ने इस मौके पर कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत शहरी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य मेलों को लगाने का काम किया जा रहा है। इन स्वास्थ्य मेलों में हर प्रकार की बीमारी से सम्बन्धित टैस्ट व डाक्टरों द्वारा सम्बन्धित व्यक्ति का मार्गदर्शन भी किया जा रहा है। घर द्वार पर ही लोगों को स्वास्थ्य से सम्बन्धित बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले इसके लिए सरकार द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं और इसी कड़ी में स्वास्थ्य मेलों का आयोजन करके लोगों के स्वास्थ्य संबधी रिकार्ड को मैंटेन किया जा रहा है। आज लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। स्वास्थ्य मेलों के दौरान जहां डाक्टरों द्वारा सम्बन्धित व्यक्ति के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है वहीं उन्हें निशुल्क दवाईयां भी वितरित की जा रही है। इस मौके पर विधायक ने भी स्वास्थ्य मेले में शुगर की जांच करवाई। उन्होंने कहा कि मेलों की जो फीडबैक है वह भी बेहतर आ रही है।

आमजन में विश्वास पैदा हो रहा है कि उन्हें घर द्वार पर ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। इस दौरान जंडली के स्थानीय लोगों से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि इन मेलों के माध्यम से आमजन को काफी लाभ मिल रहा है।

# पीर बुधु शाह जी का शहीदी दिवस बड़े स्तर पर मनाने हेतु विशेष बैठक

**गांवों के गुरुद्वारा साहिबान के प्रबंधक भी उपस्थित रहे**

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**गुरु गोबिंद** सिंह जी के अनन्य सेवक, महान सूफी संत, बेमिसाल शख्सियत पीर बुधु शाह जी का शहीदी दिवस 21 मार्च को बड़े स्तर पर मनाने हेतु गुरुद्वारा पीर बुधु शाह में एक विशेष बैठक हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य विनर सिंह साहा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में गुरुद्वारा पीर बुद्धू शाह की प्रबंधक कमेटी के अतिरिक्त नजदीकी गांवों के गुरुद्वारा साहिबान के प्रबंधक भी उपस्थित



रहे। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पीर बुद्धू शाह जी कि लासानी कुबार्नी बारे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जानकारी देने हेतु इस शहीदी दिवस को बड़े स्तर पर नई अनाज मंडी सढौरा में मनाया जाएगा। इस मौके लंगर बनाने, लंगर वितरित करने, जोड़ा घर, पार्किंग, गुरमत की पुस्तकों का स्टाल, छबील, पंडाल, सफाई, प्रचार आदि की ड्यूटीयां सेवादारों को सौंपी गई। इस अवसर पर हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य गुरबख्श सिंह यमुनानगर, विनर सिंह साहा, पीर बुद्धू शाह गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान कुलविंदर सिंह, वरिंदर सिंह तिरानो, जत्थेदार मनमोहन सिंह बलौली, जत्थेदार दलजीत सिंह बाजवा बिलासपुर, जरनैल सिंह मिजार्पुर, राजेंद्र सिंह बकाला, नरेश सिंह नौशहरा, शिक्षाविद एवं साहित्यकार गोबिंद सिंह भाटिया, मनजीत सिंह सलिमपुर, गुरविंदर सिंह चीमा, मनजीत सिंह फिरोजपुर, कुलजीत सिंह हनी, सतनाम सिंह, इंद्रजीत सिंह ढिल्लों लक्ष्मण सिंह व त्रिलोक सिंह सहित अन्य सिक्ख संस्थाओं से संबंधित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पीएम ने एलजी से सब्सिडी बंद करवाई: आतिशी

### एलजी सक्सेना का आरोप- सब्सिडी के नाम पर अंबानी को दिला रहे लाभ, एलजी ने गलत कानूनी सलाह के आधार पर सरकार की बिजली सब्सिडी को वापस लेने के लिए बिजली विभाग पर दबाव डाला है





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार ने कहा है कि वो दिल्ली में सभी को मुफ्त बिजली देना जारी रखेगी। दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार की राज्य के किसी भी उपभोक्ता के लिए बिजली सब्सिडी बंद करने की कोई योजना नहीं है। हम 24 घंटे मुफ्त बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी बिजली सब्सिडी में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है। एलजी कार्यालय जानबूझकर इसके बारे में गलत सूचनाएं फैला रहा है। आतिशी ने कहा कि पीएम मोदी दिल्ली में बिजली सब्सिडी करना चाहते हैं बंद और पीएमओ के दबाव में एलजी वीके सक्सेना बिजली सब्सिडी में बाधा डालने की कोशिश कर रहें है। एलजी ने गलत कानूनी सलाह के आधार पर दिल्ली सरकार की बिजली सब्सिडी को वापस लेने के लिए बिजली विभाग पर दबाव डाला है।

**सब्सिडी देने के नाम पर बीएसईएस को लाभ पहुंचाया जा रहा:** ऊर्जा मंत्री आतिशी के द्वारा पीएम मोदी के द्वारा बिजली सब्सिडी बंद करवाने और बिजली सब्सिडी बंद करने के मामले में उपराज्यपाल के द्वारा दिल्ली के लोगों को गुमराह करने के आरोप लगाने के बाद राजनिवास कार्यालय के सूत्रों ने बताया है कि गरीब लोगों को सब्सिडी के देने के नाम पर निजी कंपनी डिस्कॉम अंबानी के स्वामित्व वाली बीएसईएस को लाभ पहुंचा रहे है। राजनिवास सूत्रों ने कहा कि डिस्कॉम के हाथों अंबानी को अनुचित वित्तीय लाभ प्रदान करने के कार्य में रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद, आप सरकार और उसके कार्यकर्ता निराधार, झूठे और भ्रामक बयान देने की कोशिश कर रहे हैं। अब जब डिस्कॉम को रिश्वत दिलाने में मदद करने का उनका घोटाला उजागर हो गया है, तो वे लोगों की नजरों में खुद को भुनाने की कोशिश कर रहे हैं।

### आतिशी ने एलजी पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया

**आतिशी** ने कहा है कि एलजी की ओर से बिजली सब्सिडी को लेकर पैदा किए गए विवाद और भ्रम को दिल्ली सरकार ने दूर कर दिया है। डीईआरसी ने दिल्ली सरकार को 06 जनवरी 2023 को पत्र के जरिए 5केवी या 3केवी से अधिक लोड के कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को बिजली सब्सिडी कम करने की अपनी पूर्व सलाह को वापस ले लिया था। विद्युत अधिनियम 2003 के विभिन्न कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के निर्णयों की विस्तृत जांच के बाद, डीईआरसी ने निष्कर्ष निकाला था कि उपभोक्ताओं की किसी भी श्रेणी के लिए सब्सिडी वापस लेने के बारे में दिल्ली सरकार को सलाह देने का उसे कोई कानूनी आधार या अधिकार नहीं है।

**आरोप**

**= सब्सिडी करना चाहते हैं बंद और पीएमओ के दबाव में एलजी वीके सक्सेना बिजली सब्सिडी में बाधा डालने की कोशिश कर रहें**

राजनिवास कार्यालय ने कहा है कि एलजी ने अपने किसी भी पत्र में बिजली पर सब्सिडी वापिस लेने का दिल्ली सरकार को कहना तो दूर यह सुझाव तक नहीं दिया है। उन्होंने बार-बार कहा है कि सब्सिडी निजी बिजली कंपनियों को देने के बजाय गरीबों को डायरेक्ट उनके खातों में दी जाए जो सब्सिडी के पात्र हैं। एलजी कार्यालय ने कहा है कि बेहतर होगा कि डीईआरसी के वापस लिए गए आदेशों, जिन्हें स्पष्ट रूप से घोटाले के सामने आने के बाद वापस ले लिया गया था। इस मामले में लोगों को गुमराह करना बंद करें।

# ऊर्जा मंत्री ने डिस्कॉम बिजली विभाग के साथ की समीक्षा बैठक

### नागिरकों में यह विश्वास पैदा किया है कि उन्हें बिना किसी पॉवर कट के 24X7 बिजली मिल सकती है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बिजली मंत्री आतिशी ने मंगलवार को पीक सीजन के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए 'समर एक्शन प्लान' की समीक्षा की। बिजली विभाग और डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक हाई स्टेक मीटिंग आयोजित की गई जहां अधिकारियों ने बिजली मंत्री आतिशी को आगामी गर्मी के मौसम के लिए बिना किसी पॉवर कट के बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की उनकी तैयारी के बारे में जानकारी दी। एक्शन प्लान की समीक्षा करते हुए बिजली मंत्री आतिशी ने कहा, दिल्ली के लोगों को 24७7 बिजली उपलब्ध करवाना मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी की गारंटी और दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि, गर्मी के मौसम में पीक डिमांड के दौरान भी लोगों को बिना पॉवर कट के बिजली मिलती रहे इसके लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह से तैयार है। बैठक में अधिकारीयों ने बिजली मंत्री को बताया कि, पिछले साल गर्मियों में दिल्ली में बिजली की सर्वाधिक मांग 7695 मेगावाट थी और बिना किसी पॉवर कट के बिजली विभाग इस अत्यधिक मांग को पूरा करने में सक्षम रही। इस साल पीक पॉवर डिमांड 8100 मेगावाट तक पहुंच सकती है, लेकिन हम आगामी गर्मियों में बढ़ने वाली बिजली की मांग को पूरा करने के लिए तैयार है। इस मौके पर उर्जा मंत्री आतिशी ने कहा कि,मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है जिसने अपने नागिरकों में यह विश्वास पैदा किया है कि उन्हें बिना किसी पॉवर कट के 24७7 बिजली मिल सकती है और हम आने वाले समय में भी बिजली की मांग बढ़ने के बावजूद लोगों के इस विश्वास को टूटने नहीं देंगे और दिल्ली वासियों को निर्बाध बिजली मिलती रहे।

**समर एक्शन प्लान'**

**= गर्मी के मौसम के लिए बिना पॉवर कट के बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की उनकी तैयारी के बारे में जानकारी दी**

# ई-बसों में अब और सुरक्षित होगा सफर...

### एआई के जरिये रखी जाएगी निगरानी, चालक को उबासी आएगी तो रोक दी जाएगी बस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इलेक्ट्रिक** बसों में सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा की कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के जरिये निगरानी रखी जाएगी। चालक कंट्रोल रूम तक इसकी सूचना पहुंच जाएगी। चालक को उबासी आते ही बस तत्काल रुक जाएगी, फिर वहां से कोच (कंडक्टर) चालक से बस रोकने को कहेगा। चेहरे को पानी से धोने के बाद भी अगर चालक थकान या नींद महसूस कर रहा है तो बस आगे नहीं बढ़ेगी। ई-बसों में यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे, ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम, ब्रीथ एनलाइजर भी लगाए गए हैं। इसके बाद भी चालक से कोई गलती नहीं हो, इसके लिए चालक पर खास नजर रहेगी। सफर के दौरान अगर चालक को नींद या उबासी आती है तो यात्रियों को इसकी शिकायत करने की जरूरत नहीं होगी। सेंसर के जरिये चालक की फोटो कंट्रोल रूम में पहुंचेगी। कोच होस्ट (कंडक्टर) इसी जानकारी के आधार पर ड्राइवर को बस को रोकने के लिए कहेगा। चालक ने यात्रा शुरू करने से पहले शराब तो नहीं पी, इसकी जांच के लिए उन्हें ब्रीथ एनलाइजर टेस्ट से गुजरना होगा। इसमें पास होने पर चालकों को बसों की कमान सौंपी जाएगी।

अगर बस चलाने के दौरान चालक को जम्हाई आती है तो सेंसर इसकी पहचान कर पूरा ब्योरा कंट्रोल रूम को भेजेगा।

**सेफ्टी फर्स्ट**

**= सूचना पहुंच जाएगी। चालक को उबासी आते ही बस तत्काल रुक जाएगी, फिर वहां से कोच चालक से बस रोकने को कहेगा**

# दिल्ली में घर के बाहर महिला जज से लूट, 2 अरेस्ट

### बैग छीना और धक्का देकर भाग निकले, सर पर चोटें आईं; दो आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के गुलाबी बाग इलाके में कुछ लुटेरे घर के बाहर टहल रही महिला जज का बैग छीनकर और उन्हें धक्का देकर फरार हो गए थे। जिससे वह गिर गईं और उनके सिर पर काफी चोटें आईं। मामला 6 मार्च का है। पुलिस ने अब सीसीटीवी की मदद से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**घर के बाहर बेटे के साथ टहल रही थी महिला:** पुलिस ने बताया कि महिला के बयानों के मुताबिक महिला जज रचना तिवारी गुलाबी बाग इलाके के डीडीए फ्लैट्स के बाहर रात में करीब 10 बजे अपने 12 साल के बेटे के साथ टहल रही थी। तभी दो बाइक सवार युवक आए और जज का बैग छीनकर उन्हें धक्का देकर भाग गए। उनके बेटे ने पिता को घटना की जानकारी दी। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे और जज को अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई।

**वारदात में शामिल आरोपी पर पहले से 10 केस दर्ज:** महिला ने बताया कि उनके बैग में लगभग 10 हजार रुपए, एटीएम और कुछ डॉक्यूमेंट थे। वहीं पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आरोपियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 4 हजार कैश और एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोपियों के नाम दिलशाद और राहुल हैं। आरोपी दिलशाद के खिलाफ पहले से ही 10 मामले दर्ज हैं।

# पीठ दर्द से निजात के लिए रोजाना करें आधा घंटा योग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पीठ** दर्द से परेशान लोगों को योग से राहत मिल सकती है। महज आधे घंटे योग करने से शरीर को काफी फायदा होता है। सामान्य योगासन भी बेहतर परिणाम दे सकते हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली ने पीठ दर्द पर योग के परिणाम जानने के लिए 108 मरीजों पर अध्ययन किया। अध्ययन में मरीजों को दो ग्रुपों में बांट दिया। एक से योगासन करवाया गया, जबकि दूसरे को दवाओं व सामान्य एक्साइज करवाई गई। करीब 8 सप्ताह तक किए गए इस अध्ययन में पाया गया कि जिन मरीजों ये योग करवाया गया, उनमें ज्यादा सुधार देखा गया। साथ ही दिमाग में दर्द सहने की शक्ति में भी वृद्धि पाई गई। एम्स के शरीर क्रिया विज्ञान विभाग की अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. रेनू भाटिया के मुताबिक, एम्स में पुराने कम पीठ दर्द के रोगियों पर एक अध्ययन किया गया। इसमें रोगियों को दो ग्रुप में बांटा गया। इनमें से एक ग्रुप को दवा व एक्सरसाइज दी गई, जबकि दूसरे ग्रुप को योग करवाया गया। अध्ययन में पाया गया कि जिन्होंने नियमित योग किया इसमें ज्यादा फायदा दिखा।

**बढ़ रही है युवाओं में समस्या:** पीठ में दर्द की समस्या युवाओं में तेजी से बढ़ रही है। कुर्सी पर लंबे समय तक बैठना, सही से न बैठना व अन्य कारणों से इन मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

# नकली टांग लगवाने का झांसा देकर पुलिसकर्मी को ठगा

### एसीपी से मांग रहा था 21 हजार रुपये, दबोचा गया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एक** दिव्यांग युवक ने नकली टांग लगवाने का झांसा देकर एसीपी सीमापुरी के कार्यालय में जाकर एक हेड कांस्टेबल से दो हजार रुपये ठग लिए। वह एसीपी अक्षय कुमार से शाहदरा डीसीपी रोहित मीणा का नाम लेकर 21 हजार रुपये लेने पर अड़ गया, शक होने पर एसीपी ने जब डीसीपी से पूछा तो दिव्यांग का भेद खुल गया। पुलिस ने उसे वहीं पर दबोच लिया। आरोपित की पहचान अतुल कुमार उर्फ मोनू (23) के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से 12,760 रुपये बरामद किए हैं। हेड कांस्टेबल मनु कुमार की शिकायत पर जीटीबी एन्क्लेव थाना पुलिस ने धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी पंजीकृत की है। आरोपित ने इससे पहले एक थानाध्यक्ष से भी इसी तरह दो हजार रुपये ठगे थे। मनु कुमार एसीपी सीमापुरी के कार्यालय में तैनात है।

**वैशाखी के सहारे एसीपी कार्यालय में आया था दिव्यांग:** उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि एक दिव्यांग वैशाखी के सहारे एसीपी कार्यालय में आया। उनसे मिलकर कहने लगा कि उसके पिता दिल्ली पुलिस से एसआइ पद से सेवानिवृत्त हुए थे, बीमारी से उनकी मौत हो गई थी। जबकि वर्ष 2021 में एक सड़क हादसे में उसका पैर कट गया था। चलने फिरने में दिक्कत न हो, इसलिए उसे नकली पैर लगवाना है। उसने हेड कांस्टेबल से पैसे मांगे। साथ कहा कि वह शाहदरा के डीसीपी से मिला था, उन्होंने ही कहा कि था एसीपी सीमापुरी के पास चले जाना वह 21 हजार रुपये की मदद कर देंगे। पुलिसकर्मी ने उस दिव्यांग को एसीपी के सामने पेश किया, उसने एसीपी को भी वही बात बताई जो हेड कांस्टेबल को बताई थी। एसीपी ने मदद का भरोसा देकर कुछ देर इंतजार करने को कहा। आरोपित ने हेड कांस्टेबल को जाल में फंसाया और रकम मांगने लगा। पीड़ित ने उसे दो हजार रुपये दे दिए। बाद में वह एसीपी से 21 हजार दिलवाने के लिए कहने लगा। एसीपी को शक हुआ तो उन्होंने डीसीपी से फोन पर बात कर दिव्यांग की मदद करने के बारे में पूछा, डीपीसी ने उन्हें मना कर दिया।

**दबोचा**

**= एसीपी से शाहदरा डीसीपी रोहित मीणा का नाम लेकर 21 हजार रुपये लेने पर अड़ गया, तब जाकर भेद खुला**



पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर मेन्टेनेंस के कार्य के कारण लग रहे ट्रैफिक पर तुरंत संज्ञान लेते हुए मंगलवार को पीडब्ल्यूडी के अधिकारीयों के साथ बैठक की।

# दोस्तों ने घायल को अस्पताल ले जाने के बजाय अंडरपास में फेंका



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** नंद नगरी इलाके में इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। मौजमस्ती के दौरान बेलगाम हुआ ऑटो सड़क पर पलट गया। हादसे में नाबालिग बुरी तरह जख्मी हो गया। दोस्तों ने ऑटो सीधा किया तो नाबालिग नितेश (17) की हालत खराब थी। इन लोगों ने पीड़ित नितेश को बजाय अस्पताल ले जाने के उसे कस्तूरबा नगर अंडरपास पर फेंक दिया। 11 मार्च को नाबालिग की पहचान हुई तो केस से पर्दा उठा। सीसीटीवी फुटेज में ऑटो पलटने से लेकर घायल नितेश को फेंकने की पूरी वारदात कैद मिली। इस आधार पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या और सबूत मिटाने का मामला दर्ज कर नितेश के नाबालिग दोस्त समेत दो युवकों पवन व बृजमोहन को गिरफ्तार कर लिया। मूलरूप से अलापुर, बदायूं का रहने वाला नितेश गुप्ता परिवार के साथ जे-ब्लॉक सुंदर नगरी में रहता था। इसके परिवार में पिता राजेंद्र गुप्ता के अलावा मां सुक्को देवी और छह बहनें हैं।

# मेट्रो में इंस्टा रील्स, डांस वीडियो बनाने पर रोक

### डीएमआरसी ने कहा-'पैसेंजर बनें, परेशानी नहीं'




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हाल** के समय में दिल्ली मेट्रो के कोच के अंदर इंस्टाग्राम रील और वीडियो बनाने वाले लोगों की संख्या में इजाफा देखने को मिला है। इसको देखते हुए दिल्ली मेट्रो के कोच में वीडियो और रील बनाने पर पाबंदी लगा दी गई है। डीएमआरसी की तरफ से वीडियो और रील न बनाने की अपील की गई है।

**अन्य यात्रियों को होती है परेशानी:** बता दें कि मेट्रो कोच के अंदर रील, वीडियो बनाना किसी एक के लिए लाइक और व्यूज के लिहाज से सही हो सकता है। हालांकि, अन्य यात्रियों को इसके कारण दिक्कत का सामना करना पड़ता है। अब दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन ने मेट्रो के अंदर रील, वीडियो बनाने पर सख्त रुख अख्तियार किया है।

**दिल्ली मेट्रो ने जारी किया संदेश:** पहले से भी दिल्ली मेट्रो की ओर से चेतावनी जारी की जाती रही है कि मेट्रो कोच के अंदर वीडियो न बनाएं, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं हुआ। अक्सर मेट्रो कोच के अंदर रील बनाने के वीडियो सामने आते रहे हैं। दिल्ली मेट्रो ने यात्रियों को यात्रा के दौरान वीडियो रिकॉर्ड करने पर रोक लगाते हुए यही संदेश दोहराया।

**रील और वीडियो बनाने पर पाबंदी:** दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन ने ट्वीट करके कहा कि "यात्रा करो, परेशानी मत करो।" साथ दिल्ली मेट्रो ने एक पोस्टर साझा करते लिखा, "दिल्ली मेट्रो में यात्री बनो, उपद्रव नहीं।" साथ ही दिल्ली मेट्रो की ओर से कहा गया, "दिल्ली मेट्रो के अंदर रील, डांस वीडियो या ऐसी कोई भी गतिविधि बनाना सख्त वर्जित है, जिससे यात्रियों को असुविधा हो सकती है।"

# 'शिक्षा का अधिकार कानून हर लॉ कॉलेज-यूनिवर्सिटी में पढ़ाया जाए'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया को निर्देश दिया है कि शिक्षा का अधिकार कानून को हर लॉ कॉलेज और यूनिवर्सिटी में अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करने पर विचार करे। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। याचिका सोशल जूरिस्ट की ओर से वकील अशोक अग्रवाल ने दायर की थी। याचिकाकर्ता ने 15 फरवरी को बार काउंसिल ऑफ इंडिया को प्रतिवेदन देकर मांग की थी कि अगले शिक्षण सत्र से शिक्षा का अधिकार कानून को सभी लॉ कॉलेज और यूनिवर्सिटी में अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाए। याचिका में कहा गया था कि शिक्षा का अधिकार कानून हर बच्चे की शिक्षा के अधिकार और उनके विकास से जुड़ा है, लेकिन इसे अभी तक पूर्ण तरीके से लागू नहीं किया गया है। याचिका में कहा गया था कि बच्चों की आबादी कुल जनसंख्या का 40 से 45 फीसदी है। शिक्षा के अधिकार तक ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक पहुंच होने के लिए वकीलों पर बड़ी जिम्मेदारी है। वकील ही शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन करने पर कोर्ट आ सकते हैं। इसलिए कानूनी शिक्षा में शिक्षा का अधिकार कानून को शामिल करना काफी जरूरी है।

# सतीश कौशिक के 'खून' से सामने आएगा मौत का सच!



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अभिनेता** सतीश कौशिक -की मौत के मामले में पुलिस अब तक फार्म हाउस के मालिक विकास मालू समेत 20 लोगों से पूछताछ कर चुकी है। इसी बीच विकास मालू की पत्नी सान्वी मालू ने अपने पति पर सतीश कौशिक की हत्या करने का आरोप लगा दिया है। पुलिस इस मामले में 174 सीआरपीसी के तहत जांच कर रही है। पुलिस ने विकास मालू का बयान दर्ज किया, जिसमें उसने सतीश कौशिक की तबीयत खराब होने की बात कही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदय गति रुकने की बात सामने आई है। हालांकि विकास मालू की पत्नी के आरोप के बाद पुलिस सभी पहलू पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने विकास की पत्नी सान्वी को सोमवार 11 बजे तक जांच में शामिल होने का नोटिस भेजा था, लेकिन उसने जांच अधिकारी बदलने की मांग करते हुए आने से इंकार कर दिया। इस वजह से उसका बयान नहीं हो पाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सान्वी को दोबारा नोटिस देकर जांच में शामिल होने के लिए कहा जाएगा। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इसके लिए पुलिस ने कई सवाल तैयार किए हैं। सान्वी ने जो आरोप लगाए हैं, सारे सवाल उसी पर आधारित होंगे। उसने आरोप लगाया था कि पार्टी के दौरान ड्रग्स का इस्तेमाल होता था। इसलिए पुलिस ने उनके आरोपों के बाद सतीश कौशिक के खून के नमूनों को एफएसएल जांच के लिए भेजा है। पुलिस यह देखना चाहती है कि सतीश कौशिक के खून में को किसी तरह की कोई नशा या अन्य कोई पदार्थ के अंश तो मौजूद नहीं थे। पुलिस टीम ने सतीश कौशिक के हार्ट और लंग्स की भी हिस्टोपैथोलॉजी जांच कराने के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में नमूने भेजे हैं। पुलिस ने कौशिक का विसरा भी जांच के लिए भेजा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने फार्म हाउस की जांच करने के बाद वहां से सारे साक्ष्य हासिल किए हैं। यह फार्म हाउस कुबेर ग्रूप के मालिक विकास मालू का है। अभिनेता रात में इसी फार्म हाउस में रुके थे और देर रात उन्होंने सीने में दर्द होने की शिकायत की थी। सतीश कौशिक को उनका मैनेजर फोर्टिस अस्पताल लेकर गए थे। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अब तक पुलिस कौशिक के निजी सचिव, फार्म हाउस के मालिक, गार्ड और फार्म हाउस में पार्टी में मौजूद मेहमान समेत 20 लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है।

**वारदात ?**

**= विकास मालू की पत्नी सान्वी मालू ने अपने पति पर सतीश कौशिक की हत्या करने का आरोप लगा दिया है**

# नौकरी के नाम पर 12 लाख ठगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर-पूर्वी** दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) में अस्थायी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 12 लाख रुपये ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने छह युवकों से ठगी की है। इसके लिए बकायदा ई-मेल पर नियुक्ति पत्र भी भेज दिए गए। लेकिन दो साल चक्कर काटने के बाद भी नौकरी न मिलने पर जब पीड़ितों ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी और उसका भाई उन्हें धमकाने लगा। यही नहीं, आरोपी के पिता ने भी खुद को हिस्ट्रीशीटर बताकर इनको धमकाया। बाद में मामले की शिकायत ज्योति नगर थाना पुलिस से की गई। छानबीन के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## न्यूज फ्लैश

### 1के ने "खुशी बाय 1के " कार्यक्रम के तहत महिला उद्यमियों के लिए पोर्टेबल स्टोर लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** लीडिंग किराना एग्रीगेटर स्टार्टअप, 1के ने भारत में महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए "खुशी बाय 1के " नामक एक नया कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना और उन्हें देश के कार्यबल का एक सक्रिय हिस्सा बनने के लिए तैयार करना है। 1के ने एक उपयोगकर्ता के अनुकूल और उपयोगकर्ता-केंद्रित मोबाइल स्टोर डिजाइन किया है, जिसका उपयोग कॉस्मेटिक, स्टेशनरी, परिधान और अन्य वस्तुओं की बिक्री के लिए किया जा सकता है। 5 फीट ७ 3 फीट ७ 7 फीट का आकार और अच्छी रोशनी वाला पोर्टेबल स्टोर भारत में अपनी तरह का पहला स्टोर है। इसने उन उद्यमियों के बीच पहले ही महत्वपूर्ण रुचि पैदा कर दी है जो व्यवसाय की शुरूआत करना चाहते हैं। 1के इन उद्यमियों को सशक्त बनाने और उन्हें इस अभूतपूर्व समाधान के साथ अपना खुद का व्यवसाय स्थापित करने के लिए एक फ्लेक्सिबल और प्रैक्टिकल विकल्प देने की उम्मीद करता है। खुशी बाय 1के द्वारा पहली पोर्टेबल कार्ट फरीदाबाद में स्थापित की गई है, और उस पर लोगों की प्रतिक्रिया जबरदस्त रही है । खुशी कार्ट संचालित करना काफी आसान है और प्रोडक्ट्स विक्रय में महिलाएं के लिए सुविधाजनक तरीका प्रदान करता है।

1के केवल 15,000 रुपये की लागत पर गाड़ी प्रदान करता है, जो इसे पारंपरिक हॉकर कार्ट से भी किफायती बनाता है। 1के दस हजार से अधिक उत्पादों की एक लंबी सूची भी प्रदान करता है, जिन्हें थोक मूल्यों पर खरीदा जा सकता है।

कार्यक्रम पर बोलते हुए, 1के के संस्थापक, कुमार संगीतेश ने कहा, "एक राष्ट्र के रूप में भारत की प्रगति कार्यबल में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। वर्तमान में केवल 15% महिलायें भारत के कार्यबल में योगदान देती हैं हम खुशी बाय 1के द्वारा महिलाओं के लिए स्वरोजगार अपनाने का एक आसान जरिया प्रदान करना चाहते हैं।"

### व्हिस्पर ने कीपगर्ल्सइनस्कूल अभियान के चौथे संस्करण को लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** अध्ययन से पता चलता हैं, भारत में हर साल 5 में से 1 लड़की को पीरियड की शिक्षा की कमी के कारण स्कूल छोड़ना पड़ता है। अध्ययनों से यह भी पता चला है कि 10 में से 7 माताएं पीरियड की बायोलॉजी को जानती नहीं हैं और इसे 'गंदा या अपवित्रह्ल' मानती हैं, और अक्सर यही अपनी बेटियों को भी बताती हैं। इन माताओं को शिक्षित करने के साथ अज्ञानता और गलत सूचना के चक्र को तोड़ने के लिए प्रॉक्टर एंड गैंबल के फेमिनिन-केयर ब्रांड व्हिस्पर ने अपने #कीपगर्ल्सइनस्कूल अभियान के चौथा संस्करण को लॉन्च किया है। लियो बर्नेट द्वारा परिकल्पित द मिसिंग चैप्टर शीर्षक वाली एक नई फिल्म के जरिए, व्हिस्पर माताओं तक पहुंच रहा है और उन्हें मासिक धर्म की बायोलॉजी सिखा रहा है ताकि वे बदले में अपनी बेटियों को पीरियड स्वच्छता और मासिक चक्र के दौरान सैनिटरी पैड का इस्तेमाल करने के बारे में उन्हें शिक्षित कर पाए। भारत में 71% लड़कियों को जब पहली बार पीरियड आता हैं तो उन्हें इसके बारे में पता नहीं होता। फलस्वरूप, युवा लड़कियों को अपने पीरियड्स को मैनेज करने के बारे में सीमित जानकारी होती है और वे हर महीने पीरियड्स के दिनों में अपने घर पर रहना पसंद करती हैं। गिरीश कल्याणरमन - उपाध्यक्ष और श्रेणी नेता, फेमिनिन केयर, प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया ने बताया ह्लअब लगभग तीन दशकों से, हम, व्हिस्पर में, पीरियड शिक्षा, पीरियड स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने और भारत भर में लड़कियों को सैनिटरी पैड बांटने के लिए समर्पित हैं। हमारे उपभोक्ता इस अंतर को पाटने में हमारी मदद करके बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। खरीदे गए व्हिस्पर अल्ट्रा सैनिटरी नैपकिन के हर पैक के साथ, हम एक लड़की को स्कूल में रखने में सहायता करने के लिए पीरियड शिक्षा और मुफ्त पैड प्रदान करेंगे।

### एक विशेष अभियानके माध्यम से ल्यूमिनस महिलाओं के लिए एनर्जी सेक्टर में क्रॉंति ला रहा है

**रोहतक** : एनर्जी सेक्टर में महिला प्रतिनिधित्व की कमी दुनिया भर में विचारणीय मुद्दा है, जिससे भारत भी अछूता नहीं है। भारत में एनर्जी सेक्टर के तहत महिलाएँ विभिन्न चुनौतियों का सामना करती आ रही हैं, जिनमें सांस्कृतिक पक्षपात, सीमित अवसर व प्रशिक्षण और शिक्षा तक अपर्याप्त पहुँच शामिल है। इस मुद्दे को संबोधित करने और एनर्जी इंडस्ट्री में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत भारत के सबसे भरोसेमंद पॉवर सॉल्यूशन ब्रांड, ल्यूमिनस ने एक नए अभियान #(#वुमनइनएनर्जी) की नींव रखी है, जिसकी शुरूआत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर की गई।इस अभियान का उद्देश्य एनर्जी सेक्टर में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को प्रोत्साहित करना और इंडस्ट्री में महिलाओं द्वारा निभाई जा सकने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालना है। अभियान के केंद्र बिंदु को ध्यान में रखते हुए एक डिजिटल फिल्म निर्मित की गई है, जो भारत की पहली लाइनवुमन बाबरी सिरिशा की प्रेरक कहानी बयां करती है। बाबरी सिरिशा वह महिला है, जिसने एनर्जी सेक्टर में अपनी पहचान बनाने के लिए तमाम बाधाओं को दरकिनार कर दिया। फिल्म में एक शक्तिशाली संदेश भी शामिल है कि एनर्जी इंडस्ट्री में सफलता पाने के लिए महिलाओं के पास समान अवसर हैं। इसके अतिरिक्त, ल्यूमिनस द्वारा महिला, एनर्जी और नए भारत पर पैनल डिस्कशन्स होस्ट किए जा रहे हैं, जिसमें एनर्जी सेक्टर में प्रतिष्ठित लीडर्स शामिल हैं। इसके चलते यह अपने नवीन ऊर्जा समाधानों के माध्यम से देश भर में महिला आंत्रप्रेन्योर्स का समर्थन करने की पहल कर रहा है।

# नगर निगम की '50 करोड़ की भूमि' पर अवैध कब्जे का प्रयास विफल

= हिन्दूवादी संगठनों ने जिलाधिकारी से की थी मामले की शिकायत

= प्रशासन के संज्ञान में था मामला, फिर भी चलता रहा काम



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**

**शहर के** बीच पौराणिक महत्व को समेटे करोडों रुपये मूल्य की बेशकीमती जमीन को नगर निगम ने अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। नगर निगम प्रशासन के मुताबिक ग्राम केशोपुर मनोहरपुर में कब्रिस्तान की भूमि की आड में जाममुद्दीन व शाकिर हुसैन नामक व्यक्ति अपने 50 से 60 साथियों के साथ नगर निगम स्वामित्व की भूमि पर बाउण्ड्रीवाल लगाकर कब्जा कर रहे थे। सात मार्च को बाउण्ड्रीवाल को तोड़ दिया गया था, लेकिन पुनः बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण प्रारम्भ करा दिया गया। 14 मार्च को मजिस्ट्रेट नीतू सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोविन्द नगर व सहायक नगर आयुक्त राज कुमार मित्तल, ईटीएफ टीम व पुलिस बल की सहायता से नगर निगम द्वारा भूमि पर किये जा रहे अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया। कब्जा मुक्ता करायी गयी भूमि का क्षेत्रफल लगभग 28000 वर्ग मीटर है व भूमि का मूल्य लगभग 50 करोड़ रुपये है। सहायक आयुक्त राजकुमार मित्तल का कहना है हाथी टीले के पास जो जगह है, राजस्व अभिलेखों में नगर निगम की जमीन है। उसमें कुछ हिस्से में कब्रिस्तान है। हमने कभी कब्रिस्तान को लेकर कोई हस्तक्षेप नहीं किया और नहीं किसी को परेशान किया। हालांकि वह सब संपत्ति भी नगर निगम की है। कब्रिस्तान की आड में कुछ लोगों ने यहां बाउंड्री करना शुरू कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में करोड़ों रुपये की भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है।

#### अवैध कब्जे पर चला बाबा का बुलडोजरः दिनेश शर्मा

**अखिल** भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने मथुरा जिला अधिकारी को सोमवार को ज्ञापन दिया था और जिलाधिकारी मथुरा से मांग की थी कि भूतेश्वर के पास हाथी टीला पर मुस्लिम पक्ष द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। यहां पर राजा कंस के हाथी रहते थे और भगवान श्री कृष्ण ने राजा कंस के पागल हाथी से युद्ध किया था। यहीं पर उस पागल हाथी का वध किया था। यह हिंदुओं का प्राचीन धार्मिक स्थान है।

# सामाजिक परिवर्तन के पांच आयामों पर काम करेगा संघ

## सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण एवं नागरिक कर्तव्य पर जागरुकता से लाएंगे समाज में बदलाव




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिन चली बैठक का मंगलवार को समापन हो गया। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने अंतिम दिन पत्रकारों से बातचीत करते हुए सर्वप्रथम देश के प्रख्यात पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वैदिक के निधन पर शोक जताया और श्रद्धांजलि दी। दत्तात्रेय होसबाले ने बताया कि प्रतिनिधि सभा की बैठक में वार्षिक प्रतिवेदन सहित आगामी कार्यदृष्टि के लिए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। यह प्रस्ताव भारत के अमृतकाल और संघ के सौवें वर्ष की ओर बढ़ती यात्रा के समय में समाज को दिशा देने का कार्य करेगा। ऐसे समय में जब भारत वैश्विक नेतृत्व के पथ पर निरंतर मजबूती से कदम बढ़ा रहा है तब नागरिकों को यह समझने की आवश्यकता है कि इस पथ पर कांटे कौन बिछाना चाहता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और समस्त समाज राष्ट्र के नवोत्थान की राह में आने वाले सभी कंटकों को दूर करने के लिए कार्य करते रहेंगे। होसबाले ने कहा कि देश के अमृतकाल में नैरेटिव बदलने चाहिए, भारत के प्रश्नों पर भारत के ही उत्तर होने चाहिए। विकृत इतिहास के स्थान पर सही इतिहास बताना चाहिए और युगानुकूल रचनाएं होनी चाहिए। बैठक में प्रस्ताव के अतिरिक्त महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जन्म जयंती, छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यारोहण के 350वें वर्ष और महावीर स्वामी के निर्वाण के 2550वें वर्ष पूर्ण होने पर तीन वक्तव्य भी जारी किये गए। सरकार्यवाह ने बताया कि विजयादशमी 2025 से संघ का शताब्दी वर्ष प्रारंभ हो रहा है किंतु इस प्रतिनिधि सभा में इसके लिए कोई कार्य योजना नहीं बनी है हालांकि कार्य विस्तार तथा कार्य की गुणात्मकता बढ़ाने की योजना अवश्य बनी है।

स्थान-स्थान पर ग्राम-बस्तियों की परिस्थिति का अध्ययन कर वहां की समस्याओं के समाधान की दिशा में शाखा के स्वयंसेवक समाज को जोडकर प्रयास करेंगे। होसबाले ने बताया कि संघ आगामी समय में सामाजिक परिवर्तन के पांच आयामों पर अपने कार्य को अधिक केन्द्रित करेगा।

## सीवर की मरम्मत के लिए छोटी सी दीवार को लेकर हुई मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**गांधी नगर** में सीवर कि मरम्मत के लिए छोटी सी दीवार तोड़ने को लेकर हुए झगड़े में एक व्यक्ति घायल हो गया। पीड़ित मनोज चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 12 मार्च को दोपहर अपने घर पर सीवर की मरम्मत के लिए पलम्बर को बुलाया। उन्होंने बताया कि साथ में हमारे पड़ोसी व बुआ का घर लगता है उसके दीवार में थोड़ा सा पाइप आ रहा था मेने पलम्बर को उसको तोड़कर ठीक करने के लिए बोल दिया। मनोज ने शिकायत में बताया कि उसी की रंजिस रखते हुए मेरे पड़ोसी संजय ने मेरे साथ मारपीट की। उसने बताया कि झगडे की आवाज सुन कर उसकी पत्नी मिनाक्षी, उसकी पत्नी की बहन नीतू उसका पति रवि व विनोद भी वहां पर आ गए और सभी ने मेरे साथ मारपीट करनी शुरू कर दी । उसने बताया कि संजय ने नाई की दुकान से कुर्सी उठाकर मुझ पर हमला कर दिया कुर्सी लगने से वो घायल हो गया।

# डीएफपीसीएल ने जारी की अपनी सीएसआर रिपोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

दीपक फर्टिलाईजर्स एंड पेट्रो केमिकल्स कॉरपोरेशन लिमेटिड (डीएफपीसीएल) ने अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर) पर अपनी नई रिपोर्ट को जारी किया जिसमें स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ साथ स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के लिये महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण में दिये योगदान का उजागर किया है। रिपोर्ट में दशार्या गया है कि कंपनी की ओर से समाजिक कल्याण में संबंधित विभिन्न प्रोग्राम्स के द्वारा विकास परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया गया, जिसने कंपनी के संचालन वाले क्षेत्रों और उस के आसपास के समुदायों की जिंदगी में सकारात्मक बदलावा आया है। डीएफपीसीएल के प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी अपने सीएसआर के माध्यम से समाजिक कल्याण के लिये वचनबद्ध है। उन्होंनें कहा कि कंपनी अपने कारोबार के सभी पहलूओं में सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा दे रहे हैं।

स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला और युवा सशक्तिकरण कंपनी के सीएसआर की सच्ची लगन का सूचक है और वे बेहतर भविष्य के लिये प्रयासरत रहेंगें।

# एक शाम कौमी एकता के नाम, कवियों ने समा बांधा

## मरहूम पीर बाबू सैयद साहब का 55 वां स्मृति समारोह सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**मथुरा** राया मार्ग के मध्य स्थित लोहवन के पास सैयद की मजार के निकट मरहूम पीर बाबू सैयद साहब का 55 वां स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कौमी एकता के नाम पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम के संरक्षक तथा कवि व कवित्रियों ने चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसमें अनेकों महान कवियों व कवित्रियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. नीतू के बेटियों पर अपना कविता पाठ कर लोगों को बेटियों के महत्व पर



अपनी ज्ञानवर्धक रचना सुनाकर खूब तालियां बटोरी व डा. रमाशंकर पांडेय ने साहित्य रचनाओं को सुनाकर उपस्थित श्रोताओं का दिल जीता। वहीं उनकी भूर भूर प्रशंसा हुई पंडाल तालियों से गूंज उठा। राधा गोविंद पाठक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की व अपनी कविता पाठ के माध्यम से धर्म, जाति एवं राजनीति पर करारी चोट की धर्म के प्रति समर्पित राधा कृष्ण की कविता पर श्रोताओं ने वाहवाही की देश और समाज में जो विघटनकारी शक्तियां पनप रही है उन पर कटाक्ष करते हुए अपनी रचना प्रस्तुत करने से पीछे नहीं रहे जिसे लोगों ने बहुत सराहा।

# यमुना में डूबे किशोर का दूसरे दिन भी नही चल पता

## किशोर की तलाश में पुलिस के साथ गोताखोर नाव के द्वारा तलाश में जुटे हुए है

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**सोमवार की** दोपहर के समय गांव आहुलाना के पास पश्चिमी यमुना नहर में नहाते समय नहर में डूबे किशोर का दूसरे दिन भी कोई सुराग नही लग पाया है। उसकी तलाश में पुलिस के साथ गोताखोरों का दल भी जुटा हुआ है, नहर में नाव की मदद से भी उसकी तलाश की जा रही है, हादसे से दुखी परिजन व रिश्तेदार भी तलाश करने में लगे हुए है। समाचार लिखे जाने तक कोई सुराग नही लग पाया है। गौरतलब है कि सोमवार को गढ़ी झंझारा गांव से अपने साथी के साथ




आहुलाना गांव के परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा दिलाने गया छात्र पश्चिम यमुना लिंक नहर में नहाते समय बह गया था, उसके डूबने की सूचना उसके साथी ने परिजनों को दी थी।

**विश्वस्तरीय**

= दोनों टाईम पास के लिए आहुलाना गांव के साथ लगती पश्चिमी यमुना लिंक नहर की तरफ चले गए थे

सूचना के बाद मौके पर परिजन व पुलिस पहुंची और युवक की तलाश शुरू कर दी थी। लेकिन मंगलवार को दूसरे दिन भी उसका कोई पता नही चल पाया। बता दे कि गढ़ी झंझारा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भिवानी बोर्ड का आहुलाना गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा केन्द्र है। सोमवार को बाहरवीं कक्षा का राजनीतिक विज्ञान की परीक्षा थी और उसके पड़ोस के युवक गांव के राजकीय स्कूल का छात्र उसका साथी परीक्षा देने जा रहा था। एक निजी स्कूल में पढ़ने वाला आठवीं कक्षा का छात्र वसीम व उसका साथी अकरम भी उसके साथ चले गए। परीक्षार्थी के परीक्षा केन्द्र में चले जाने के बाद दोनों टाईम पास के लिए आहुलाना गांव के साथ लगती पश्चिमी यमुना लिंक नहर की तरफ चले गए।

## वक्त दे रक्त दे संस्था एवं ओम अस्पताल ने लगाया रक्तदान शिविर



**टीम एक्शन इंडिया पानीपत**

**वक्त** दे रक्त दे संस्था और ओम अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को स्व. राजेंद्र जागलान जी की याद में अस्पताल परिसर में ही रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें संस्था एवं अस्पताल के सदस्यों सहित कुल 52 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य लोगों को रक्तदान को लेकर जागरूक करने का था। वहीं रक्तदान शिविर के अलावा ओम अस्पताल द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया गया। जिसमें अस्पताल के डाक्टरों की टीम ने सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर विकास जागलान, रामकुमार, मंजीत व रेड ड्रॉप हैदराबादी ब्लड सेंटर से डॉ प्रीति ठाकुर और स्टाफ सदस्य आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता की कार पार्किंग पर यात्रियों से मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**भाजपा** नेता की मल्टी स्टोरी पार्किंग पर ट्रैफिक गार्ड की लापरवाही से यात्रियों का विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पार्किंग कर्मचारियों ने यात्रियों के साथ जमकर मारपीट कर दी। मारपीट में एक यात्री के सिर व दूसरे यात्री के पैर में गंभीर चोट आ गई। मारपीट की घटना से अफरा तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों ने बमुश्किल बीच बचाव कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें जिला रैफर कर दिया है। मंगलवार को हल्द्वानी से किशन लाल कार में सवार होकर अपने परिवार के साथ गोवर्धन गिरिराज जी के दर्शन



करने आए थे। गोवर्धन बस स्टैंड के पास भाजपा नेता की कार पार्किंग पर तैनात ट्रैफिक के सुरक्षा गार्ड ने चलती कार के सामने पुलिस स्टॉपर लगा दिया। आरोप है कि इसके बाद पार्किंग कर्मियों ने कार चालक और यात्रियों के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में हल्द्वानी निवासी विशाल (25) के सिर में , संजय (52) के पैर में फैक्चर हो गया।

# मुरथल अनाज मंडी का विधायक ने दौरा कर अधिकारियों को कार्य जल्द निपटान के दिए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

**राई** विधायक मोहल लाल बडौली ने मुरथल में अनाज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान अनाज मंडी में निरीक्षण के दौरान अनाज मंडी में रेस्ट हाउस, सीवर पंप और पीने के पानी का पम्प व 2 शौचालय बनाने का कार्य पूर्ण पाया गया तथा शेड का कार्य अभी निमार्णाधीन है। राई विधायक ने अधिकारियों को आदेश दिए कि वे शेड के कार्य को जल्द से जल्द में पूर्ण करें ताकि यहां किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पडे। विधायक मोहन लाल बडौली ने बताया कि मंडी तैयार



होने से पहले पिछले वर्ष भी खाली पडे ग्राउंड में गेहूं की फसल आई थी। लेकिन अब जल्द ही गेहूं की फसल नवनिर्मित अनाज मंडी में आनी शुरू हो जाएगी। किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए पूर्ण ध्यान दिया गया है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल तक गेहूं की फसल की बिक्री होने उपरांत मुरथल अनाज मंडी के शैड का उद्घाटन भी करवाया जाएगा। मोहन लाल बडौली ने कहा कि राई विधानसभा क्षेत्र में 400 करोड़ के विकास कार्य पूरे कराए जा चुके हैं। जाखौली में भी इसी प्रकार सब्जी मंडी कार्य करवाया जाएगा।

## राष्ट्रभाषा विचार मंच द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**अम्बाला (मनीष कुमार)**

राष्ट्रभाषा विचार मंच द्वारा 15 फरवरी को आयोजित श्रुतलेख प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण विवेकानन्द प्राथमिक पाठशाला, रामबाग रोड, अम्बाला छावनी के सभागार में किया गया । इस प्रतियोगिता में कक्षा चार व पाँच के लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया था । मुख्य अभ्यागत हिन्दी प्रचार प्रसार समिति अम्बाला शहर के श्री प्रेम अग्रवाल ने प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को मंच की ओर से पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए । इस अवसर पर बोलते हुए प्रेम अग्रवाल ने बच्चों को प्रेरणा व प्रोत्साहन का संदेश देते हुए अपनी भाषा व राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर रहने को प्रेरित किया ।

# पानीपत पुलिस को चकमा देकर हवालाती फरार, पुलिस कर रही है तलाश

## लघु सचिवालय में पांचवी मंजिल स्थित जुवेनाइल कोर्ट में पेशी के लिये लाया गया था

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

पानीपत में लघु सचिवालय की पांचवी मंजिल पर स्थित जुवेनाइल कोर्ट में मंगलवार को पेशी पर लाया गया चोरी एवं आर्म्स एक्ट का हवालाती पुलिस कर्मी से हाथ छुड़वाकर मौके से फरार हो गया। वह लघु सचिवालय की पांचवी मंजिल से पुलिसकर्मी से हाथ छुड़वा कर सीढि?ों के रास्ते पहले भागकर नीचे आया और यहां पर वीआईपी पार्किंग के पीछे से दीवार फांद कर कॉलोनी की तरफ भाग गया। पुलिसकर्मियों ने काफी दूर तक उसका पीछा भी किया, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लगा। पुलिस अभी हवालाती की तलाश में लगी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 29 थाना में सितंबर 2019 में चोरी एवं आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में आरोपी सूरज निवासी झुग्गी, पहाडगंज, दिल्ली पर केस दर्ज है और वह पानीपत जेल में बंद था। पुलिस टीम मंगलवार को उसे जुवेनाइल कोर्ट में पेश करने के लिए लेकर पहुंची। एस्कोर्ट ड्यूटी पर तैनात ईएसआई रामचंद्र उसको पेशी पर कोर्ट में लेकर आया था और यहां पर दोपहर को कोर्ट में उसकी भी पेशी हो गई थी। नियमों के अनुसार आरोपी और पुलिसकर्मी ने कोर्ट के कागजों पर साइन किये और साइन करने के बाद पुलिसकर्मी उसे लेकर वापस जेल के लिए जा रहा था।


वे जैसे ही कोर्ट से बाहर निकले, तभी वह पुलिसकर्मी से हाथ छुड़वा कर फरार हो गया। पुलिस अभी फरार हवालाती की तलाश कर रही है।

# कलाकार ग्रामीणों को नीतियों से करा रहे रूबरू

## विभागीय टीम द्वारा घर द्वार तक उपलब्ध कराई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**आजादी** अमृत काल में केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय उत्थान, जनकल्याणकारी व लोक हितैषी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के पार्टी कलाकार गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं और उनसे सरकारी नीतियों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की जा रही है। विभागीय भजन पार्टी के कलाकार प्रभावी रूप से कदम बढ़ाते हुए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से ग्रामीणों को रूबरू करा रहे हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सोनीपत की टीम के



कलाकारों द्वारा गांव गुमाना में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं का प्रचार लोक शैली में किया। लोकगीतों व भजनों के माध्यम से वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का उल्लेख कर आमजन को जागरूक किया गया। साथ ही क्षेत्रीय अमले द्वारा ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि सरकार द्वारा अंत्योदय उत्थान व हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की हैं, जिनका आमजन को पूरा लाभ उठाना चाहिए। पार्टी कलाकारों ने प्रचार के दौरान ग्रामीणों को हर-हित स्टोर, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान, परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य-चिरायु योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं व सरकार व जिला प्रशासन की ओर से लिंगानुपात में सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में लोक गीतों के माध्यम से जागरूक किया। **जिला** सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि आजादी अमृत काल में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से निरंतर जागरूक करते हुए अपडेट किया जा रहा है।

## जनता की जो भी समस्याएं है, उसका समाधान किया जा रहा है, ताकि जनता को समस्याओं से रूबरू न होना पड़े: शर्मा

# आप नेता सुरेश शर्मा ने किया दौरा, सुनीं लोगों की समस्याएं






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने वार्ड-18 जहांगीरपुरी वार्ड के भलस्वा डेरी के दुर्गा चौक और डिस्पेंसरी के पास शुक्र बाजार रोड़ पर सफाई व्यवस्था का औचक निरिक्षण किया। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि सभी कर्मचारी सफाई कार्यो में लगे हुए थे और क्षेत्र के लोग भी सफाई व्यवस्था से संतुष्ट है। सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि क्षेत्र की जनता की जो समस्याएं है, उसका समाधान किया जा रहा है, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर कोई क्षेत्र का व्यक्ति परेशान है तो वह मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर कई गण्मान्य लोग और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।




दिल्ली नगर निगम की मेयर शैली ओबरॉय और दिल्ली नगर निगम के डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल को जन्मदिन की बधाई देते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

# जागरूक समाज से ही होगा देश का संपूर्ण विकासः सुमेर सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** त्रिनगर के सैनी भवन में सैनी धर्मशाला गणेशपुरा वेलफेयर सोसायटी त्रिनगर दिल्ली द्वारा होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सैनी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी, पूर्व विधायक जितेन्द्र सिंह तोमर, निगम पार्षद मीनू गोयल के अलावा सैनी समाज रामपुरा के प्रधान श्रीचंद सैनी, रामपुरा धर्मशाला के प्रधान नानक चंद सैनी, भाजपा नेता वीरेंद्र गोयल, ब्राह्मण समाज त्रिनगर के प्रधान



मोहन लाल गौड़, संजय शर्मा और समस्त सैनी समाज की महिलाओं, बच्चो ने कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस दौरान मान सिंह सैनी एवम अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। सैनी धर्मशाला के प्रधान जितेन्द्र सैनी द्वारा अतिथिओ का फूल माला द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर मनोज सैनी ने शानदार मंच संचालन किया। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों भी विचार रखे।



श्री मित्रम संघ जहांगीरपुरी द्वारा आयोजित श्री श्याम महोत्सव के दौरान उत्तराखण्ड कांग्रेस कमेटी के प्रभारी व बादली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव, कांग्रेस जिला महासचिव अशोक यादव व अन्य।

# बिजली सब्सिडी सीधे उपभोक्ताओं के खातों में जाये : कुमार

## डीईआरसी को प्रस्तावित सब्सिडी योजना केजरीवाल के दवाब में वापस लेनी पड़ी: चौधरी अनिल कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार द्वारा बिजली सब्सिडी देने को हर बार नए तरीके से प्रायोजित करके पेश करके दिल्ली की जनता को गुमराह किया जा रहा है।
उपराज्यपाल द्वारा बिजली सब्सिडी उपभोक्ताओं के खाते में डालने की मांग को सही ठहराते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिजली सब्सिडी उपभोक्ताओं के खाते में डालने की दिल्ली कांग्रेस कई वर्षों से लगातार करती आ रही है क्योंकि दिल्ली सरकार डी.ई.आर.सी. को सीधे निर्देश पर बिजली कंपनियों सीधा फायदा पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सी.ए.जी. केग ने दिल्ली सरकार, डिस्कॉम बोर्ड सदस्यों और डीईआरसी के प्रतिनिधियों के आडिट में इनकी गतिविधियों पर गंभीर सवाल खड़े किए थे।
चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि जब दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डी.ई.आर.सी.) ने अक्टूबर 2020 में दिल्ली सरकार को सब्सिडी 3 किलोवाट या 5 किलोवाट तक करने की सलाह दी थी जिसके अंतर्गत 95 प्रतिशत उपभोक्ता सब्सिडी के दायरे में आते और इसके बाद



सरकार को 316 करोड़ की बचत होती, उस पर दिल्ली सरकार सिर्फ बिजली कम्पनियों के फायदे में इस पर मोहर नही लगाई जिसके दवाब में डीईआरसी ने 6 जनवरी 2023 को अपना सुझाव वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों के नाम पर निजी बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) विशेषकर बीएसईएस को लाभ पहुंचाने व अनुचित वित्तीय लाभ प्रदान करने की नीति के तहत डीईआरसी ने सब्सिडी उपभोक्ताओं को देने की जगह बिजली कंपनियों के खाते में डाली। अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने सब्सिडी के नाम पर दिल्ली की जनता को लूटा है और 2015-2016 से 2020-2021 के बीच जनता को दी जाने वाली सब्सिडी की 11,743 करोड़ की राशि सीधा बिजली कम्पनियों को दी गई और जनता से फिक्स जार्च, पीपीएसी, आर.ए. सरचार्ज, बिजली टैक्स और पेन्शन ट्रस्ट के नाम पर 37,227 करोड़ रुपये अतिरिक्त राशि के रुप में जनता को लूटा है। उन्होंने कहा कि 2017-18 से 2020-2021 के बीच बिजली कम्पनियों ने 2677 करोड़ रुपये उपभोक्ताओं से पेंशन ट्रस्ट के नाम पर अतिरिक्त वसूले हैं। कांग्रेस शासन में बिजली बिल 45-50 दिन का आता था परंतु आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में बिल 25-28 दिन के सर्कल पर जारी करके पर बिजली कम्पनियां उपभोक्तओं पर दोहरी मार कर रही हैं।

# कमेटी ने सोना व चांदी बाबा बचन सिंह कार सेवा वालों को सौंपी

## 25 मार्च को भाई मति दास चौक के उद्घाटन कार्यक्रम में संगत बड़ी संख्या में शामिल हो: कालका, काहलों

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका व महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों के नेतृत्व में कमेटी की टीम ने आज 4.5 किलो सोना व 9 किलो से ज्यादा की चांदी बाबा बचन सिंह जी कार सेवा वालों व उनकी टीम को सौंपी ताकि गुरुघरों में चल रहे सेवा के कार्य सुचारू ढंग से चलाये जा सके।
इस संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए सरदार हरमीत सिंह कालका व सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि इससे



पहले जून 2021 में एकत्रित सोना व चांदी बाबा बचन सिंह जी कार सेवा वालों को सौंपा गया था तथा अब मार्च 2023 तक एकत्रित हुआ साढ़े 4 किलो सोना व 9 किलो की चांदी बाबा जी को सौंपी गई है। इस मौके पर बाबा बचन सिंह जी के साथ बाबा सुरिंदर सिंह जी, बाबा रवि जी, बाबा लक्खा जी, बाबा सतनाम सिंह, लक्की जी सहित पूरी टीम मौजूद थी।
सरदार कालका व सरदार काहलों ने बताया कि गुरु घर की विभिन्न सेवाओं में पंथ रतन बाबा हरबंस सिंह जी कार सेवा वालों का महत्वपूर्ण योगदान है। इस समय गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब, गुरुद्वारा मजनू का टीला, बाला साहिब अस्पताल और भाई मति दास चैक सहित कई स्थानों पर कार सेवा बाबा बचन सिंह जी व इनकी टीम द्वारा की जा रही है। संगत जो सेवा दान करती है, चाहे गहने हों, सोने की ईंट हों या बिस्किट हो अथवा अन्य किसी रूप में हो, प्रबंधक यह सुनिश्चित करते हैं कि जिस मंशा व नेक नीयत के साथ संगत दान करती है उस माया का सदुपयोग गरीबों की सेवा, बच्चों की पढ़ाई और मरीजों के इलाज में हो। उन्होंने बताया कि भाई मती दास चौक की सेवा लगभग पूरी हो चुकी है और 25 मार्च को इसका उद्घाटन किया जाएगा. उन्होंने संगत से इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर शामिल होने की अपील की।

# डॉ. वेदप्रताप वैदिक का निधन हिंदी पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति: वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल भारतीय** स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने संघ के मुख्यालय बरवाला में पीटीआई की हिंदी न्यूज एजेंसी भाषा के संस्थापक संपादक और नवभारत टाइम्स के पूर्व संपादक (विचार) रहे विश्वख्याति प्रताप मूर्धन्य विद्धान पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक डॉ. वेदप्रताप वैदिक के आकस्मिक निधन पर शोक जताते हुए कहा कि डॉ. वैदिक का निधन हिंदी पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है। वत्स ने कहा कि वैदिक जी बहुभाषाविद् अंतरराष्ट्रीय मामलों



पर गहरी पकड रखने वाले विशेषज्ञ पत्रकार और विचारक थे। हिंदी के प्रति उनका अनन्य प्रेम जगजाहिर था। जीवनकाल में वैदिक जी ने अनेकों प्रतिभावान युवा पत्रकारों और लेखकों को प्रोत्साहित किया।




सरकार के खिलाफ भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए।

# 'फ्लोर टेस्ट बुलाकर राज्यपाल ने गलत नहीं किया'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शिवसेना** विवाद मामले पर सुनवाई के दौरान एकनाथ शिंदे गुट की ओर से पेश वकील हरीश साल्वे ने सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच से कहा कि केवल सुप्रीम कोर्ट आ जाने से सब कुछ नहीं सुलझ सकता है। उन्होंने कहा कि फ्लोर टेस्ट बुलाकर राज्यपाल ने कुछ भी गलत नहीं किया। लोकतंत्र को सदन के पटल पर ही चलने दें। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अपनी दलीलें रखेंगे। साल्वे ने कहा कि अब कोर्ट इस्तीफा देने वाले मुख्यमंत्री को वापस पदासीन होने का निर्देश नहीं दे सकती है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई इस तरह की स्थिति हो तो राज्यपाल को विश्वास मत के लिए बुलाना चाहिए और इसमें कुछ भी गलत नहीं है। एसआर बोम्मई मामले में भी यही स्थिति रखी गई है। फ्लोर टेस्ट बुलाकर राज्यपाल ने कुछ भी गलत नहीं किया। लोकतंत्र को सदन के पटल पर ही चलने दें। हालांकि साल्वे ने यह कहा कि नाबाम रेबिया मामले में फैसले पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। अगर वास्तव में विश्वास मत होता तो क्या होता। इस अदालत ने कभी भी यह निष्कर्ष नहीं निकाला कि सदन में बने रहने वाले किसी व्यक्ति के लिए अयोग्यता की चुनौती का लंबित होना उस व्यक्ति को कानूनी रूप से अयोग्य घोषित नहीं करता है।



श्री मित्रम संघ जहांगीरपुरी द्वारा आयोजित श्री श्याम महोत्सव के दौरान भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत सिंह यादव और भाजपा नेता साहिल वासन व अन्य।

# वार्ड नम्बर-20 से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की होगी शुरूआत

## मुरथल स्थित एक निजी रेस्त्रां में वार्ड-20 के पार्षदों व पार्षद प्रत्याशियों के साथ विधायक सुरेंद्र पंवार ने बैठक कर रूपरेखा की तैयार



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** मुरथल स्थित एक निजी रेस्त्रां में हाथ से हाथ जोड़ा अभियान को लेकर मेयर निखिल मदान, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, कोर्डिनेट सुरेश योगी के साथ सभी वार्डों के पार्षदों व पार्षद प्रत्याशियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इसमें अभियान को लेकर सभी की जिम्मेदारियां तय की गई। विधायक सुरेंद्र पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 मार्च से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का आगाज किया जाएगा। वार्ड नम्बर-20 से इस अभियान की शुरूआत की जाएगी। बैठक के दौरान सभी पार्षदों की जिम्मेदारी तय की गई, ताकि कार्यक्रम में कोई व्यावधान न आए। उन्होंने कहा कि शहरभर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेस के संकल्प के दस हजार से ज्यादा पोस्टर चस्पा किए जाएंगे, ताकि प्रत्येक शहरवासी को कांग्रेस सुशासन की नीतियों का पता चल सकें। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी कांग्रेसजनों व शहरवासियों के सहयोग से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान सफलतापूर्वक संपन्न होगा। इस दौरान पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, पार्षद नीतू दहिया, पार्षद रेनू सैनी, पार्षद मोनिका नागर, पार्षद सूर्या दहिया, मनोज रिढाऊ, कमल हसीजा, पूर्व चेयरमैन संजय चौहान, मनीष सैनी, हरेंद्र राठी, पवन प्रधान, राजेश कोशिक, विपिन गोस्वामी, प्रवीन सैनी, प्रिंस सरोहा, अमित राणा, अनिल नागर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना 31 मार्च तक बढ़ाई : अमित खत्री



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम** बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना का लाभ उपभोक्ताओं को बिजली वितरण निगम द्वारा निरंतर दिया जा रहा है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दी गई है। अनेकों बिजली उपभोक्ता अभी भी अपने बकाया बिलों का भुगतान करना चाहते हैं, उन्हें यह अवसर दिया जा रहा है। बकायादार उपभोक्ता 31 मार्च से पहले इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ सभी कनेक्टेड और डिस्कनेक्टेड, शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के निजी, कृषि और सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत आदि के उपभोक्ताओं को मिलेगा। जिनका बिल 31 दिसंबर 2021 तक बकाया था तथा अब तक भी बिल बकाया है। उनके बकाया बिल राशि के एकमुश्त भुगतान पर 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी उपभोक्ताओं को दी जा रही है। जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए थे, वे सभी उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठा कर अपने कनेक्शन ले सकते हैं। बकायादार उपभोक्ता अपने बिजली बिल की मूल राशि का एक हिस्सा जमा करके अपना कटा हुआ बिजली कनेक्शन जुड़वा सकते हैं। शेष राशि को लगातार 6 किश्तों में मूल भुगतान के साथ-साथ वर्तमान बिल का भी भुगतान करना होगा।

यह योजना शहरी एवं ग्रामीण सभी व्यक्तिगत घरेलू और कृषि श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए भी लागू होगी।

**केस वापिस लेकर उपभोक्ता उठा सकते हैं लाभ**

जिन उपभोक्ताओं के बिल विवाद के मामले किसी भी न्यायिक फोरम में चल रहे हैं, वे इसी समय अपना मामला वापिस लेकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। केस वापिस लेने की स्थिति में उन्हें भी इस योजना का लाभ मिल सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### नारी सशक्तिकरण के लिए नवरात्रि से चलेगा विशेष अभियान

**हरदोई।** क्षेत्र में नारी सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए इस नवरात्र 9 दिनों का एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह के निर्देश पर 22 मार्च से 31 मार्च तक महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष जोर दिया जाएगा। पुलिस ,स्कूल चौराहों व बाजारों महिला जागरूकता अभियान चलाएगी। एडिशनल एसपी ने दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि नवरात्र से रामनवमी तक चलने वाले इस विशेष अभियान में ग्राम पंचायत से लेकर स्कूल कैम्पस , दुर्गा पंडालों , हर जगह महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के भाव को बढ़ाने के लिए मिशन रूप में काम किया जायेगा। कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने कहा कि हमें नवरात्र के वास्तविक भाव को धरातल में उतारना होगा। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला समृद्ध समाज का आधार है। उन्होंने हर नारी की सुरक्षा, गरिमा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने का संकल्प लेते हुए मिशन शक्ति को सफल बनाने का निर्देश दिया। नवरात्र पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था का खाका कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने खींच दिया है। क्षेत्र की बहन- बेटियां अपने घर से निकलकर सुरक्षित मंदिर पहुंचे और पूजा पाठ करें। इसके लिए पुलिस ने गश्त जारी रखा। गश्त की कमान कोतवाल खुद संभाले रहे। कोतवाल ने गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। कहा कि जनता में सुरक्षा का एहसास कराने के लिए गश्त किया गया है। नवरात्र पर्व में बहन-बेटियां अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सके, इसके लिए पुलिस सदैव सुरक्षा में तत्पर है।

### आहुलाना गांव के परीक्षा केन्द्र में दो कमरों से तीन पेपर सैट बार कोड सहित आऊट

**गन्नौर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड़ भिवानी की दसवीं की परीक्षा में मंगलवार को गणित विषय की परीक्षा में आहुलाना गांव के राजकीय स्कूल के परीक्षा केन्द्र से पेपर आउट हो गया। पेपर आऊट के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पेपर लीक मामले में भिवानी बोर्ड के चेयरमैन के नकल रहित उड़दस्ते की टीम ने पेपर के बार कोड की जांच की गई तो वह आहुलाना परीक्षा केन्द्र का ही मिला। जांच में पाया गया कि परीक्षा केन्द्र से तीन अलग- अलग बार कोड़ का पेपर लिक हुआ हुआ है। भिवानी बोर्ड़ के चेयरमैन के उड़दस्ते की टीम ने तुरन्त सूचना गन्नौर पुलिस को दी और बोर्ड़ की टीम ने मामले में 3 छात्रों को पकड़ कर कार्रवाई की जा रही है। आहुलाना के परीक्षा केंद्र पर परीक्षा भी रद्द कर दी गई है। मंगलवार को दसवीं के गणित के पेपर में परीक्षा केन्द्र से तीन बार कोड का पेपर लिक होने के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि पेपर आऊंट के बाद प्राईवेट स्कूल के छात्रों की पेपर में नकल कराने की पूरी तैयारी थी। वहीं पेपर लिक के मामले में एक प्राईवेट स्कूल के शिक्षक भूमिका बताई जा रही है।

### यमुना में स्नान को आए भाइयों में से एक की डूबने से मौत

**मथुरा। कस्बा नौहझील के गांव बरौठ से घूमने आए दो युवक मंगलवार** को वृंदावन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जुगलघाट पर नहाते समय पानी में डूब गए। जिनमें से एक को तो बचा लिया गया लेकिन दूसरे को ढूंढने में काफी देर लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। नौहझील थाना क्षेत्र अन्तर्गत बरौठ गांव निवासी 18 वर्षीय विष्णु पुत्र कैलाश चंद्र अपने ताऊ के लड़के सुशील व आदर्श के साथ वृंदावन घूमने आया था। मंगलवार को आदर्श और विष्णु यमुना में स्नान के लिए जुगलघाट पहुंचे और नहाते समय गहरे पानी में डूब गए।

### वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**देवरिया।** महुआडीह पुलिस ने मंगलवार को वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बाल अपचारी है। इनके निशानदेही पर कुल 11 दो पहिया वाहन बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि महुआडीह पुलिस ने रामपुर दुल्लाह नहर पुलिया के पास दो मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम अविनाश गौड़ उर्फ केश्वर गौड़, दुर्गेश यादव बताया है। तीसरा बालक आपचारी है। पुलिस ने वाहनों के संबंध में कागजात मांगे पर वे लोग नहीं दिखा पाए। चेचिस नम्बर भी खुरचा हुआ था। सख्ती से पूछताछ में इन्होंने स्वीकारा कि बरामद वाहनों को रेलवे स्टेशन और एक मैरिज लॉन के पास से चुराया था।

## विस्थापित करते समय खंडित हुई हनुमान मूर्ति

**मीरजापुर।** निर्माणाधीन विंध्य कारिडोर के अंतर्गत चौड़ीकरण को लेकर पक्का घाट मार्ग पर स्थित हनुमानजी का प्राचीन मंदिर विस्थापित करते समय खंडित हो गई। मूर्ति खंडित होने पर स्थानीय लोग विरोध करने लगे। अधिकारियों ने नई मूर्ति लगाने का निर्देश दिया, तब जाकर मामला शांत हुआ। पक्का घाट मार्ग पर हनुमानजी का काफी पुराना मंदिर था। विंध्य कारिडोर के अंतर्गत चौड़ीकरण में बाधा उत्पन्न होने के कारण पर्यटन विभाग ने हनुमानजी की मूर्ति विस्थापित करने की योजना बनाई। मंगलवार सुबह कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम ने मूर्ति विस्थापित की।

# जेजेपी जिलाध्यक्ष पदम सिंह दहिया ने कांग्रेस का दामन थामा

## नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** भाजपा व जजपा को सोनीपत में करारा झटका लगा है। सोनीपत लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी, पूर्व विधायक व वर्तमान में भाजपा के जिलाध्यक्ष पदम सिंह दहिया ने जेजेपी छोड़कर कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था जताई है। पूर्व जिला पार्षद व भाजपा की वर्तमान में महिला की जिलाध्यक्ष प्रमिला मलिक ने भी भाजपा छोड़कर कांग्रेस में अपनी आस्था दिखाई है। इसके साथ ही गन्नौर से पूर्व हलका अध्यक्ष व त्यागी समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश त्यागी ने भी भाजपा को छोड़कर कांग्रेस में अपनी आस्था जताई है। तीनों नेताओं ने नई दिल्ली में लोकप्रिय राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से मुलाकात की । इस दौरान खरखौदा से विधायक जयवीर बाल्मीकि, सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र छिक्कारा भी मौजूद रहे। बता दें कि मंगलवार का दिन सोनीपत में कांग्रेस के लिए बेहद ही उत्साह का दिन रहा है। क्योंकि तीन दिग्गज नेताओं ने बीजेपी व जेजेपी को छोड़कर कांग्रेस में आस्था जताई है। पदम सिंह दहिया, प्रमिला मलिक व सुरेश त्यागी के कांग्रेस में आने से कांग्रेस को सोनीपत में बेहद मजबूती मिली है। पदम सिंह दहिया ने 1996 में पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ा, लेकिन कुछ मतों से विजयी होने से वंचित रहना पड़ा, इसके बाद सन 2000 में फिर विधानसभा का चुनाव लड़ा और बेहद ही शानदार जीत रही और विधायक बने। इसके बाद 2014 में लोकसभा का चुनाव लड़ा, इसमें 2 लाख 69 हजार वोट प्राप्त किए। सबसे मुख्य बात यह है कि जब से राजनीति में हौंश संभाला है उस दिन से लेकर आज जक राजनीतिक पार्टी में जिलाध्यक्ष रहे है। वर्तमान में भी जेजेपी पार्टी से सोनीपत के जिलाध्यक्ष के पद पर थे। प्रमिला मलिक ने वार्ड-9 से जिला पार्षद का चुनाव लड़ा और वर्ष 2010 से 2015 तक पार्षद रही, इसके बाद 2011 से 2014 तक इनैलो की प्रदेश महासचिव रही, 2014 से 2019 तक इनैलो की महिला जिला प्रधान रही। 2018 से 2019 तक इनैलो की प्रदेश प्रवक्ता रही। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी, सोनीपत की महिला की जिलाध्यक्ष थी। इसी तरह गन्नौर से सुरेश त्यागी भी राजनीति में दिग्गज नेताओं में सुमार है।

# रेनू विद्या मंदिर में सुशीला गुप्ता मैमोरियल द्वारा महिला सशक्तिकरण प्रतियोगिता का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** श्री रामेश्वर सेवा संस्थान द्वारा संचालित रेनू विद्या मंदिर में सुशीला गुप्ता मैमोरियल द्वारा महिला सशक्तिकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सस्था के सभी छात्रों एवं अध्यापिकाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया गया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। जिसमे सविता (सावी) सीनू ,पूजा एवं मीनाक्षी विजय रही। संस्था की प्रबंधक ध्वनि गुप्ता ने सुशीला गुप्ता के कर्म एवं कदमो का व्यख्यान किया एवं सुशीला गुप्ता मैमोरियल की और से आयोजित प्रतियोगिता को भविष्य में राष्ट्रीय सत्र पर करवाने के लिए व्यक्त किया। महिलाओं के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए इंटरनेशनल वुमेन्स डे को सब जगह विशेष रूप से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। लेकिन वर्तमान समय में महिलाओं के साथ इव टीजिंग और सेक्सुअल हैरसमेंट जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही है। जिसके साथ हमें यह अपनी संस्कृति को ध्यान में रखते हुए महिलाओं के साथ हो रही ऐसी वारदातों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

## सिख समुदाय ने हर्षोल्लास से मनाया नववर्ष

**लखनऊ।** सिख समुदाय का आज यानि 14 मार्च से नववर्ष शुरू हुआ। सिख परिवारों में नानकशाही कैलेण्डर के अनुसार त्योहार व अन्य आयोजन किए जाते हैं। नानकशाही नव वर्ष के आगमन दिवस एवं चैत्र माह संक्रान्ति पर्व को मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। लखनऊ के श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी में इस अवसर पर दीवान सजाया गया और लंगर हुआ। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्त गुरूद्वारा में माथा टेकने गए। शाम को रहिरास साहिब के पाठ से दीवान प्रारम्भ हुआ । उसके उपरान्त हजूरी रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह ने अपनी मधुर वाणी में शबद-कीर्तन किए।

## ओमेक्स सिटी के श्रीराम मंदिर में वरिष्ठ भाजपा नेता सतपाल का किया सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया/बहादुरगढ़** ओमेक्स सिटी के श्री राम मंदिर प्रांगण में स्वागत समारोह आयोजित हुआ। इसमें वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी सतपाल राठी ने मुख्य तौर पर शिरकत की। उनका यहां पहुंचने पर मंदिर प्रबंधक कमेटी व ओमेक्स सिटी निवासियों ने जोरदार अभिनंदन किया। सतपाल राठी ने अपनी नेक कमाई से श्री राम मंदिर निर्माण के लिए दान स्वरूप 1 लाख 1 हजार रुपए भेंट किए। मंदिर प्रांगण में हुए स्वागत समारोह दौरान निर्मल गुप्ता, अत्तर सिंह कौशिक, एडवोकेट आरएस मान, सतीश विश्वकर्मा, विजय पंडित, विरेंद्र राणा, अनिल राणा, संजय, आनंद समेत काफी संख्या में रेजिडेंट्स व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी सतपाल राठी के समक्ष ओमेक्स सिटी के निवासियों ने कई जनसमस्याएं भी उनके समक्ष रखी। जिस पर राठी ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनके संज्ञान में जो भी जनसमस्याएं आई है उनके समाधान को लेकर वे हरसंभव प्रयास करेंगे। सभी जनसुविधाएं वार्डवासियों को मिले इसके लिए झज्जर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष व नगर पार्षद डा. नीना राठी भी प्रमुखता से जनहित में लोगों की आवाज उठाते हुए सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत रहती हैं। सतपाल राठी ने कहा गंदे पानी की निकासी को लेकर भी उचित प्रबंध करवाये जा रहे हैं। ओमेक्स सिटी से लेकर वेस्ट जुआं ड्रेन तक बड़े नाले का निर्माण करवाया जाएगा। इस कार्य के लिए नगर परिषद में टैंडर प्रक्रिया जल्द शुरू करवाई जाएगी ताकि बारिश से मौसम पहले ही यह नाला बनकर तैयार हो जाए ताकि लोगों को किसी भी तरह से परेशानी न हों। उन्होंने कहा कि हमें धार्मिक व सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। क्योंकि इस तरह के कार्यक्रमों से आपसी सौहार्द व भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने सार्मथ्य अनुसार सहयोग भी करते रहना चाहिए और मिलजुलकर कार्य करते हुए देश व समाज हित के लिए कार्य करना चाहिए। उधर सतपाल राठी ने पर्यावरण की शुद्धता, जल संरक्षण व स्वच्छता को लेकर भी लोगों को प्रेरित किया।

# दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर** पुरखास के खेल स्टेडियम में चल रही दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का समापन हो गया। समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि के तौर पर मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने खिलाड़ियों से परिचय करने के बाद खेल का शुभारंभ किया। देवेंद्र कादियान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन होने से प्रतिभावान खिलाड़ियों को मंच मिलता है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए जिला एवं प्रदेश स्तर पर नाम रोशन करने की सीख दी। उन्होंने खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कहा कि पुरखास गांव की पहचान खेलों से है, सबसे अच्छी बात ये है कि पुरखास में समय-समय पर खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए खेल प्रतियोगिताओं को आयोजन कराया जाता है। फुटबॉल टूनार्मेंट में आसपास व दूर दराज से 30 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। हर टीम ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों से जमकर तालियां बटोरी। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला मेजबान पुरखास और दुलहेड़ा गांव की टीम के बीच खेला गया। आखिर तक खिलाड़ियों ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाने को लेकर जमकर पसीना बहाया। अंत में पेनाल्टी सूट आउट के माध्यम से फाइनल की घोषणा की गई। जिसमें दुलहेड़ा टीम ने बाजी मारी। मुख्यातिथि कादियान ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। इससे पहले टूर्नामेंट आयोजकों ने देवेंद्र कादियान का बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पार्षद सीता गुलिया, राजेश पहलवान, सरपंच बहादुर पहलवान, सुनील, यशपाल बाबा, उमेश, धर्मबीर गुलिया आदि मौजूद रहे।

# औतों आंगनबाड़ी केंद्र पर नौनिहालों को कराया अन्नप्राशन



**टीम एक्शन इंडिया/औरैया।** छह माह के बाद बच्चों को मां के दूध के साथ-साथ ऊपरी आहार की भी जरूरत होती है। सही समय पर सही मात्रा में खाना देने से बच्चों में होने वाली कुपोषण की समस्या पर प्रभावी ढंग से काबू पाया जा सकता है। छह से आठ माह तक बच्चों को एक से दो चम्मच मसला हुआ अर्धठोस आहार देना चाहिए। आठ माह से एक वर्ष तक के बच्चे को आधी कटोरी आहार दिन में दो बार देना चाहिए जबकि एक से दो वर्ष के बच्चे को एक कटोरी आहार दिन में दो से तीन बार देना चाहिए। यह चर्चा मंगलवार को विकास खंड अछल्दा के ग्राम पंचायत औतों के आंगनबाड़ी केंद्र पर अन्नप्राशन उत्सव के दौरान हुई। सर्वप्रथम किशोरी बालिका स्वर्णिका, वंशिका, मनस्वी, रिद्धि ने स्तनपान जागरूकता रंगोली बनाई तत्पश्चात आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन चतुर्वेदी ने राधिका को छह माह पूरा करने पर खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। कार्यक्रम में आई महिलाओं और राधिका की मां को बताया कि बच्चे को जन्म से छह माह तक केवल स्तनपान करवाएं और छह माह पूर्ण होने पर ऊपरी आहार खिलाना प्रारंभ करें। ऊपरी आहार में गाढ़ी दाल दलिया मसले हुए फल अवश्य दें। दाल दलिया में एक छोटा चम्मच घी या सरसो का तेल गरम करके डालें। दो वर्ष तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान करवाएं। साथ में पांच वर्ष तक सम्पूर्ण टीकाकरण अवश्य करवाएं। इसके साथ ही अन्नप्राशन कार्यक्रम के संबंध में उन्होंने बताया कि ऊपरी आहार से बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास तेजी से होता है। कहा कि धात्री महिलाओं को भी पूरक पोषाहार लेना चाहिए। इससे बच्चा कुपोषण से बच जाता है। उन्होंने बच्चों में होने वाली बीमारियों व उसके बचाव के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मां के दूध के साथ पूरक आहार, माता के उचित आहार, खिलाने के तरीके, साफ-सफाई पर ध्यान आदि की जानकारी दी।

**अन्नप्राशन संस्कार का महत्व**

अन्नाशनान्मातृगर्भे मलाशाद्यपि शुद्धयति इसका अर्थ है कि माता के गर्भ में रहते हुए जातक में मलिन भोजन के जो दोष आते हैं उनके निदान व शिशु के सुपोषण हेतु शुद्ध भोजन करवाया जाना चाहिए। छह माह तक माता का दूध ही शिशु के लिये सबसे बेहतर भोजन होता है। इसके पश्चात उसे अन्न ग्रहण करवाना चाहिए।

इसलिए अन्नप्राशन संस्कार का बहुत अधिक महत्व है। शास्त्रों में भी अन्न को ही जीवन का प्राण बताया गया है। अन्न से ही मन का निर्माण होता है। अन्न का जीवन में बहुत अधिक महत्व है। कहा भी गया है कि आहारशुद्धौ सत्वशुद्धिरू। अन्न के महत्व को व्याख्यायित करने वाली एक कथा का वर्णन भी धार्मिक ग्रंथों में मिलती है।

# सदस्यता अभियान में मिलजुल कर मजबूती से काम करें सभी साथी: छिक्कारा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर** आम आदमी पार्टी ने हल्का गन्नौर में सदस्यता अभियान को लेकर एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री संदीप पाठक जी का वीडियो संदेश के माध्यम से कार्यकताओं को सदस्यता अभियान किस प्रकार से चलाना है उसके बारे में जानकारी दी गई। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता रणबीर छिकारा ने कहा कि सभी साथियों को एकजुट होकर पार्टी की मजबूती के लिए काम करना है और हर घर पर दस्तक देकर आम आदमी पार्टी के द्वारा किए गए कार्यों की और आम आदमी पार्टी की नीतियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने है ताकि सभी को आम आदमी पार्टी के द्वारा किए गए जनहित कार्यों के बारे में अवगत कराया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। व्यवस्था से लोग परेशान है। हरियाणा की जनता सब देख और समझ रही है। इस अवसर पर उनके साथ सरोज बाला राठी, महेंद्र सिंह, धर्मवीर धनखड़ राजेश कुमार देवेंद्र कुमार आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यूपी: रामनवमी पर रामचरितमानस का होगा पाठ

### नवरात्रि में योगी सरकार दुर्गा सप्तशती का पाठ कराएगी, हर जिले को मिलेंगे 1-1 लाख रुपए

**विशेष पूजा-पाठ**

**योगी सरकार की ओर से नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी जागरण और भजन का आयोजन कराया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश सरकार इस बार चैत्र नवरात्रि पर पूरे यूपी में विशेष पूजा-पाठ कराएगी। योगी सरकार की ओर से नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी जागरण और भजन का आयोजन कराया जाएगा। झांकियां भी निकाली जाएंगी। रामनवमी पर श्रीराम चरित मानस का पाठ कराया जाएगा। इसके लिए योगी सरकार सभी जिलों के डीएम को एक-एक लाख रुपए उपलब्ध कराएगी। इन कार्यक्रमों में महिलाएं और छात्राएं विशेष रूप से हिस्सा लेंगी।

**गाए जाएंगे देवी गीत, झांकियां निकाली जाएंगी:** प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश विश्राम की ओर से प्रदेश के सभी कमिश्नर और डीएम को इस संबंध में दिशा-निर्देश भेजे गए हैं। चैत्र नवरात्रि 22 से 30 मार्च तक पड़ रहा है। 29 और 30 मार्च को अष्टमी और रामनवमी पर मंदिरों में श्रीराम चरित मानस का पाठ होगा। मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा होगी। देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन, देवी जागरण, श्रीराम चरित मानस पाठ का आयोजन किया जाएगा।

**मंदिर की डिटेल मांगी गई:** सभी कमिश्नर और डीएम को 21 मार्च तक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन मंदिरों में कार्यक्रम होंगे उनके नाम-पता, मंदिर की तस्वीरें, मंदिर प्रबंधन की डिटेल साझा करने का निर्देश दिया गया है। इसको लेकर राज्य स्तर पर दो नोडल अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। ये अधिकारी इन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराएंगे। इसके लिए जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग्स लगाए जाएंगे। इसे सोशल मीडिया पर भी प्रचारित किया जाएगा। प्रमुख सचिव ने डीएम को निर्देश दिए हैं कि वे अपने जिले में चयनित देवी मंदिर और शक्तिपीठों में कार्यक्रम के लिए कलाकारों का चयन कर लें।

### सरकारी दफ्तरों में रोज रामायण का पाठ हो: कांग्रेस नेता

**कांग्रेस** नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने दुर्गा सप्तशती, रामनवमी पाठ पर कहा, 'मैं इस फैसले का स्वागत करता हूं। सरकारी दफ्तरों में रोजाना रामायण का पाठ होना चाहिए। साथ ही विधानसभा, लोकसभा में भी भगवान श्रीराम की बड़ी मूर्ति लगानी चाहिए। तभी तो हिंदू राष्ट्र जैसा दिखेगा।'

**राज्य के लिए सभी धर्म और फेस्टिवल बराबर होने चाहिए:** सपा प्रवक्ता अमीक जामेई ने कहा, 'सीएम योगी से समाजवादी पार्टी कहना चाहती है कि राज्य का कोई धर्म नहीं होता है। राज्य के लिए सभी धर्म, उसके फेस्टिवल बराबर होने चाहिए। उनको बराबर से ट्रीट किया जाना चाहिए, जो उत्तर प्रदेश में नहीं हो रहा है। आपने एक-एक लाख रुपए धार्मिक आयोजन के लिए जिलेवार जारी किए हैं। लेकिन, हम आपसे एक निवेदन और भी करना चाहते हैं। ये जो एक-एक लाख रुपए आपने दिया है, इसका इस्तेमाल पूरा-पूरा हो जाए। क्योंकि पिछले साल का बजट 50 फीसदी लेप्स हुआ। खर्च नही हुआ। जांच नहीं हुई। चलो मान लो वह हिंदू हैं, आपको हिंदू से मतलब है। दूसरी तरफ मुसलमान, ईसाई, और दूसरे समाज के लोगों के लिए आपका दूसरा नजरिया होगा, वह आप जानें।

## राम रहीम का राजनीति से तौबा

### डेरा सच्चा सौदा का पॉलिटिकल विंग भंग किया, अब चुनाव में किसी का समर्थन न करने का फैसला



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**साध्वियों** के यौन शोषण और मर्डर केस में उम्रकैद की सजा भुगत रहे डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख राम रहीम ने राजनीति से तौबा कर ली है। उसने अपने डेरे के पॉलिटिकल विंग को भंग कर दिया है। राम रहीम ने अपने अनुयायियों से कहा है कि अब डेरे का कोई राजनीतिक विंग नहीं होगा। अब तक चुनाव में किस सियासी पार्टी का समर्थन करना है, इसका फैसला यही पॉलिटिकल विंग करता था। मतदान से 24 घंटे पहले अपने नेटवर्क के जरिये डेरे के लाखों अनुयायियों तक उससे जुड़ा संदेश भी पहुंचाता था। डेरा सच्चा सौदा के पॉलिटिकल विंग का गठन वर्ष 2007 में हुए पंजाब विधानसभा चुनाव से एक साल पहले किया गया था। राम रहीम को 2017 में पहली बार सजा होने के बाद पिछले कुछ चुनाव में डेरा अपने अनुयायियों को बीजेपी के पक्ष में वोट देने का संदेश देता रहा है। हालांकि डेरा कभी खुलकर ये समर्थन नहीं देता और मतदान से 24 घंटे पहले डेरे के इसी पॉलिटिकल विंग की ओर से डेराप्रेमियों को संदेश पहुंचाया जाता रहा है। अब 2024 के लोकसभा चुनाव से 9 महीने पहले डेरा प्रमुख राम रहीम का पॉलिटिकल विंग भंग करने का फैसला काफी चौंकाने वाला है। डेरे से जुड़े सूत्रों के मुताबिक राम रहीम ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि डेरा अब समाजसेवा के काम पर फोकस करना चाहता है। राम रहीम के जेल से पैरोल पर बाहर आने को लेकर तमाम सियासी पार्टियां बीजेपी पर हमले करती रहती हैं। इसी तरह के विवाद से बचने के लिए राम रहीम ने पॉलिटिकल विंग भंग किया है।

**अब किसी का समर्थन नहीं:** डेरा सच्चा सौदा से जुड़े सूत्रों के अनुसार, पंजाब-हरियाणा में चलने वाले तमाम बड़े डेरों का राजनीतिक विंग होता है। कुछ में यह आधिकारिक रूप से काम करता है और कुछ में इसे अंदरखाते चलाया जाता है।

## 11वीं की स्टूडेंट को 34 बार चाकू मारा था

### शादी का प्रपोजल ठुकराने पर की हत्या; कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई, कहा- यह निर्भया जैसा केस



**टीम एक्शन इंडिया/गांधीनगर**
**गुजरात में** 11वीं की स्टूडेंट को 34 बार चाकू घोंप कर मारने वाले शख्स को राजकोट की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई है। नाबालिग लड़की ने इस शख्स का प्रपोजल ठुकरा दिया था, जिसके बाद उसने गुस्से में आकर लड़की पर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। जब लड़की के भाई ने उसे बचाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उस पर भी हमला किया। मामला मार्च 2021 का है, जिस पर कोर्ट ने अब फैसला सुनाया है। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज आरआर चौधरी की कोर्ट ने इस मामले को रेयरेस्ट ऑफ द रेयर की कैटेगरी में रखा है।

**पोक्सो के तहत आरोपी पर दर्ज किया गया था केस:** आरोपी का नाम जयेश सरवैया है। उस पर इंडियन पीनल कोड और पोक्सो एक्ट के कई एक्ट्स के तहत केस दर्ज किया गया था। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर झनक पटेल ने बताया कि कोर्ट ने आईपीसी की धारा 302 के तहत आरोपी को मौत की सजा सुनाई और 5 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया था। इस मर्डर ने पूरी कम्युनिटी को झकझोर कर रख दिया था, इसलिए कोर्ट ने इसे बेहद गंभीरता से लिया। कोर्ट ने दोषी को अपील दायर करने के लिए एक महीने का समय दिया है।

**निर्भया कांड से भी गंभीर है अपराध**

**पब्लिक** प्रॉसिक्यूटर झनक पटेल ने कहा कि सृष्टि पर किया हर वार ऐसा था जिससे एक इंसान की जान ली जा सकती थी। इसलिए ऐसा कहा जा सकता है कि जयेश ने सिर्फ सृष्टि नहीं, बल्कि 34 लोगों की जान ली है।

## '3-4 बच्चे पैदा करो, दो को रामजी के काम में लगा दो'

### दो को रामजी के काम में लगाओ; हमें हिंदू राष्ट्र के लिए आगे आना पड़ेगा: पंडित धीरेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/छतरपुर**
**मध्य** प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने युवाओं से कहा कि ब्याह करो, 3-4 बाल-बच्चे हों। उनमें से दो को रामजी के काम में लगा दो। उन्होंने कहा कि हमें हिंदू धर्म और हिंदू राष्ट्र के लिए आगे आना पड़ेगा। धीरेंद्र शास्त्री रामचरित मानस रामलीला मैदान में रामालय का उद्घाटन करने पहुंचे थे। उन्होंने मंच से कविताएं और शायरी भी सुनाईं।

**जो राम का नहीं, उनकी ठठरी बांध दो:** पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- रामनवमी की कौन-कौन तैयारी कर रहा है। जो राम का नहीं उनकी ठठरी बांध दो। उन्होंने कहा कि वैसे तो बच्चे 2 ही अच्छे हैं, लेकिन एक बच्चा रामजी और हिंदू राष्ट्र के लिए काम करने वाला होना चाहिए। हमारे पिताजी के भी 2 बच्चे हैं एक मैं सनातन के काम में लगा हूं। किसी को राम के नाम से, हिंदू राष्ट्र के नाम से टेंशन है तो हम क्या करें। हार्ट अटैक की दवाई खाओ। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि रामराज्य और हिंदू राष्ट्र के लिए सभी को आगे आना पड़ेगा।

**बार-बार मिल रहे चैलेंज पर बोले- हम कोई फरमाइशी गीत नहीं:** आयुर्वेदाचार्य प्रकाश टाटा ने उन्हें चैलेंज दिया था कि यदि उनके पर्चे को पंडित धीरेंद्र शास्त्री अपने पर्चे में लिखकर बता दें तो उन्हें एक करोड़ रुपए की दक्षिणा देंगे। इस पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हम कोई फरमाइशी गीत नहीं हैं। कितनी बार एक्सेप्ट नहीं किया? कितनी बार प्रतिउत्तर नहीं दिया? कितनी बार टेस्ट नहीं दिया? यही तो नहीं करते रहेंगे?

## ट्रेन में महिला के सिर पर टीटीई ने किया टॉयलेट

**जमकर पीटा**

**महिला के शोर मचाने पर पति और यात्रियों ने टीटीईको पकड़ा और जमकर पीटा। उसे जीआरपी के हवाले कर दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**अमृतसर से** कोलकाता जा रही अकाल तख्त एक्सप्रेस में टीटीई ने महिला पैसेंजर के सिर पर टॉयलेट कर दी। महिला अपने पति के साथ A-1 कोच में सफर कर रही थी। महिला के शोर मचाने पर पति और अन्य यात्रियों ने टीटीई को पकड़ा और जमकर पीटा। ट्रेन के लखनऊ पहुंचने पर उसे जीआरपी के हवाले कर दिया। घटना रविवार रात 12 बजे की है। इंस्पेक्टर चारबाग नवरत्न गौतम ने बताया, "महिला अमृतसर की रहने वाली है। वह पति राजेश के साथ कोलकाता जा रही थी। रात करीब 12 बजे सभी सो रहे थे। ट्रेन बरेली और लखनऊ के बीच थी। इसी दौरान नशे में धुत बिहार के टीटीई मुन्ना कुमार ने यह गंदी हरकत की। इंस्पेक्टर ने बताया कि जीआरपी को ट्विटर के जरिए शिकायत मिली थी। ट्रेन के लखनऊ पहुंचते ही टीटीई मुन्ना को पकड़ लिया।

## शिक्षा राज्यमंत्री से सवाल पूछने पर पत्रकार गिरफ्तार

**सवाल पर गिरफ्तारी**

**हथकड़ी पहनाकर रस्सियों से हाथ बांधकर ले जाया गया। पत्रकार के खिलाफ 13 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई थी**

**संभल/टीम एक्शन इंडिया**
**माध्यमिक** शिक्षा राज्य मंत्री से कामकाज का ब्योरा मांगने पर यूपी पुलिस ने एक यू ट्यूबर पत्रकार को गिरफ्तार किया है। उसे बकायदा हथकड़ी पहनाकर रस्सियों से हाथ बांधकर ले जाया गया। इस पत्रकार के खिलाफ 13 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई थी। इसका एक वीडियो भी सामने आया था। यू ट्यूबर को कल रात को गिरफ्तार कर किया गया था। वहीं उसको जमानत दे दी गई है। इस मामले में समाजवादी पार्टी ने कहा कि यह बीजेपी सरकार में इमरजेंसी और तानाशाही रवैया नहीं है तो और क्या है? वहीं प्रियंका गांधी ने भी ट्वीट कर सरकार पर निशाना साधा है। यह पूरा मामला संभल की कोतवाली चंदौसी क्षेत्र गांव बुद्धनगर खंडवा का है। यूपी सरकार में माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी एक चेक डैम के उद्घाटन में शिरकत करने पहुंची थी।

## रेलवे स्टेशन पर ड्रम में मिला महिला का शव

**बेंगलुरु:** बेंगलुरु के बैयप्पनहल्ली रेलवे स्टेशन पर रखे ड्रम में एक महिला का शव मिला है। रेलवे पुलिस ने कहा कि सुबह करीब 10 बजे तीन लोग रिक्शा में ड्रम रखकर लाए और स्टेशन पर फेंक गए। इसका खुलासा सीसीटीवी फुटेज से हुआ है। अब फुटेज की मदद से आरोपियों की जांच की जा रही है। उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं बताया कि बेंगलुरु में तीन महीने में ये तीसरी घटना है। मृतक महिला की उम्र लगभग 32 साल है। दिसंबर के दूसरे हफ्ते में सामने आया था।

## नाबालिग लड़की के सिर-पीठ पर हाथ फेरना यौन शोषण नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नागपुर**
**बॉम्बे** हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने 28 साल के शख्स को यौन शोषण के आरोपों से रिहा कर दिया। कोर्ट ने कहा कि बिना सेक्शुअल इंटेंट के किसी नाबालिग बच्ची के सिर या पीठ पर हाथ फेरना यौन शोषण नहीं माना जा सकता है। केस 2012 का है जब आरोपी की उम्र 18 साल थी। उस पर 12 साल की बच्ची को छेड़ने के आरोप में केस दर्ज किया गया था। लड़की के मुताबिक, आरोपी ने उसकी पीठ पर हाथ फेरते हुए कहा था कि वह बड़ी हो गई है। इस मामले में जस्टिस भारती डांगरे की सिंगल बेंच ने 10 फरवरी को आदेश दिया था, जिसे 13 मार्च को सार्वजनिक किया गया।

**कोर्ट की टिप्पणी- आरोपी ने विक्टिम को बच्ची के तौर पर देखा था:** जज ने कहा कि जब प्रॉसिक्यूशन आरोपी की छेड़छाड़ की नीयत को साबित नहीं कर पाया, तो कोर्ट को यह समझ नहीं आ रहा है सेक्शन 354 क्यों लगाया गया है और इसे साबित करने के लिए सुनवाई क्यों हो रही है। खासतौर से ये क्यों कहा जा रहा है आरोपी ने जब बच्ची की पीठ पर हाथ फेरकर कहा कि तुम बड़ी हो गई हो, तो इससे बच्ची डर गई। आरोपी ने जो बात कही थी उससे समझ आता है कि उसने विक्टिम को बच्ची के तौर पर देखा था और इसीलिए उसके बड़े होने को लेकर टिप्पणी की थी।

**अफवाह पर विराम** मंगला आरती की फीस 500 रुपए, भोग आरती के लिए देने होंगे 300 रुपए

## काशी विश्वनाथ के स्पर्श के लिए नहीं देना होगा शुल्क



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**बाबा** श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में स्पर्श दर्शन के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। मंदिर न्यास की बैठक में ऐसा विचार बना था, लेकिन सहमति नहीं बनी। हालांकि, बाबा की मंगला आरती के लिए 500 रुपए, भोग आरती और श्रृंगार आरती के लिए 300-300 रुपए चुकाने पड़ रहे हैं। दरअसल, अचानक सोशल मीडिया पर काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन स्पर्श के लिए शुल्क लिए जाने का मैसेज वायरल हुआ। इसमें स्पर्श के लिए 500 से 1000 रुपए शुल्क निर्धारित होने के बारे में बताया गया। कुछ देर बाद ही मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने इस मैसेज का खंडन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह का कोई शुल्क निर्धारण नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की पिछली बैठक में विभिन्न संगठनों ने अपना विचार रखा था। लेकिन उसी समय प्रस्ताव को खारिज किया गया था।

**शुल्क नहीं देना होगा**

**बाबा की मंगला आरती के लिए 500 रुपए, भोग आरती और श्रृंगार आरती के लिए 300-300 रुपए चुकाने पड़ रहे**

**ऑनलाइन 300 रुपए दीजिए, सुगम दर्शन करिए:** बाबा विश्वनाथ धाम में अगर आप अपने परिवार के साथ दर्शन करने आए हैं। आप भीड़ के साथ लाइन में नहीं लगना चाहते हैं। तो मंदिर प्रशासन ने सुगम दर्शन की व्यवस्था की है। इसके लिए आपको हेल्प डेस्क ऑनलाइन सुगम दर्शन 300 रूपए देकर कर सकते हैं।

इसके अलावा अगर आपको मंदिर में रुद्राभिषेक, महादेव पूजा एवं अन्य विशेष पूजा करानी हो तो उसके लिए भी आप हेल्प डेस्क से पर्ची कटा कर पूजन करवा सकते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन के तरफ से स्टेटमेंट आया कि एक डोनेशन की रसीद वायरल की गई। लोगों को गुमराह किया गया।

